* ओड़िशा संस्करण

07 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 78

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही










## चंद्रयान-3 के बाद भारत ने रचा एक और इतिहास

# सोलर मिशन आदित्य-एल1 लैग्रेंज प्वाइंट पर पहुंचा

- 126 दिन चला सफर, अब पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर
- दो साल तक सूर्य का अध्ययन करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** चांद पर उतरने के बाद भारत ने एक और इतिहास रच दिया है। सूर्य मिशन पर निकले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के आदित्य एल-1 ने अपनी मंजिल लैग्रेंज प्वाइंट-1 (एल1) पर पहुंच कर एक कीर्तिमान हासिल किया है। इसी के साथ आदित्य-एल 1 अंतिम कक्षा में भी स्थापित हो गया। यहां आदित्य दो वर्षों तक सूर्य का अध्ययन करेगा और महत्वपूर्ण आंकड़े जुटायेगा। भारत के इस पहले सूर्य अध्ययन अभियान को इसरो ने 2 सितंबर को लांच किया था। इसरो का आदित्य-एल1 स्पेसक्राफ्ट 126 दिनों में 15 लाख किमी की दूरी तय करने के बाद शुक्रवार को सूर्य-पृथ्वी के लैग्रेंज पॉइंट 1 (एल1) पर पहुंचा।

**हेलो ऑर्बिट के रूप में जाना जाता:** एल-1 प्वाइंट के आसपास के क्षेत्र को हेलो ऑर्बिट के रूप में जाना जाता है, जो सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के बीच मौजूद पांच स्थानों में से एक है। यहां दोनों पिंडों का गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के बीच साम्यता है। मोटे तौर पर ये वे स्थान हैं, जहां दोनों पिंडों की गुरुत्व शक्ति एक दूसरे के प्रति संतुलन बनाती है। पृथ्वी और सूर्य के बीच इन पांच स्थानों पर स्थिरता मिलती है, जिससे यहां मौजूद वस्तु सूर्य या पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में नहीं फंसती है।



### 18 सितंबर से शुरू कर दिया काम

शुक्रवार को आदित्य एल-1 को अंतरिक्ष में सफर करते हुए 126 दिन पूरे हो गये। अपनी यात्रा शुरू करने के 16 दिन बाद यानी 18 सितंबर से आदित्य ने वैज्ञानिक डाटा एकत्र करना और सूर्य की इमेजिंग शुरू कर दी थी। वैज्ञानिकों को अब तक एल-1 से सौर ज्वालाओं के हाई-एनर्जी एक्स-रे, फुल सोलर डिस्क इमेज मिल चुके हैं। पीएपीए और एएसपीईएक्स के सोलर विंड आयन स्पेक्ट्रोमीटर सहित चार उपकरण फिलहाल सक्रिय हैं और अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। हेलो आर्बिट में पहुंचने के बाद सूईट पेलोड सबसे पहले सक्रिय होगा।

### एल-1 बिंदु 15 लाख किमी है दूर

एल-1 बिंदु पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यह पृथ्वी और सूर्य के बीच की कुल दूरी का केवल एक फीसदी है। दोनों पिंडों की कुल दूरी 14.96 करोड़ किलोमीटर है। इसरो के एक वैज्ञानिक के अनुसार हेलो ऑर्बिट सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के घूमने के साथ-साथ घूमेगा।

### उत्सकुता से देख रही दुनिया

इसरो के इस अभियान को पूरी दुनिया में उत्सुकता से देखा जा रहा है। इसके सात पेलोड सौर घटनाओं का व्यापक अध्ययन करेंगे। वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय को डाटा मुहैया करायेंगे, जिससे सभी सूर्य के विकिरण, कणों और चुंबकीय क्षेत्रों का अध्ययन कर पायेंगे।

### मोदी ने दी बधाई



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। इसरो की इस सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसरो की सराहना करते हुए लिखा कि भारत ने एक और मील का पत्थर हासिल किया। भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल1 अपने गंतव्य तक पहुंच गयी। सबसे जटिल अंतरिक्ष मिशनों में से एक को साकार करने में हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। यह असाधारण उपलब्धि सराहना योग्य है। हम मानवता के लाभ के लिए विज्ञान की नयी सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वह इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करने में देश के साथ शामिल हैं।

### गौरवपूर्ण क्षण : सीएम



रांची (आजाद सपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आदित्य एल-1 के हेलो ऑर्बिट में सफलता पूर्वक पहुंचने पर सभी को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि गौरवपूर्ण क्षण! आज देश का सूर्य मिशन आदित्य एल-1 हेलो ऑर्बिट में स्थापित हो गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इसरो की पूरी टीम को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

## बंगाल में 24 घंटे में दूसरी बार इडी टीम पर हमला

# टीएमसी नेता आढ्या की गिरफ्तारी पर भड़के समर्थक, किया पथराव

- टीएमसी नेता शेख शाहजहां के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी
- इडी की टीम के वाहनों पर पार्टी समर्थकों ने किया पथराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल में 24 घंटे के भीतर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम पर दूसरी बार हमला हुआ है। राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में इडी द्वारा कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना जिले में शुक्रवार देर रात बनगांव नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन सह तृणमूल नेता शंकर आढ्या को गिरफ्तार कर ले जाने के दौरान यह घटना घटी है। इडी के अधिकारी जब तृणमूल नेता को गिरफ्तार कर ले जा रहे थे, तब उनके समर्थकों ने केंद्रीय एजेंसी के वाहनों पर पथराव किया तथा तोड़फोड़ की। महिलाओं को सामने रख कर भारी विरोध प्रदर्शन किया गया। कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गये हैं। इडी काफी मशक्कत के बाद शंकर आढ्या को साल्ट लेक स्थित अपने कार्यालय लेकर आयी। इडी कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। थाने में हमला करनेवालों के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया गया है। उधर, इडी ने टीएमसी नेता शेख शाहजहां के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। सभी एयरपोर्ट को अलर्ट कर दिया है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को जिले के संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर पर छापा मारने पहुंची इडी की टीम पर उनके समर्थकों ने जानलेवा हमला किया था। इस घटना में केंद्रीय एजेंसी के तीन अधिकारी गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। केंद्रीय एजेंसी ने कहा है कि बनगांव में संदेशखाली की तरह ही सुनियोजित तरीके से हमला किया गया है। अगर केंद्रीय बल के जवान सतर्क नहीं रहते तो उसके अधिकारी फिर जानलेवा हमले का शिकार हो जाते। संदेशखाली की घटना में केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि टीएमसी नेता के उकसावे पर हत्या करने के उद्देश्य से उसके अधिकारियों पर हमला किया गया था। इडी ने डीजीपी और एसपी को हमले के फुटेज के साथ इमेल से शिकायत की है।

पुलिस ने संदेशखाली हमले के मामले में तीन एफआइआर दर्ज की है। इस घटना में अब तक 16 लोगों की गिरफ्तार किया है। कई लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं दूसरी ओर टीएमसी नेता शाहजहां शेख के केयरटेकर की ओर से केंद्रीय एजेंसी के खिलाफ ही एफआइआर दर्ज करायी गयी है। शिकायत में कहा गया है कि केंद्रीय एजेंसी ने बिना वारंट के यह तलाशी अभियान चलाया था।


शंकर आढ्या
शेख शाहजहां

### शंकर ने विदेश में की 20 हजार करोड़ से अधिक की लेन-देन : इडी

कोलकाता (आजाद सिपाही)। इडी ने शनिवार को कोलकाता के बैंकशाल कोर्ट में दावा किया कि राशन घोटाले में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के नेता शंकर आद्या ने विदेश में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लेन-देन की।कुल 90 फारेक्स कंपनियों के जरिये लेन-देन हुई हैं। उनमें से 9 से 10 हजार करोड़ रुपये राशन घोटाले में पिछले दिनों गिरफ्तार बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक के हो सकते हैं। ये रुपये दुबई भेजे गये थे। बता दें कि घोटाले में केंद्रीय जांच एजेंसी मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोप है कि इस घोटाले में संगठित गिरोह राशन सामग्रियों को ऊंचे दाम में खुले बाजार में बेचता था।

## न्यूज रील्स

### प्रधानमंत्री मोदी भगवान के जैसे दर्शन देते हैं: खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि मणिपुर में दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी वहां नहीं गये। वह राम मंदिर साइट या समुद्र किनारे पर जाते हैं और फोटो सेशन कराते हैं। वह मुंबई या केरल जाते हैं। हर जगह जाते हैं। आप उनकी फोटो हर जगह देख सकते हैं। वह इस तरह फोटो खिंचवाते हैं, जैसे भगवान दर्शन दे रहे हों, लेकिन ये महापुरुष मणिपुर क्यों नहीं जाता? खड़गे 14 जनवरी से शुरू होनेवाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में यह यात्रा मणिपुर से शुरू होगी।

### चार्जशीट में नाम आने पर बघेल ने तोड़ी चुप्पी

रायपुर। महादेव एप मामले में इडी की ओर से कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में नाम आने पर छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। शनिवार को भूपेश बघेल ने इस मामले में सफाई देते हुए इडी पर कई आरोप लगाये। उन्होंने दावा किया कि आरोपियों पर दबाव बना कर उन्हें फंसाने की साजिश रची जा रही है।

### बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने की अपील

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को यहां एक अदालत से महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में भाजपा सांसद और पूर्व डब्ल्यूएफआइ प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने की अपील की है। पुलिस ने आरोपियों की इस दलील का विरोध किया, क्योंकि कुछ कथित घटनाएं विदेशों में हुईं, इसलिए वे दिल्ली की अदालतों के अधिकार क्षेत्र में नहीं आतीं। दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर बहस पूरी कर ली। कोर्ट में इस मामले की आगे की सुनवाई 20 जनवरी को होगी।

## डीसी, आर्किटेक्ट और प्रेस सलाहकार को इडी का समन

- रामनिवास को 11 और विनोद को 15 जनवरी को बुलाया
- प्रेस सलाहकार को 16 जनवरी को बुलाया गया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को इडी ने समन भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया है। साहिबगंज डीसी को इडी ने पूछताछ के लिए 11 जनवरी को जोनल कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है, वहीं प्रेस सलाहकार को 16 जनवरी को बुलाया गया है। इडी ने चर्चित आर्किटेक्ट विनोद सिंह को पूछताछ के लिए 15 जनवरी को एयरपोर्ट रोड स्थित जोनल कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। उधर, इसी मामले में शुक्रवार को इडी ने पूर्व विधायक पप्पू यादव को समन किया था। उन्हें 9 जनवरी को बुलाया गया है।

गौरतलब है कि 3 जनवरी को इडी ने मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार के आवास, साहिबगंज डीसी के सरकारी आवास समेत कई लोगों के एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान अभिषेक प्रसाद पिंटू के आवास से इडी ने कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किया था, जबकि साहिबगंज डीसी के सरकारी आवास से लगभग आठ लाख रुपये नकद समेत 9 एमएम बोर के 14 गोली, 0.380 एमएम के दो कारतूस और 0.45 पिस्टल के पांच खाली खोखे भी बरामद किये थे। वहीं कारोबारी सह आर्किटेक्ट विनोद सिंह के रांची स्थित आवास से 25 लाख रुपया नकद बरामद किया गया था। इस दौरान इडी ने रोस्पा टॉवर स्थित कार्यालय से कई डिजिटल उपरकण भी जब्त किये थे।

## 'एक देश एक चुनाव' के लिए बनी समिति ने मांगे सुझाव

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** देश में एक साथ चुनाव कराने को लेकर पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में बनायी गयी समिति 'एक देश, एक चुनाव' पर आम लोगों से राय मांगी है। समिति ने इसके लिए सार्वजनिक नोटिस जारी किया है। इसमें 15 जनवरी तक सुझाव मांगे गये हैं। समिति ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा ढांचे में उचित बदलाव करने के लिए आम जनता से लिखित रूप में सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। आम लोगों से मिले सुझाव को विचार के लिए समिति के सामने रखा जायेगा। समिति ने सुझाव देने के लिए एक वेबसाइट और इमेल एड्रेस जारी किया है। लोग onoe.gov.in पर पोस्ट कर सकते हैं, या फिर sc-hlc@gov.in पर इमेल से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।






# ज्ञानव्यापी मामला: चार सप्ताह तक सार्वजनिक नहीं होगी सर्वे रिपोर्ट

- अदालत ने एएसआइ का आवेदन स्वीकार किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर से संबंधित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के मामले में शनिवार को जिला अदालत से आदेश आ गया है। वाराणसी जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने एएसआइ का आवेदन स्वीकार कर लिया है, जिसमें टीम ने चार सप्ताह तक रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करने की अपील की थी।



बता दें कि एएसआइ ने जिला जज की अदालत में आवेदन देकर कहा कि चार सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जाये। क्योंकि इलाहाबाद हाइकोर्ट ने वर्ष 1991 के लंबित वाद लार्ड विश्वेश्वर मामले में भी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ऐसे में द्वितीय प्रति तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए समय दिया जाये और रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जाये।

एएसआइ ने जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दो सील बंद लिफाफों में ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल की है।

रिपोर्ट की मांग हिंदू के साथ ही मुस्लिम पक्ष ने भी की है। हिंदू पक्ष ने रिपोर्ट की प्रति तत्काल दिये जाने का अनुरोध किया था। मुस्लिम पक्ष ने पहले आपत्ति जतायी थी, फिर इमेल आइडी देकर रिपोर्ट मांगी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW



# सीट शेयरिंग शुरू होते ही सामने आयी इंडी अलायंस की गांठ

## ■ महाराष्ट्र से पश्चिम बंगाल तक कांग्रेस को पार्टनर ही बता रहे हैं औकात

## ■ बिहार में तो जदयू-राजद के बीच फंस कर कराह भी नहीं पा रही है कांग्रेस

## ■ झारखंड में झामुमो और कांग्रेस में सम्मानजनक हो सकता है समझौता

**आजाद सिपाही विशेष**

**लोकसभा चुनाव से पहले सीट शेयरिंग के फॉर्मूले को लेकर इंडी गठबंधन का गणित बैठ नहीं पा रहा है। गणित बैठाया भी जा रहा है, तो वह कांग्रेस के लिए मुसीबत बन रहा है। कांग्रेस का यह हाल हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव हारने के बाद शुरू हुआ है। हालत यह है कि उसके सहयोगी अब उसे ज्यादा तबज्जो देने के मूड में दिखाई नहीं दे रहे हैं। इसका असर यह है कि कांग्रेस को बिहार, उत्तरप्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब और दिल्ली में इंडी गठबंधन के साथी उम्मीद से कम सीटें ऑफर कर रहे हैं। यह हाल उस राष्ट्रीय पार्टी का हो चला है, जिसने 1984 के लोकसभा चुनाव में 404 सीटें जीत कर रिकॉर्ड बनाया था। अब कांग्रेस राज्यों में गिनी-चुनी सीटें मांग रही है, उसे भी सहयोगी दलों की ओर से दरकिनार किया जा रहा है। कांग्रेस के सामने असमंजस यह है कि वह क्षेत्रीय दलों के प्रस्तावों को ठुकराने की स्थिति में नहीं है। अगर वह क्षेत्रीय दलों के प्रस्ताव को ठुकरा कर अकेले दम पर चुनाव में उतरती है, तो अव्वल तो इंडी गठबंधन ही खत्म हो जायेगा और दूसरा कांग्रेस के बाकी बचे वोट बैंक में दो फाड़ हो जायेगा और कई राज्यों में उसे मुंह की खानी पड़ सकती है। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने तो कांग्रेस को दो सीटों का ऑफर दिया है, लेकिन कांग्रेस आठ सीटों की डिमांड कर रही है। अधीर रंजन ने तो यहां तक कह दिया है कि भीख किसे चाहिए। वहीं बिहार में नीतीश और लालू ने भी कांग्रेस को दो सीटों का ऑफर दिया है। वहां भी कांग्रेस आठ सीटों की डिमांड कर रही है। पंजाब जैसे राज्य में स्थानीय नेता किसी तरह के गठबंधन को खुदकुशी मान रहे हैं, फिर भी केंद्रीय नेतृत्व खामोश है। झारखंड, महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश में भी कांग्रेस को समझौता करना पड़ेगा। क्या होगा सीट शेयरिंग फार्मूला में कांग्रेस का गणित, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



गुरुवार को दिल्ली में कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई, जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति पर चर्चा हुई। घोषणा पत्र और सीट बंटवारे पर भी पार्टी नेताओं ने बात की। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष ने जीत की संभावना वाली 255 सीटों पर फोकस करने की सलाह दी। यदि ऐसा हुआ, तो आजादी के बाद से यह पहला मौका होगा, जब कांग्रेस इतनी कम सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

इसके अलावा कांग्रेस की बैठक में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को अंतिम रूप दिया गया। फिर राज्य इकाइयों से सीटों की संख्या मांगी गयी। कांग्रेस की चर्चा से पहले ही इंडी गठबंधन के घटक क्षेत्रीय दल अपने हिस्से की दावेदारी क्लियर कर चुके हैं। बिहार में नीतीश कुमार, झारखंड में हेमंत सोरेन और महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) अपने पत्ते खोल चुकी है। पश्चिम बंगाल में सीटों के बंटवारे को लेकर टीएमसी की ओर से दिये गये दो सीटों के प्रस्ताव से अधीर रंजन चौधरी भी भड़क गये हैं।

### राज्यों में कहां फंस रही है कांग्रेस

असम, कर्नाटक, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कांग्रेस अपने दम पर चुनाव लड़ सकती है। मगर इंडी गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस को गुजरात में आम आदमी पार्टी के साथ सीट शेयरिंग करनी पड़ेगी। राजस्थान, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी समाजवादी पार्टी हिस्सेदार बन सकती है। सबसे बड़ा पेंच 42 सीट वाले पश्चिम बंगाल, 40 सीट वाले बिहार, 80 लोकसभा सीटों वाले उत्तरप्रदेश और 48 सीटों वाले महाराष्ट्र में फंसा है। झारखंड की 14 सीटों, पंजाब की 17 सीटों और दिल्ली की सात सीटों पर भी पेंच फंसा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस बिहार की नौ सीटों पर लड़ी थी और सिर्फ एक सीट पर जीत मिली थी। कांग्रेस ने झारखंड में सात और महाराष्ट्र की 25 लोकसभा सीट पर उम्मीदवार खड़े किये थे। बंगाल में पार्टी 42 सीटों पर लड़ी, मगर दो सीट ही जीत सकी थी। अब इंडी गठबंधन के सहयोगी दल 2019 लोकसभा चुनाव में हार-जीत के आधार पर सीट शेयरिंग का फार्मूला लेकर आये हैं, जो कांग्रेस को ज्यादा परेशान कर रही है।

### बंगाल और बिहार में आठ सीटें आयेंगी कांग्रेस के हिस्से !

पचिम बंगाल में कांग्रेस ने सिर्फ मुर्शिदाबाद और मालदा में जीत हासिल की थी, इसलिए ममता बनर्जी ने दो सीटें ऑफर की हैं। कांग्रेस बंगाल की आठ से 10 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। ममता बनर्जी पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि टीएमसी इंडी गठबंधन में बनी रहेगी, मगर पश्चिम बंगाल में वह अकेले भाजपा का मुकाबला करेगी। उनके इस बयान से अधीर रंजन भड़क गये और कहा कि टीएमसी से भीख मांगने कौन गया है? उन्होंने ममता बनर्जी पर नरेंद्र मोदी की सेवा करने का आरोप भी जड़ दिया था। चर्चा है कि अब टीएमसी कांग्रेस को चार सीट देने पर विचार कर रही है, जो कांग्रेस की उम्मीद से काफी कम है। ऐसा ही हाल बिहार में है, जहां कांग्रेस ने आठ सीटों पर दावेदारी की है, जबकि इंडी गठबंधन के संयोजक पद पर दावा ठोकने वाला जदयू अपने हिस्से में बिहार की 18 लोकसभा सीटें रखना चाहता है। अभी यह चर्चा चल रही है कि जदयू और राजद 18-18 सीटों पर चुनाव लड़ेगा और बाकी बची चार सीटें कांग्रेस और लेफ्ट के लिए छोड़ी जायेंगी। इस लिहाज से कांग्रेस के खाते में दो सीटें ही आयेंगी या फिर कांग्रेस को यह कहने की तैयारी है कि उसके लिए चार सीटें छोड़ी गयी हैं, और वही तय कर ले कि इन चार सीटों पर वह खुद कितनी पर लड़ेगी और लेफ्ट को कितनी देगी। कुछ दिन पहले बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने साफ कर दिया था कि बिहार कांग्रेस आठ से नौ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। लेकिन सच्चाई यह है कि बिहार में कांग्रेस राजद और जदयू के रहमोकरम पर है। यहां कांग्रेस बारगेनिंग करने की स्थिति में नहीं है।

### नीतीश इज अनप्रेडिक्टेबल

हालांकि अंतिम समय में अगर नीतीश कुमार का मन बदल जाये, तो कुछ कहा नहीं जा सकता, क्योंकि वह पूरी तरह अनप्रेडिक्टेबल माने जाते हैं। कुछ दिनों से बिहार की राजनीति उठापठक और संशय के दौर से गुजर रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बिहार के सीएम नीतीश कुमार इंडी गठबंधन में असहज महसूस कर रहे हैं? आखिर क्यों उनके सबसे पुराने विश्वासी ललन सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की कुर्सी नीतीश के लिए खाली कर दी? क्या वह भाजपा के साथ दोबारा गठबंधन कर सकते हैं? लेकिन असल बात क्या है। जनता दल यूनाइटेड के नेता ने बताया कि जहां चर्चा चल रही है, वहां कोई बात नहीं है और जहां कोई चर्चा नहीं चल रही है, असल बात वहीं है। कुल मिला कर यूं समझिये कि खेल बहुत बड़ा है और सबको यही लग रहा है कि वही सियासत का भगवान है। लेकिन यह भी तय है कि जो लिखा है, वही होगा। हाथ पैर मारने से कुछ नहीं होगा।

### झारखंड से कांग्रेस को उम्मीद

झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 11 सीटों पर जीत मिली थी, जबकि गिरिडीह सीट आजसू के खाते में गयी थी, एक राजमहल सीट झामुमो और सिंहभूम की एक सीट कांग्रेस के खाते में गयी थी। वहीं झारखंड में कांग्रेस ने इस बार सात से आठ सीटों पर चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की है, जबकि झामुमो ने भी आठ सीटों की मांग रख दी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सात सीटों पर लड़ी थी, जबकि झामुमो ने चार पर, झाविमो ने दो पर और राजद ने एक सीट पर प्रत्याशी दिया था। इसके छह महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 16 विधायक जीत कर आये थे। उस लिहाज से देखा जाये तो कांग्रेस ऐसी मांग कर सकती है, लेकिन झामुमो इस बारे में क्या सोच रखता है, यह तो आनेवाला समय तय करेगा। 2019 के लोकसभा का ट्रैक रिकॉर्ड अगर देखा जाये, तो झामुमो और कांग्रेस ने एक-एक सीट पर ही बाजी मारी थी। हो सकता है कि यहां कांग्रेस को कम झटका लगे, लेकिन चुनावी परिणाम में उसे झटका लग सकता है।

### महाराष्ट्र में 48 सीटें, चार दावेदार, शिवसेना 23 सीटों पर अड़ी

महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) ने 23 सीटों पर दावा ठोंका है, जबकि कांग्रेस 20 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। वहां इंडी गठबंधन के तीसरे सहयोगी शरद पवार गुट की एनसीपी और वंचित बहुजन अघाड़ी भी है। महाराष्ट्र में कांग्रेस को अधिकतम 15 सीटों से संतोष करना पड़ सकता है। जम्मू-कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों पर कांग्रेस ने दो सीटों पर चुनाव लड़ने की ख्वाहिश जाहिर की है। नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी पहले ही तीन-तीन सीटों पर अड़ी है। कांग्रेस ने तमिलनाडु में आठ और केरल में 16 लोकसभा सीटों पर दावा ठोंका है। सबसे बड़ा पेंच दिल्ली और पंजाब में फंसा है। कांग्रेस दिल्ली में तीन और पंजाब में छह लोकसभा सीट की मांग कर रही है। पार्टी की राज्य इकाइयां आम आदमी पार्टी से गठबंधन के पक्ष में नहीं हैं। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी के नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 'एक थी कांग्रेस' वाला बयान देकर संकेत दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, आम आदमी पार्टी पंजाब की 10 और दिल्ली की सभी सात सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। अगर सीट शेयरिंग पर जल्द फैसला नहीं होता है, तो आम आदमी पार्टी अपने कैंडिडेट की घोषणा कर देगी।

### उत्तरप्रदेश में क्या होगा कांग्रेस का गणित, अखिलेश करेंगे तय

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले कमलनाथ ने 'अखिलेश-वखिलेश को छोड़ो' वाला बयान दिया था। तब समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के रवैये पर नाराजगी जाहिर की थी। अब यूपी में अखिलेश यादव सीट बंटवारे को लेकर पत्ते फेंट रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने साफ किया है कि वह 65 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि कांग्रेस और आरएलडी के लिए 15 सीटें छोड़ेगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन ने चार सीटों पर कांग्रेस के खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारे थे। कांग्रेस उत्तरप्रदेश में 21 सीटों पर दावेदारी कर रही है, जो उसने 2009 में जीती थी। 2014 के चुनाव में अखिलेश यादव ने बीएसपी को 38 सीटें दी थीं, मगर अब कांग्रेस को 15 सीट देने को राजी नहीं है। कांग्रेस ने पिछले चुनाव में 70 सीटों पर कैंडिडेट उतारे थे, मगर रायबरेली की एक सीट ही जीत सकी थी। 2017 के विस चुनाव के बाद कांग्रेस के गठबंधन तोड़ने पर अखिलेश यादव ने कहा था कि सपा के वोट कांग्रेस को ट्रांसफर हो जाते हैं, लेकिन कांग्रेस का वोट सपा को नहीं मिलता है। कांग्रेस के साथ गठबंधन से सपा को कोई फायदा नहीं होता है।

राज्यों के इन हालातों में इंडी अलायंस के सीट शेयरिंग की नाव डगमगा रही है। चुनाव की घोषणा होने तक यह या तो खुद तैर कर किनारे लग जाये या फिर भंवर में डूब जाये।

---

# 'श्रीराम ही हमारे पूर्वज', अयोध्या से 'रामज्योति' लेने के लिए निकलीं काशी की मुस्लिम महिलाएं

**अयोध्या** में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इससे पहले ही महादेव की नगरी काशी से मुस्लिम महिलाओं का एक समूह राम नाम की अखंड ज्योति लेकर अयोध्या के लिए निकल पड़ा है। महिलाओं ने यह यात्रा भगवा वस्त्र पहनकर शुरू की। बताया जा रहा है कि ये मुस्लिम महिलाएं अयोध्या पहुंचकर राम ज्योति को प्रज्ज्वलित करेंगी और फिर इसे लेकर काशी लौटेंगी। 22 जनवरी को इसी ज्योति से मुस्लिमों के घर भी दीये जलाये जायेंगे।



नाजनीन अंसारी और नजमा परवीन ने प्रण लिया था कि वह अयोध्या से रामज्योति लाकर घरों को रोशन करेंगी। नाजनीन अंसारी मुस्लिम महिला फाउंडेशन की अध्यक्ष हैं। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद ही उन्होंने ऐसा करने का संकल्प लिया था। इस ज्योति के माध्यम से वह काशी के मुसलमानों से भी 22 जनवरी को उत्सव मनाने की अपील करेंगी।

नाजनीन अंसारी का मानना है कि सभी भारतीय श्री राम के ही वंशज हैं और किसी भी भारतीय का डीएनए अलग नहीं है। वह मुस्लिम इलाकों में दीये जलाने की अपील करेंगी। इससे पहले भी वह राम नवमी और दिवाली के मौके पर उत्सव मनाती रही हैं। नाजनीन और नजमा की इस यात्रा को काशी के डोमराज ओम चौधरी और पातालपुरी मठ के महंत बालक दास ने रवाना किया। वहीं अयोध्या में महंत शंभू देवाचार्य इन महिलाओं को ज्योति सौंपेंगे।

जानकारी के मुताबिक शनिवार को यात्रा शुरू हो गयी है और रविवार को महिलाएं काशी वापस आ जाएंगी। वे अयोध्या की पवित्र मिट्टी और सरयू के जल को भी काशी लेकर पहुंचेंगी। 21 जनवरी को राम ज्योति का वितरण शुरू हो जायेगा। बता दें कि नाजनीन ने बीएचयू से ही पढ़ाई की है और उन्होंने श्रीरामचरित मानस और हनुमान चालीसा का उर्दू में अनुवाद भी किया है। महंत बालकदास उनके गुरु हैं। वह राम पथ नामक संगठन से जुड़ी हैं। नाजनीन का कहना है कि श्रीराम ही उनके पूर्वज हैं। धर्म परिवर्तन करवाकर भी पूर्वजों को नहीं बदला जा सकता।

### मुस्लिम महिलाओं ने रामलला के लिए बनाये वस्त्र

बरेली की पहचान जरी जरदोही से है। बरेली की मुस्लिम महिलाओं ने रामलला के लिए वस्तर तैयार किये हैं। मेरा हक फाउंडेशन की अध्यक्ष फरहत नकवी के नेतृत्व में मुस्लिम महिलाओं ने राम मंदिर निर्माण के लिए चंदा भी इकट्ठा किया था। महिलाओं का कहना है कि वे सहयोग राशि और वस्त्र लेकर अयोध्या जायेंगी और भाईचारे का संदेश देंगी।

### श्रीराम के दर्शन करने मुंबई से पैदल निकली मुस्लिम युवती

मुंबई से एक मुस्लिम युवती राम लला के दर्शन करने पैदल ही निकल पड़ी है। शबनम का कहना है कि वह 1425 किलोमीटर की दूरी तय करके अयोध्या पहुंचेंगी। वह एक दिन में 25 से 30 किलोमीटर का सफर कर रही है। 21 दिसंबर को ही वह यात्रा शुरू कर चुकी है। शबनम का कहना है कि राम भक्ति के लिए हिंदू होना जरूरी नहीं है।

---

### साल 2023 में सबसे ज्यादा भारतीय पहुंचे मालदीव

# पीएम मोदी ने यूं ही नहीं खेला 'लक्षद्वीप कार्ड', मुइज्जू को भारी पड़ेगा चीन प्रेम

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने नये साल की शुरुआत में लक्षद्वीप का दौरा किया। इसके बाद अब लोगों की इसमें रुचि बढ़ गयी है। इसका घरेलू पर्यटन पर बड़ा असर पड़ सकता है। इतना ही नहीं चीन की ओर झुके मालदीव को भी एक करारा जवाब मिल सकता है। दरअसल मालदीव में सबसे बड़ा उद्योग मछली पालन और टूरिज्म है। यहां जाने वाले टूरिस्ट में सबसे ज्यादा संख्या भारतीयों की है। पीएम मोदी का मालदीव जाना भारत से जाने वाले टूरिस्ट को डायवर्ट कर सकता है।



साल 2023 में 209,198 भारतीय टूरिस्ट मालदीव पहुंचे। वहीं रूसी लोग मालदीव जाने वाले दूसरे सबसे बड़े टूरिस्ट हैं। साल 2023 में रूस से 209,146 टूरिस्ट मालदीव पहुंचे। मालदीव के टूरिज्म में भारत और रूस का प्रतिशत 11.1 ही है। हालांकि चीन से आने वाले टूरिस्ट की संख्या में अचानक एक बड़ा उछाल देखने को मिला है। मालदीव पहुंचने वालों में चीन के टूरिस्ट तीसरे नंबर पर रहे। 2022 की रैंकिग के हिसाब से चीनी टूरिस्ट संख्या में 27वें नंबर पर थे।

**लक्षद्वीप जाने से जुड़े सर्च बढ़े :** पीएम मोदी ने 2 और 3 जनवरी को अपनी यात्रा के दौरान कई विकास परियोजनाओं के साथ-साथ कोच्चि-लक्षद्वीप द्वीप समूह सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन का उद्घाटन किया। हालांकि इससे ज्यादा पीएम मोदी की तस्वीरें चर्चा में रहीं। स्नॉर्कलिंग, अछूते सफेद रेत वाले तट पर चलना अब पूरी दुनिया में सुर्खियां बटोर रही है। लक्षद्वीप से जुड़े गूगल सर्च में उनकी यात्रा के बाद बढ़ोतरी हुई है। गूगल ट्रेंड्स से पता चलता है कि लक्षद्वीप कैसे पहुंचें, दिल्ली से लक्षद्वीप, और लक्षद्वीप के लिए उड़ान जैसे सर्च बढ़ गये हैं।

# खादी-सरस महोत्सव का सीएम आज करेंगे उद्घाटन

- महोत्सव में खादी के परिधानों में 25 प्रतिशत और वस्त्रों में 20 प्रतिशत की मिलेगी छूट
- झारखंड के प्रमुख फैब्रिक्स के नाम पर होंगे सेक्शन
- महात्मा गांधी की जीवनी पर आधारित होगा गांधी संग्रहालय
- राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में 8 सेक्शन में कुल 300 स्टॉल होंगे
- मुख्य स्टेज सभागार झारखंड के वीर पुत्र बिरसा मुंडा के नाम पर
- एडवेंचर के लिए महोत्सव में एम्यूजमेंट पार्क भी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2023-24 का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही यह महोत्सव आम लोगों के लिए पूरे 6 दिनों तक चालू रहेगा। उक्त बातें शनिवार को झारखंड बोर्ड के सीइओ राखाल चंद्र बेसरा ने प्रेस कांफ्रेंस में कहीं।

**गांधी यात्रा कार्यक्रम से महोत्सव की होगी भव्य शुरुआत :** खादी बोर्ड के सीइओ श्री बेसरा ने बताया इस बार कार्यक्रम की शुरुआत नृत्य नाटिका गांधी यात्रा की प्रस्तुति से होगी जो की कला संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

सरकारी स्टॉल्स जिनमें एसबीआइ, जेएसएलपीएस, मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग, झारक्राफ्ट, झारखंड हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प निदेशालय एवं अन्य सरकारी स्टॉल भी शामिल हैं। राखाल चंद्र बेसरा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही आम जनों के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी महोत्सव में दी जायेगी। महोत्सव में लगभग 120 स्टॉल सरस की ओर से लगाये जायेंगे वहीं यूआइडी, मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग, रेशम हस्तकरघा और हस्तशिल्प निदेशालय, झारक्राफ्ट एवं अन्य सरकारी स्टॉल भी शामिल हो रहे हैं।

**ऑन द स्पॉट हेल्थ चेकअप कैंप :** श्री बेसरा ने बताया कि महोत्सव में हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से लोगों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप की भी व्यवस्था रहेगी।

**8 सेक्शन में कुल 300 स्टॉल:** श्री बेसरा ने बताया कि खादी एवं सरस महोत्सव में 8 सेक्शन के कुल 300 स्टॉल हैं, जिसमें खादी और सरस से जुड़े स्टॉल भी शामिल हैं। इस बार झारखंड के प्रमुख फैब्रिक्स के नाम पर सेक्शन होंगे। इसमें मायसाड़ी, कुखना, वीरू, बेतरा, करया, संथाली, पड़ीया, पिंदना।

**महात्मा गांधी की जीवनी पर आधारित होगा गांधी संग्रहालय :** खादी की असली पहचान महात्मा गांधी से है। इसलिए इस बार भी राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव महात्मा गांधी को समर्पित करते हुए महात्मा गांधी के जीवन के पहलुओं को समेटे हुए गांधी संग्रहालय बनाया गया है। यह संग्रहालय महात्मा गांधी के विचार और उनका खादी के प्रति लगाव को दिखायेगा।




## मुख्य स्टेज सभागार बिरसा मुंडा के नाम

श्री बेसरा ने कहा कि जितने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम 07 जनवरी से 12 जनवरी 2024 तक आयोजित किये जायेंगे जिसमें पारंपरिक लोक नृत्य, गायन एवं वादन, हिंदी गायन, नृत्य नाटिका आधुनिक फोक गायन एवं बैंड शामिल होंगे। वे सभी मुख्य स्टेज पर होंगे। जिसका नाम झारखंड के वीर पुत्र बिरसा मुंडा के नाम रखा गया है।

# अंजय श्रीवास्तव होंगे होटवार के नये जेलर

रांची (आजाद सिपाही )। गढ़वा जेल के जेलर अंजय श्रीवास्तव को होटवार जेल का नया जेलर बनाया गया है। जेल से प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी और अन्य संपादकों को धमकी देने के मामले में होटवार जेल के वर्तमान जेलर प्रमोद कुमार समेत तीन लोगों को शुक्रवार को सस्पेंड कर दिया गया था। इस संबंध में कारा निरीक्षणालय ने आदेश जारी किया है। अंजय श्रीवास्तव को गढ़वा जेल से विरमित कर दिया गया है। बता दें कि इसके पहले अंजय श्रीवास्तव जमशेदपुर के साकची जेल के बड़ा बाबू थे, तो उसके बाद घाघडीह जेल के असिस्टेंट जेलर और जेलर भी रहे। इसके अलावे वह गिरिडीह और खूंटी जेल के भी जेलर रहे हैं।

# विदेश मंत्रालय की उप सचिव मिलीं मुख्यमंत्री से



विदेश मंत्रालय की उप सचिव वीणा प्रभा तिर्की ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। वह झारखंड से हैं और 2014 से भारतीय विदेश सेवा में हैं। उन्होंने अपनी पिछली पोस्टिंग में मॉस्को में भारतीय दूतावास में काम किया है।

# राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# हेमंत सरकार ने गरिमा खत्म कर दी, विदाई तयः सुदेश




झारखंड अपना परिचय खो रहा, बिगड़े हालात से उबारना है

पतरातू में आजसू केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह में पदाधिकारियों को किया लामबंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार ने अपनी गरिमा खत्म कर दी है। इस साल सरकार की विदाई तय है। राज्य अपना परिचय खो रहा है। इस बिगड़े हालात से राज्य को उबारने की बड़ी जिम्मेदारी आजसू पार्टी पर है।

पतरातू लेक रिसोर्ट में आयोजित पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह में आजसू प्रमुख ने ये बातें कहीं। पार्टी के महाधिवेशन के बाद गठित नयी केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह में सुदेश कुमार महतो ने सरकार के कार्यकलाप पर जम कर हमला बोला। साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों को उनकी जवाबदेही से आगाह कराते हुए कहा कि सत्ता का दुरुपयोग करने वाली सरकार को सत्ता से बेदखल करने की बड़ी जिम्मेदारी आजसू पर है। शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय समिति, केंद्रीय कार्यकारिणी समेत सभी इकाई के छह सौ पदाधिकारी शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार गैर जवाबदेह और सिस्टम जीरो है। चारों तरफ अराजकता है। लोग यही मान रहे हैं कि राज्य नेतृत्वविहीन है। राज्य में सारा पद गैर जिम्मेदाराना हो गया है। दूसरे कई राज्य विकास और जनता के प्रति जवाबदेही में आगे बढ़ रहे और झारखंड अपना परिचय खो रहा है।

## चुनावी साल है, एक दिन भी खाली नहीं रहें कार्यकर्ता

आजसू प्रमुख ने पदाधिकारियों से कहा कि यह चुनावी साल है। एक दिन भी खाली नहीं बैठना है। जनता बड़ी उम्मीदों से आजसू की तरफ देख रही है। हमने अपना एजेंडा महाधिवेशन में तय कर दिया है। पदाधिकारियों को उन एजेंडों को साकार करना है। दो महीने के अंदर एक लाख पदेन पदाधिकारी बनाने का लक्ष्य पूरा करेंगे। हर ब्लॉक में 25 सदस्यीय क्विक एक्शन फोर्स का गठन किया जायेगा, जो हेल्पडेस्क के माध्यम से स्थानीय लोगों की समस्याओं और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करेगी।

## अबुआ आवास योजना छलावा

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि अबुआ आवास योजना महज छलावा है। पूरे राज्य में लाखों लोगों ने आवेदन दिया है। लेकिन हर पंचायत में 40 लोगों को ही आवास मिलना है। शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक आधार पर मूल्यांकन कर पिछड़ों को आरक्षण देने में सरकार विफल रही है।

## इन्होंने भी किया संबोधित

शपथ ग्रहण समारोह को पार्टी के गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, सुनिता चौधरी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, उमाकांत रजक, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, महासचिव रोशनलाल चौधरी ने भी संबोधित किया।

# हटिया से चलने वाली दो ट्रेनें दस तक रद्द

रांची (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जायेगा। इसके कारण रांची रेल मंडल से परिचालित कुछ ट्रेनें प्रभावित की गयी हैं। इस संबंध में रांची रेल मंडल की ओर से सूचना जारी की गयी है। इसमें ट्रेन संख्या 18035 और 18036 खड़गपुर-हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा दस जनवरी को आद्रा-हटिया के बीच परिचालन रद्द रहेगा। ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन की यात्रा आठ, 10, 12 और 13 जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला, मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडा बिहार, मूरी होकर चलेगी।

# राज्य सरकार पिछड़ा वर्ग विरोधीः सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सांसद आदित्य साहू ने शनिवार को राज्य सरकार पर निशाना साधा। कहा कि हेमंत सरकार पिछड़ा विरोधी सरकार है। कांग्रेस, झामुमो, राजद के ठगबंधन का चरित्र ही पिछड़ा विरोधी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वर्षों तक पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया। इसमें इनकी पिछड़ा विरोधी मानसिकता ही शामिल था। ये परिवार की सत्ता चलाने वाली सोच की पार्टियां हैं। इसलिए इन्हें पिछड़ा समाज के हित की चिंता नहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का नाटक करने वाली सरकार ने पंचायत चुनाव में पिछड़ों के हक पर डाका डाला। आगे यह सरकार निकाय चुनाव भी बिना पिछड़ों को आरक्षण दिये कराने की मंशा रखती है।

उन्होंने कहा कि आखिर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद हेमंत सरकार ट्रिपल टेस्ट क्यों नहीं करा रही। एक तरफ यह सरकार 27 प्रतिशत आरक्षण देने का ढोंग करती है, तो दूसरी ओर प्राप्त आरक्षण को भी छीनना चाहती है। हेमंत सरकार के कैबिनेट से पारित प्रस्ताव का अब तक क्या हुआ, जिसमें पिछड़ा वर्ग आयोग से ट्रिपल टेस्ट का प्रस्ताव पारित हुआ। सच्चाई यह है कि आज तक पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति यह सरकार नहीं कर पायी है।

# गीता कोड़ा मामले में पीड़क कार्रवाई पर रोक

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आर्थिक अपराध से जुड़े एक मामले में आरोपित सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा पर रांची के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी केके मिश्रा की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने अगले आदेश तक पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। आयकर विभाग की ओर से आर्थिक अपराध के तहत गीता कोड़ा के खिलाफ 2009-10 में आयकर रिटर्न नहीं भरने और सही जानकारी नहीं देने को लेकर 2012 में केस दर्ज किया था। इसी मामले में गीता कोड़ा ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। इसी याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने गीता कोड़ा पर अगली सुनवाई तक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। केस दर्ज होने के बाद गीता कोड़ा झारखंड हाइकोर्ट गयी थीं, जहां लगभग पांच साल तक स्टे लगा रहा। स्टे खत्म होने के बाद गिरफ्तारी को देखते हुए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गयी है।

# झारखंड में पार्टी को मजबूत करना लक्ष्य : डॉ अशोक चौधरी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 21 जनवरी को रामगढ़ में होगी जनसभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बिहार के भवन निर्माण मंत्री एवं झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव और दूसरे राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस को और मजबूती के साथ गठबंधन में अपना दायित्व निभाना होगा। इंडिया गठबंधन के पार्टनर के साथ चुनाव प्रचार करते तो चार राज्यों में चुनाव परिणाम कुछ और होतस। नीतीश कुमार ने सभी को एकजुट किया है। डॉ अशोक चौधरी रांची में पार्टी कार्यकर्ताओं के मंथन शिविर के बाद शनिवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में 2024 में होनेवाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए जनता दल यूनाइटेड ने अपनी तैयारियों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। 21 जनवरी को बिहार के मुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख नीतीश कुमार रामगढ़ आयेंगे। यहीं से झारखंड में चुनावी शंखनाद होगा। विधानसभा और लोकसभा में अच्छा रिजल्ट पार्टी लायेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद किसी दूसरे राज्य में नीतीश कुमार की यह पहली जनसभा होगी। यह अवसर प्रदेश जदयू को मिला है। नीतीश के कार्यक्रम में पचास हजार लोग जुटेंगे। 21 जनवरी की सभा झारखंड में जदयू और जदयू कार्यकर्ताओं का भविष्य तय करेगी। निश्चित ही झारखंड में पार्टी का संगठन मजबूत हुआ है, बड़ी लड़ाई के लिए कार्यकर्ता और मेहनत करें और समूह बड़ा बनायें। चौधरी ने कहा कि इडी और सीबीआइ को देश की जनता के समक्ष अपनी बात रखनी चाहिए, जिस तरह से उनके ऊपर सवाल खड़े हो रहे हैं, यह कहीं ना कहीं देश की व्यवस्था को खराब कर सकता है। राम मंदिर में आमंत्रण के सवाल पर उन्होंने कहा कि राम मंदिर सभी का है, जिसको जब मन होगा, वहां पर लोग जायेंगे। कोई पूर्णिमा में जायेगा, कोई एकादशी में जायेगा। 22 जनवरी को अयोध्या जाना कोई जरूरी नहीं। दुख इस बात का है कि भगवान राम को कुछ राजनीतिक पार्टियों ने इसे राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। जदयू के प्रदेश सह-प्रभारी मनोज यादव ने कहा कि जदयू जिस मजबूती के साथ विधानसभा में मौजूद थी, उसी मजबूती के साथ हमें पार्टी की सामाजिक न्याय की विचारधारा को अब प्रदेश से लेकर पंचायत तक, खेत-खलिहान-जंगल जमीन तक ले जाना है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष -सह-राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने कहा कि नीतीश जोहार यात्रा ऐतिहासिक होगी। 2024 की बदलाहट की अगुवाई झारखंड करेगा। नीतीश जोहार यात्रा के मार्फत रामगढ़ जिला की शहादत की नमक अदायगी पार्टी करेगी। इस मौके पर डॉ आफताब जमील, अशोक चौधरी, सागर कुमार, डॉ विनय भरत, सुशील सिंह, पिंटू सिंह, संजय सिंह, उपेंद्र सिंह, भगवान सिंह, आशा शर्मा, रत्ना शर्मा, पुष्पा देवी, विरेंद्र पासवान, रमाकांत मंडल, लालचन महतो, प्रभु दयाल कुशवाह, ज्योतिर्मय साहू, कृष्णा घटवार, अर्जुन कुमार मेहता, डॉ राजनारायण सिंह पटेल, कुमेश्वर महतो, रंजन कुमार, रामजी प्रसाद समेत अन्य मौजूद थे।

# विकसित भारत यात्रा से लोगों को फायदाः संजय सेठ

## केंद्र की योजनाओं का लाभ वंचित लोगों तक पहुंचाना लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** डोरंडा मंडल के अंतर्गत वार्ड 36 के डिबडीह और हरमू मंडल में विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम हुआ। इसकी अध्यक्षता डोरंडा मंडल के अध्यक्ष पप्पू वर्मा ने की। इस अवसर पर हटिया के विधायक नवीन जयसवाल उपस्थित थे। सांसद संजय सेठ ने कहा कि विकसित भारत यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाना और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ संकल्प यात्रा का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाया जा रहा है। यह यात्रा देश भर के सभी वार्ड, ग्राम पंचायत तक चलाया जा रहा है। जहां अंतिम व्यक्ति तक केंद्र के योजना का लाभ लोगों तक पहुंचे, जो अब तक विकास और केंद्र की योजनाओं का लाभ जिन्हें नहीं प्राप्त हो सका है। यात्रा का उद्देश्य हर विभाग को जोड़ना, हर एक व्यक्ति को घर अनाज, रसोई गैस मिलना है। क्विज प्रतियोगिता के साथ सभी लोगों के बीच कैलेंडर और विकास पुस्तिका का वितरण किया गया। मौके पर केके गुप्ता, वरुण साहू, सीमा शर्मा, बीके विजय, जय मसीह तिग्गा, इंद्रजीत यादव, पूर्व पार्षद अरुण झा, अर्जुन राम, अजय गिरी, निर्भय सिंह, रिंकू तमांग, नम्रता सोनी, आयुष गुप्ता, रेखा देवी, पंकज श्रीवास्तव, सुशीला कुजूर, शीला कुजूर समेत अन्य उपस्थित थे।

# पत्थर व्यवसायी के पुत्र अंकुश यादव को मिली जमानत

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट से साहिबगंज में गंगा घाट पर फेरी चलने के टेंडर से संबंधित गोलीबारी मामले में पत्थर व्यवसायी प्रकाश चंद्र यादव उर्फ मुंगरी यादव के पुत्र अंकुश यादव उर्फ अंकुश राजहंस को शनिवार को जमानत मिल गयी। कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की। मामले को लेकर साहिबगंज मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 27-2022 दर्ज किया गया था। पूर्व में कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका इस आधार पर खारिज कर दी थी कि राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि उक्त गोलाबारी की घटना के दौरान अंकुश यादव घटनास्थल पर मौजूद था, लेकिन बाद में पुलिस जांच में यह बात सामने आयी कि गोलीबारी के दौरान अंकुश यादव घटनास्थल पर मौजूद नहीं था।

# दिशोम गुरु से मिले सुबोधकांत सहाय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नये साल के मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय शनिवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन से उनके आवास पर जाकर मिले। उन्होंने पुष्प गुच्छ देकर शिबू सोरेन को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। दोनों ने एक दुसरे को नववर्ष की बधाई देने के बाद करीब आधा घंटा साथ बैठ कर चर्चा की। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने राज्य में वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा किया। दोनों ने आगामी लोकसभा चुनाव और इंडिया गठबंधन के तहत एकजुटता, भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ने पर भी चर्चा की। बाहर निकलने पर सुबोधकांत सहाय ने कहा कि गुरूजी और हम बहुत पुराने साथी हैं। नववर्ष की बधाई देने के लिए गुरुजी के पास आये थे। इस दौरान वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य के संदर्भ में भी चर्चा की गयी।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा संख्या संख्या : एसएण्डटी-कॉन-डीएचएन-17
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेंद्रूघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। ई-निविदा संख्या : एसएण्डटी-कॉन-डीएचएन-17 (1) कार्य का नाम: पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में दोहरीकरण कार्य के संबंध में प्रधानकुंटा से सिंदरी ब्लॉक हट के बीच सिग्नलिंग केबल, लोकेशन बॉक्स, क्वाड, ओएफसी और अन्य एस एंड टी उपयोगिताओं का स्थानांतरण। (2) अनुमानित लागत: Rs. 36,22,609.70 (3) अमानत राशि: Rs. 72,500.00 (4) निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य (5) कार्य निस्पादित करने का समय: 06 महिना (6) ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय: 27.01.2024 को 12:00 बजे तक। विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।
उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/धनबाद
पीआर/02036/सीडीएचएन/एसएण्डटी/टी/23-24/28

## कई योजनाओं का होगा शिलान्यास



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा 7 जनवरी को संपन्न किया जायेगा। जिसमें पीडब्लूडी रोड कटहाडीह से कोसमाडीह भाया हीरोडीह रेलवे क्रासिंग तक, जयनगर गोपालडीह पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास, जयनगर पेठियाबागी से इरगोबाद भाया जयनगर प्रखंड, जयनगर प्रखंड मुख्यालय बीडीओ सीओ आवास और चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास, तेतरोन मोड से पिपराडीह भाया मतौनी सड़क का शिलान्यास, बेको से नईटांड भाया आल्हो मेसौंधा सड़क का शिलान्यास किया जायेगा। इस आशय की जानकारी भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी ने दी।

## एलपीसी के लिए रुपये मांगे जाने का आरोप

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव नारायण वर्णवाल ने कोडरमा अंचल अधिकारी पर एलपीसी के लिए रुपया मांगने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त कोडरमा को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा है कि अंचल अधिकारी द्वारा खुलेआम प्रति 4 डिसमिल 9 हजार एलपीसी के नाम पर अपने कार्यालय अथवा दलालों के द्वारा मांगा जा रहा है, नहीं देने या कम देने की स्थिति में खतियान मांगा जाता है। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि जानकारी है कि एलसी के लिए कोई खतियान की आवश्यकता नहीं होती है। एलपीसी का अर्थ है लैंड पोजीशन सर्टिफिकेट। उन्होंने उपायुक्त से अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की अपेक्षा की है। इधर कोडरमा सीओ केके सिंह ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि इसकी जांच करायी जा सकती है।

## हड़ताल के छठे दिन भी वितरण व्यवस्था रही ठप



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा प्रखंड के ऑल इंडिया फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर केंद्र और राज्य सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में चंदवारा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में संचालित जन वितरण प्रणाली दुकानदार और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा बीते एक जनवरी से देश व्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। हड़ताल के छठे दिन भी वितरण व्यवस्था ठप रहा। प्रखंड के पीडीएस संचालकों की ओर से हड़ताल के समर्थन में बैठक का आयोजन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष रामलखन यादव ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार दोनों ने पीडीएस दुकानदारों को छलने का काम किया है। एक जनवरी से ही पुरे देश के पीडीएस दुकानदार हड़ताल पर है। राशन का वितरण लाभुकों के बीच नही किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामलखन यादव व संचालन सचिव सिकेंद्र कुमार ने किया। मौके पर विनोद वर्णवाल, सुरेंद्र बैठा, मो इशाक, छोटू यादव, केदार प्रसाद रजक, सुखदेव यादव, सरजू कुमार दास, नंदलाल गिरी, द्रोपती देवी, जगदीश पासवान, मीना देवी, सुकरी देवी, रूपलाल महतो, बद्री प्रसाद यादव, सीता देवी, माला देवी, मो अजीम अंसारी, गंगा प्रसाद, समेत कई महिला मंडल के लोग मौजूद थे।

## राइजिंग एकेडमी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को राइजिंग पब्लिक एकेडमी करौंजिया में चल रहे दो दिवसीय खेल महोत्सव का समापन हुआ। बच्चों ने बहुत ही जज्बे के साथ अपना प्रतिभा दिखा रहे थे। दूसरे दिन का खेल राइजिंग पब्लिक एकेडमी बनाम स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के बीच कबड्डी मैच का महामुकाबला रहा। जिसमें राइजिंग पब्लिक एकेडमी करौंजिया की लड़कियों की टीम विजेता बनी तथा लड़कों का टीम उपविजेता रहें। वहीं स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल थाम के लड़कों का टीम ने विजय हासिल किया तथा लड़कियों की टीम उपविजेता रहीं। दोनो स्कूलों के टीमों की खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। विद्यालय के प्राचार्य अर्जुन कुमार ने बच्चों को प्रेरणा देते हुए बताये की खेल में हिम्मत से काम लेना चाहिए। इसी वजह से सारे बच्चे अपने हौसला को बुलंद रखते हुए अच्छा प्रदर्शन दिखायें। अभिभावकों और बच्चों मिलकर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ हौसला बढ़ाने का काम किया। मौके पर नवीन कुमार पांडेय लखन यादव, निर्मल रविदास, अजय यादव, तिलक महतो, इंदो महतो, विजय पासवान, कारु पासवान, रामाकांत पांडेय और राइजिंग पब्लिक एकेडमी करौंजिया के उप प्राचार्य सुरज कुमार पांडेय और शिक्षकगण रोहित कुमार शिवबच्चन कुमार, आशीष कुमार, राकेश कुमार, खुशबू कुमारी, रिंकी कुमारी, मनीषा कुमारी, पार्वती कुमारी, चमेली कुमारी मौजूद थे।

## अयोध्या से आये अक्षत को घर-घर पहुंचाने का संकल्प



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के सिकरी पंचायत एवं चंदौल पंचायत में अयोध्या में नवनिर्मित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा में सभी सनातनी को सहभागी बनाने को लेकर अयोध्या से आया पूजित अक्षत वितरण का कार्यक्रम शिव मंदिर सिकरी और चंदौल पंचायत से गाजे बाजे और धूमधाम से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जय श्री राम के जयकारों और शिव मंदिर में पूजन करके की गयी। इस बीच फुलचंद् गिरी ने कहा कि आज से देश भर के सनातन प्रेमी विश्व हिंदू परिषद्, राष्ट्रिय स्वयंसेवक संघ, के सभी अनुसांगिक इकाई इस कार्य में लगेंगे। आज से घर घर जाकर अक्षत वितरण, आमंत्रण पत्र एवम पत्रक बाटेंगे। बजरंग दल के पिंटू गुप्ता ने कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चंदौल के सभी सनातनी मानने वालो में बहुत ही अन्नादमय माहौल है। पूरे विश्व भर के सनातन प्रेमी राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अपने अपने तरीके से खुशी जाहिर कर रहे है। आज शिव मंदिर से सभी कार्यकर्तागण हर घर अक्षत वितरण कार्यक्रम के कार्य में लग जायेंगे। पूजित अक्षत को सभी घरों में पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर फूलचंद गिरी, विश्व हिंदू परिषद के इंग्लिश सोनी, गौरव गुप्ता, आचार्य प्रेमनाथ, रोहित गुप्ता, पृथ्वी राज, पंकज गुप्ता, राम कुमार, विकाश पासवान, गणेश पासवान, ईश्वर कुमार, अमन गुप्ता, अरविंद मेहता, अजय राज, सिंपी कुमारी, मधु गुप्ता, अनु गिरी, रेणु देवी, अवधेश साव, जितेंद्र गुप्ता, बीटू पांडेय, मोहित सिंह, बिजली महतो सहित गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# ट्रक की चपेट में आने से छात्र की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**केरेडारी।** प्रखंड के टंडवा - केरेडारी मुख्य पथ पर पुराना थाना के समीप एक ट्रक एन ऐल 01अअ 9183 ने एक 15 वर्षीय छात्र सुनील कुमार पिता कीनू साव को चपेट में ले लिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई घटना शनिवार की अहले सुबह करीब 7 बजे की है इस संबंध में बताया जा रहा है की मृतक ट्यूशन के लिए जा रहा था इसी दौरान उक्त ट्रक ने इसे अपने चपेट में ले लिए जिस से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने घंटो सड़क जाम कर दिया बाद में सरकारी सहायता दिये जाने के आश्वासन के बाद जाम हट पाया। इस घटना से ग्रामीण आक्रोशित हो गये और पुलिस प्रशासन के खिलाफ इनकी नाराजगी दिखी व लोगों का कहना था की जब केरेडारी क्षेत्र में भारी वाहनों का परिचालन बंद है तो फिर आखिर कैसे भारी वाहन घुस जाते हैं।

# जस्टिस एस चंद्रशेखर का उपायुक्त ने किया स्वागत

**कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश चतरा के भद्रकाली मंदिर से पूजा अर्चना कर लौटने के क्रम में कुछ पल के लिए हजारीबाग परिसदन में रुके**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस चंद्रशेखर, झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आनन्द सेन और राजेश कुमार का प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश, हजारीबाग सत्य प्रकाश सिन्हा व उपायुक्त नैंसी सहाय ने हजारीबाग परिसदन में स्वागत किया। इस दौरान स्वागत में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, एसडीओ सदर विधा भूषण कुमार मौजूद रहे। झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आज चतरा जिला के इटखोरी अवस्थित भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना कर लौट रहे थे इसी क्रम वें कुछ पल के लिए हजारीबाग परिसदन में रुके।

# शहीद की याद में 26 जनवरी से आयोजित मेले को लेकर डीसी से मिला शिष्टमंडल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** कारगिल शहीद रघुबीर मेहता और शहिद राजेश मिंज की याद में इचाक प्रखंड के कुरहा स्थित बोधीबागी मैदान में 26 जनवरी से आयोजित होने वाले पांच दिवसीय मेला को लेकर भाजपा नेता बटेश्वर मेहता के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात कीया। डीसी से मिल कर उन्हे निमंत्रण दिया और एनटीपीसी से स्टॉल एवम मास्क लाइट लगाने की बात कही गयी। इस पर उन्होने पहल करने की बात कही। तदुप्रांत डीसी सहाय को ज्ञापन सौंपकर मां चंपेश्वरी मंदिर को राजकीय धरोहर में शामिल करने एवम विकास के लिए पर्यटन विभाग को प्रस्ताव देने का आग्रह के साथ इचाक मोड में मां चंपेश्वरी के नाम से तोरण द्वार लगाने की मांग की गई। शिष्ट मंडल में भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता के अलावा भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील कुमार मेहता, इचाक सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता, सदन मेहता, डॉ देवेंद्र सिंह देव शमिल थे।

## धरातल पर जांच किये बगैर मत्स्य विभाग ने सौंपी रिपोर्ट

**जयनगर।** झारखंड मुक्ति अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नौशाद आलम ने उपायुक्त को लिखित आवेदन दिया है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मरकच्चो प्रखंड के कई गांव और जयनगर प्रखंड के कई गांव में वेद व्यास आवास के लिए लाभुकों के द्वारा आवेदन दिया गया था। लेकिन विभाग के पदाधिकारी के द्वारा बिना धरातल पर जांच किये बगैर मत्स्य विभाग कोडरमा द्वारा उपायुक्त को जांच रिपोर्ट समर्पित कर दिया गया है। तथा प्रखंड के पंचायत सचिव द्वारा मनमाने ढंग से जांच रिपोर्ट दिया गया है। श्रीमान से अनुरोध है कि इन सभी गरीब मछुआरों के भविष्य को देखते हुए पुनः धरातल पर जांच करते हुए जांच प्रतिवेदन समर्पित किया जाये। ताकि जरूरतमंद मछुआरों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके और ऐसे मनमानी करने वाले पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई किया जाये।

# छात्र-छात्राओं को उपायुक्त ने किया सम्मानित

**सरकारी विद्यालय, प्राइवेट विद्यालय से किसी भी चीज में कम नहीं है: नैंसी सहाय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**दारु/हजारीबाग।** दारू प्रखंड के मेडकुरी पंचायत में स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में सावित्री बाई फुले की स्थापना दिवस पर उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा स्कूली छात्राओं को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय को पुष्प गुच्छ देकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुन्दनलाल ने सम्मानित किया कार्यक्रम का प्रारंभ सावित्री बाई फुले के फोटो पर माल्यार्पण और दीपप्रवज्जलित कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार अंचलाधिकारी अदीति गुप्ता मुखिया भोला तुरी उपस्थित थे। विद्यालय की छात्रा प्रधानमंत्री कुमकुम कुमारी ने सावित्री बाई फुले के जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम होने से शिक्षकों और बच्चों को नई ऊर्जा मिलती है। यह एक अच्छी पहल है ऐसी पहल हर स्कूलो में होनी चाहिए। सरकारी स्कूल से भी बच्चे पढ़कर और अच्छे परीक्षा पास कर डॉक्टर इंजीनियर बनते हैं। बच्चे कड़ी मेहनत करें साथ ही अच्छे कार्य करे आपका मेहनत आपको अच्छे फल देंगे। बच्चे जीवन मे अच्छे बनने के बारे में सोचे आगे आपको क्या करना है उसकी जिज्ञ-ासा होगी उसे अपने मन मे रखे और संकल्प ले। अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करे। आप अच्छा से परीक्षा दे जिससे अभिभावक और शिक्षक का नाम रोशन करे। आप अपना संस्कार नहीं भूले आपको अच्छी संस्कार आपके माता पिता और शिक्षकगण देते है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से पूर्व प्रधानाध्यापक बैजू राम जोली टूटू, यद्दु कुमार, कमता कुमार, उपेन्द्र कुमार पांडेय, उदय सिंह, उषा कुमारी, कुमारी अनुपमा, बंटी कुमारी, रविकांत वर्मा, उपेन्द्र कुमार मेहता,मोहम्मद जाकिर हुसेन ,बबलू कुमार, जोगेश्वर दास, जगदीश कुमार राम, शिक्षकेत्तर संदीप कुमार प्रबंधन समिति अध्यक्ष मुन्नीलाल पांडेय, पूर्व अध्यक्ष तुलेश्वर पांडेय, संजोजिका मीना देवी, रसोइया खगिया देवी, मालती देवी, शोभा देवी, कौशल्या देवी और दर्शनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित है।

## कोडरमा में भाकपा अंचल कमेटी की बैठक संपन्न

# अबुआ आवास योजना में अनियमितता का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**कोडरमा।** भाकपा अंचल कमिटी कोडरमा की बैठक श्यामली पब्लिक स्कूल लारियाडीह मे असगर अली की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट अंचल मंत्री रामेश्वर यादव ने प्रस्तुत किया। समाजवादी विचारधारा के स्वर्गीय जीतन दास का निधन 5 जनवरी 2024 को हुई जिसको लेकर भाकपा आंचल कमेटी 2 मिनट मौन धारण कर गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य सह जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि भगवान श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 22 जनवरी 2024 को होने जा रहा है जिसमें अयोध्या को सजाया गया है लेकिन पुरी गोवर्धन पीठ के स्वामी निश्चलानंद शंकराचार्य ने 22 जनवरी को 22 जनवरी को अशुभ माना है। उन्होंने कहा है कि इतनी जल्दी बाजी क्यों जबकि जबकि रामनवमी 2024 में आने वाला है। राजनीति और धर्म को घालमेल करना अनुचित है। भाकपा अंचल कमिटी कोडरमा पुरी के शंकराचार्य का बयान को समर्थन करते हुए आने वाला रामनवमी में प्राण प्रतिष्ठा होना चाहिए। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि अबुआ आवास योजना को चयन करने में बिचौलियों को लेकर गांव में घूम घूम कर संपन्न लोगों को लिस्ट में शामिल किया गया है। आज भी गरीब परिवार बुआ आवास की लिस्ट से वंचित रह गए हैं। कोडरमा उपायुक्त वरीय पदाधिकारी के द्वारा जांच कर गरीब परिवार को अबुआ आवास आवंटित करवायें। यदि गरीब परिवार को अबुआ आवास नहीं दिया गया तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कोडरमा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष फरवरी के प्रथम सप्ताह में आंदोलन करने पर विवश होगी। बैठक को रोजन अली, डोमी राणा, सुखदेव पांडेय, नुनू दास, रामचंद्र शर्मा, डेगलाल यादव, प्रिया देवी, बलवा देवी, फरजाना खातून ने भी संबोधित किया। बैठक में बजरंगी दास, द्वारिका सिंह, नारायण रजक, विजय यादव, गजाधर बढ़ी, प्रकाश राणा, उमेश पंडित, जानकी कुम्हार, मनोहर ठाकुर, बद्री यादव, राजेश यादव, फिरोज आलम, मंसूर अंसारी, राजू दास, रामलाल दास, जगदीश यादव, टुकलाल पंडित, बालकिशुन राणा, रेखा देवी, उमा देवी, पार्वती देवी, जविदा खातून, रुकमनी देवी, माधो देवी आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन सुखदेव पांडेय ने किया।

## विनय ने इपीएफओ परीक्षा में पायी सफलता



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा निवासी बिमलेश प्रसाद के कनिष्ठ पुत्र विनय कुमार ने इपीएफओ की प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता पायी। उन्होंने इस परीक्षा में आल ओवर इंडिया रैंक 644 और स्टेट में 15 वां रैंक है। पिता विमलेश प्रसाद ने बताया कि विनय कुमार शुरू से मेधावी छात्र रहे है। उनकी पढ़ाई लिखाई डीएभी स्कूल बरही से हुई। उन्होंने डीएभी स्कूल बरही से सीबीएसई बोर्ड परीक्षा उतीर्ण की। हीं रामलखन सिंह यादव कॉलेज से विज्ञान से इंटर किये। इसके बाद अन्नदा महाविद्यालय और बिनोबा भावे विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री हाशिल की। स्नातक के बाद जनरल प्रतियोगिता परीक्षा में जुट गये। अंततः मेहनत रंग लाया और अंतिम रूप से इपीएफओ में सोशल सिक्योरिटी असिस्टेंट पद पर हुआ। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। कहा कि सेल्फ स्टडी और कड़ी मेहनत से मुझे सफलता मिली। उन्होंने छात्रों को कड़ी समय प्रबंधन और कड़ी मेहनत करने का सलाह दी। सफलता पर विधायक अमित कुमार यादव व पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, संजय यादव, बीएनपी बर्णवाल, पूर्व डीजीपी महेंद्र मोदी, बोकारो विधायक बिरंचि नारायण, संतोष रंजन, मुखिया प्रमिला देवी, पुर्व मुखिया बसंत साव, पंसस प्रीति गुप्ता, अशोक गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, रियासत अंसारी, मिश्रा मोदी, विजय मोदी, किशोर मोदी, सागर कुमार, महेश मोदी समेत दर्जनों लोगों ने बधाई दी।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से मिला छात्रों का प्रतिनिधिमंडल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से छात्रों का प्रतिनिधिमंडल मिला। ऐतिहासिक छात्र आंदोलन के पश्चात झारखंड के अन्य विश्वविद्यालयों की तरह ही विनोबा भावे विश्वविद्यालय के बीएड पाठ्यक्रम में दो मेथड पेपर के आधार पर परीक्षाओं का आयोजन होना तय हुआ है। इस विषय में पूर्ववर्ती छात्रों के बीच असमंजस की स्थिति उत्पन्न हुई थी। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिषेक राज ने परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर छात्रों के बीच उत्पन्न हुई असमंजस की स्तिथि के बारे में अवगत कराया। परीक्षा नियंत्रक ने स्पष्ट कहा है कि वर्तमान सत्र से दो मेथड पेपर लागू हो गया है और इस सत्र से दो मेथड की परीक्षाएं आयोजित होगी। परंतु पूर्ववर्ती सत्र के वैसे छात्र-छात्राएं जो अब तक केवल एक ही मेथड पेपर से परीक्षाएं दिए हैं, उनके लिए विशेष परीक्षा का आयोजन की सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन बाद में जारी करेगी। वर्तमान में बि एड सेमेस्टर 2 की परीक्षा का प्रपत्र भरा जा रहा है। इसमें केवल वर्तमान सत्र 2022-24 के छात्र ही परीक्षा पर पत्र भरेंगे। तथा सेमेस्टर 2 के परीक्षा पत्र भरने की तिथि को बढ़ाया भी जायेगा। मौके पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिषेक राज के साथ अमरदीप मेहता, गुलाम सरवर, आदर्श आनंद, विवेक शर्मा, सागर कुमार, पवन कुमार, कुणाल आदि छात्र मौजूद थे।

## संजय सिंह बने झारखंड श्रमिक संघ मजदूर यूनियन के जिला सचिव




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह झारखंड श्रमिक संघ मजदूर यूनियन के जिला सचिव बनाये गये। संजय सिंह के जिला सचिव बनाये जाने से लोगों ने अपार खुशी व्यक्त की तथा बधाई दी है। संजय सिंह ने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं को लेकर मैं बेहतर से बेहतर कार्य करने का प्रयास करूंगा। श्रमिकों को हक व उनके अधिकार को दिलाना मेरा लक्ष्य होगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, किशोर राणा, हेमंत भुईंया, विशेश्वर राम, झमन महतो, मोहम्मद सफीउल्लाह अंसारी, संजय करमाली, दिनेश कुमार रवि उर्फ गुड्डू, राकेश मिश्रा, संजय भुईंया, रेशमी टुडू, मोहन सोरेन, पवन तुरी, नंदकिशोर भुईंया, वासुदेव यादव, इंद्रदेव राम, मोहम्मद हुसैन, अशोक गुप्ता, सुरेश यादव, हरिलाल मांझी, के अलावा अन्य शामिल है।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खरकी में जेबीकेएसएस संगठन विस्तार को लेकर बैठक बलदेव सिंह की अध्यक्षता और संचालन घनश्याम महतो ने किया गया। कहा गया कि 8 जनवरी को संगठन विस्तार किया जाना है। पंचायत अध्यक्ष सुजीत कुमार ने कहा कि हम लोग जयराम महतो की विचार धारा को आज समझने लगे है तथा जिस तरह आज झारखंडीयों का शोषण किया जा रहा है आने वाले पीढ़ी की भविष्य को बचाने की जरूरत है। बैठक में मुख्य रूप से उमेश कुमार महतो, राजकिशोर पटेल, डॉ गुलाब कुमार महतो, माही पटेल, नरेंद्र महतो, बासुदेव महतो, सुभाष चंद्र पटेल, दामोदर महतो, रिजवान अंसारी, जयनाथ साव, रेवतलाल महतो, धनेश्वर महतो, प्रवीण महतो, संदीप कुमार, डॉ खेमनारायण महतो, जानकी महतो, निलकंठ महतो, मनोज कुमार शर्मा, राहुल पटेल, सनी महतो, संतोष महतो, पोखलाल महतो, बालेश्वर महतो, डालेश्वर महतो, तेजनारायण साव, संजय महतो, रीतलाल महतो, राज कुमार पटेल आदि उपस्थित थे।

## कटकमदाग की मसरातु पंचायत भवन में चोरी



**कटकमदाग (आजाद सिपाही)।** कटकमदाग प्रखंड के मसरातु पंचायत भवन में देर रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है, तथा कई अहम दस्तावेजों के साथ-साथ पंचायत भवन में लगे पंखे, इनवर्टर, बैटरी, लैपटॉप सहित पंचायत भवन में लगा पानी सप्लाई के लिए मोटर भी चोरी कर ले गये हैं। सुबह जब मसरातु पंचायत की मुखिया ज्योति कुमारी तथा अन्य कर्मी पंचायत भवन पहुंचे तो वहां ताला टूटा हुआ पाया इसके पश्चात जांच करने पर पंचायत भवन के अंदर से कई तरह के सामान भी गायब पाया। मुखिया के द्वारा इसकी सूचना कटकमदाग थाना को दी गयी। मुखिया ज्योति कुमारी ने बताया कि पंचायत भवन में चोरी की घटना हुई है तथा कई दस्तावेजों के साथ-साथ कई तरह के समान गायब हुए हैं जिसमें पंचायत सचिव गोकुल प्रसाद का लैपटॉप भी शामिल है जो अलमीरा में रखा हुआ था। उन्होंने बताया की इसकी सूचना थाने को दे दी गयी है तथा जिला प्रशासन और कटकमदाग थाने से जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए चोरों को पड़कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान मसरातु पंचायत भवन में मुखिया ज्योति कुमारी, पंचायत सचिव गोकुल प्रसाद सहित पंचायत के कई कर्मी मौजूद रहे।

## झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ केंद्रीय कमेटी की बैठक

**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ केंद्रीय कमेटी जगेसर पलानी परगना की अति आवश्यक बैठक आगामी सात जनवरी को रांचीरोड स्थित पंचवटी होटल सभागार में आहूत की गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद, महामंत्री कुलदीप प्रसाद व कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संयुक्त रूप से कहा कि आगामी सात जनवरी सुबह 10 बजे आयोजित बैठक के माध्यम से केंद्रीय कमेटी चुनाव समीक्षा को लेकर कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की जायेगी। साथ ही, सदस्यता अभियान तेज करने के अलावे सदस्यता शुल्क व रसीद पर विशेष समीक्षा चर्चा की जायेगी। बैठक के दौरान शौण्डिक संघ की मजबूती को लेकर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की जायेगी। वही, केंद्रीय पदाधिकारियों ने शौण्डिक संघ के नवमनोनित ग्राम कमेटियों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, ग्राम कमिटि सदस्य, मनोनित केन्द्रिय समिति सदस्य समेत केंद्रीय पूर्व पदाधिकारी व सदस्यों से आहूत बैठक में सम्मिलित होने का ससमय अनुरोध किया गया है।

### कृषि, पशुपालन, सहकारिता और संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक

# किसानों को योजनाओं से करें लाभान्वित : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू जिला समाहरणालय के सभागार में डीसी चंदन कुमार ने कृषि, पशुपालन, सहकारिता और संबद्ध विभागों की संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक करते हुए कई निर्देश दिया। इस दौरान बैठक में उपायुक्त ने प्रखंड वार प्रखंड कृषि पदाधिकारियों, बीटीएम, वीएलडब्लू, एटीएम, बीटीएम, किसान मित्रों आदि द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने और उनकी समस्याओं के निष्पादन को लेकर कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

**लाभुकों को केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का दिया निर्देश :** कृषि पशुपालन और अन्य संबद्ध विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गाय पालन, मत्स्य पालन आदि के लाभुकों को केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया। वहीं, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत जिले में चल रहे कार्यों की विभाग वार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लोगों को लाभ देने हेतु लाभुकों का एस्क्रौ खाता खोलने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने मत्स्य, उद्यान, सहकारिता सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये।



### बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में उप विकास आयुक्त जिला कृषि पदाधिकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सूचना और विज्ञान पदाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला सहकारिता पदाधिकारी परियोजना निदेशक आत्मा जिला उद्यान पदाधिकारी जिला मत्स्य पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड सहीत अन्य उपस्थित थे।

### बेहतर संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश

किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराने के तहत हो रहे हैं कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को छत्तरमांडू स्थित सॉइल टेस्टिंग लैब का निरीक्षण कर लैब का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। सरकार द्वारा कृषि संबंधित योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार और ज्यादा से ज्यादा किसानों को योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से बैठक के दौरान उपायुक्त ने कृषि, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य विभाग के अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कृषि मेला आयोजित करने के लिए योजना तैयार करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने जिले में एग्री क्लीनिक और एग्री स्मार्ट ग्राम की योजना शुरू करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

### कार्य योजना तैयार करने का निर्देश

बैठक के दौरान उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को नियमित रूप से कृषि और अन्य संबद्ध विभागों की समीक्षा कर विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में हो रहे कार्यों और लाभुकों को मिल रहे लाभ का जायजा लेने आदि का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण कार्यालय को समिति सहाय अनुदान के तहत अगले 60 दिनों तक किये जाने वाले कार्यों को लेकर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया।

## सलाद बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** यूनिवर्सल प्लानेट पब्लिक स्कूल, करमा (कुजू) में सलाद बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में चारो हाउस के सीनियर बच्चो ने हिस्सा लिया। जिसका विधिवत उद्घाटन स्कूल के प्रधानाध्यापक रवि कुमार महतो और उप प्रधानाध्यापक लुकमान अहमद ने संयुक्त रूप से की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि बच्चों के रचनात्मक कौशल विकसित करने व मौसमी फलों व सब्जियों का प्रयोग कर स्वस्थ रहने के उद्देश्य से सलाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों द्वारा विभिन्न सब्जियों व फलों में खीरा, मूली, अनार, बीट, नींबू, टमाटर, मटर, गाजर, अमरूद, पपीता, सेब आदि की सहायता से सलाद बनाया गया। सलाद प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न आकर्षक सलाद सज्जा कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक इंद्रजीत कुमार, राहत हुसैन अंसारी, संदीप कुमार, डुगेश्वर कुमार, कृति कुमारी, अंकिता गुप्ता, रितिका श्रीवास्तव, रिजवाना खातून, मोनिका गुप्ता, संगीता शर्मा, प्रीति शर्मा, पुष्पा देवी, सावित्री कुमारी, कांति कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

## बॉक्सिंग प्रतियोगिता में संस्कृति ने जीता मेडल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल भुरकुंडा की बेटी संस्कृति कुमारी ने डीएवी नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर अपने माता-पिता, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन की है। पटेलनगर भुरकुंडा निवासी सीसीएलकर्मी सत्यनाराण ठाकुर और ज्योति देवी की पुत्री सह डीएवी बरकाकाना 9वीं की छात्रा संस्कृति कुमारी हरियाणा के पानीपत में आयोजित डीएवी स्कूल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अंडर-17 के 45 किग्रा में झारखंड का प्रतिनिधित्व की थी। इसमें संस्कृति ने दुसरे चक्र में हरियाणा के खिलाडी को परास्त किया। इसके बाद फाइनल में पंजाब के बॉक्सर के साथ पांच मिनट तक रिंग में डटी रही। लेकिन अंतिम चक्र में उसे हार का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता में संस्कृति को सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा। इधर सिल्वर मेडल विजेता संस्कृति ने कहा की बॉक्सर मैरी कॉम को मैं अपना आइडियल मानती है। मैं बॉक्सिंग के क्षेत्र में बेहतर प्रर्दशन कर राज्य और देश का नाम रौशन करना चाहती हूं। संस्कृति ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, प्रशिक्षक व डीएवी बरकाकाना की प्रिसिंपल उर्मिला सिंह को दी है। संस्कृति की सफलता पर क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है और बधाईयों का तांता लगा हुआ है।

## चतरा की खबरें

## झारखंड हाइकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का हुआ इटखोरी आगमन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर, न्यायाधीश आनंदा सेन, न्यायाधीश राजेश कुमार, न्यायाधीश दीपक रौशन जिले के इटखोरी मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना किया। इस मौके पर जिला परिषद डाक बंगला परिसर में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह, उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने चतरा आगमन के लिए आभार व्यक्त करते हुए पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। जिसके पश्चात गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सभी माननीय न्यायाधीश मां भद्रकाली मंदिर परिसर में अवस्थित मां भद्रकाली के अलावा कोटेश्वर महादेव, पंच हनुमान, सहस्त्र शिवलिंग की भी पूजा अर्चना किया।

## प्रखंड प्रमुख ने आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ की समीक्षा बैठक



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने प्रखंड के सभी आंगनवाड़ी केंद्र के सेविका और बाल विकास परियोजना के पर्यवेक्षिका, कार्यालय प्रधान सहायक सहित अन्य कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन को लेकर समीक्षा किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र पर मिलने वाले सुविधाओं के बारे में बाल विकास परियोजना विभाग से जानकारी ममता कुमारी ने प्राप्त की। प्रमुख ममता कुमारी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं से केंद्र के संचालन से संबंधित पूछताछ की। समीक्षा बैठक के दौरान ममता कुमारी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र की सभी गांव को कई आवश्यक विषय पर निर्देश देते हुए नियमित रूप से केद्रों का संचालन करने का निर्देश दी। प्रमुख ममता कुमारी ने सभी आंगनबाड़ी केद्रो का संचालन निर्धारित समय अवधि तक करने की बात कही। इस मौके पर उपस्थित बाल विकास परियोजना कर्मियों को आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन की मॉनिटरिंग करने का निर्देश विधि केंद्र के संचालन अवधि में केंद्र बंद पाये जाने पर सेविकाओं के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। प्रमुख ने बताया इसके अलावा अन्य कई बिंदुओं पर प्रमुख ने आंगनबाड़ी सेविकाओं और बाल विकास परियोजना कर्मियों के साथ चर्चा की।

## विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक विभाग के जिला अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह व संचालन दिलीप सिंह के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया बृज किशोर सिंह पंचायत समिति सदस्य घर्मिला देवी डुमरी कला मुखिया प्रतिनिधि समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह कौशलेंद्र कुमार सिंह शामिल हुए। इस मौके पर सेवा निर्मित हुई प्रभारी प्रधान अध्यापिका शशि कुमारी को नाम आंखों से विदाई दी गयी उपस्थित शिक्षक और शिक्षिका के द्वारा बुके अंग वस्त्र और सामान देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना की और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना किया गया उनकी मेहनत के वजह से इस विद्यालय को ए ग्रेड दिया गया था। इस मौके पर उच्च विद्यालय के प्रधान अध्यापक उमेश कुमार, शिक्षक अरविंद सिंह, संजय सिंह, दीपक कुमार सिंह, अरुण कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार, विवेक कुमार सिंह, सीआरसी विनय गुप्ता, शंभू सिन्हा के अलावा दर्जन शिक्षक और शिक्षा का उपस्थित थे।

# एसडीओ और सीओ ने बूथों पर चलाया सुपर चेकिंग अभियान

**रामगढ़ विधानसभा और बड़का गांव विधानसभा में शुरू हुई चुनाव की तैयारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** वर्ष 2024 झारखंड के लिए चुनाव का साल है। लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी अभी से ही शुरू हो गयी है। अब बूथ पर बीएलओ के द्वारा किये जा रहे कार्यों का सुपर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को रामगढ़ एसडीओ शीलवंत कुमार भट्ट, अंचल अधिकारी सत्येंद्र कुमार पासवान ने बूथ संख्या 47, 48, 49, 50 और 51 पर गहन जांच की। यहां पर बीएलओ के द्वारा किये गये कार्यों का उन्होंने विस्तार पूर्वक जानकारी ली। साथ ही यह भी कहा कि कोई मतदाता वंचित न रहे इसलिए सूची में उसका नाम शामिल अवश्य किया जाना चाहिए।

**निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण:** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र दीप्ति प्रियंका कुजूर ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पतरातू प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत हुए कार्यों का जायजा लेते हुए प्राप्त आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने संबंधित क्षेत्र के प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी पतरातू शिव शंकर पांडे सहित अन्य उपस्थित थे।

## एमबीए की स्टूडेंट से शेयर मार्केट का झांसा देकर 88 हजार की ठगी

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** साइबर क्रिमिनल्स अपने शिकार को अलग-अलग तरीके से झांसा देकर लूटने में लगे रहते हैं। इस बार रामगढ़ की एक एमबीए की स्टूडेंट को शेयर मार्केट में भारी लाभ दिलाने का झांसा देकर उससे 88000 की ठगी कर ली गयी है। इस मामले की शिकायत छात्रा स्मृति कुमारी ने शनिवार को रामगढ़ थाने में की है। उन्होंने बताया कि 30 दिसंबर को टेलीग्राम ऐप पर सर्फिंग करने के दौरान हीप्पो टास्क ग्रुप के द्वारा अचानक उन्हें एक लिंक भेजा गया। उस लिंक पर शेयर मार्केट में होने वाले फायदे के बारे में बताया जा रहा था। इस दौरान एक लड़की निमृत कुमारी ने स्मृति से संपर्क किया और उसे तत्काल रुपये कमाने का झांसा दिया। सबसे पहले तो स्मृति में एक यूपीआई लिंक पर 3000 फिर 5000 और फिर 15000 भेजें। इसके बाद स्मृति को बातचीत के दौरान निमृत ने यह बताया कि अगर वह 65000 और भेज देती है, तो वह सारे रुपये 30 प्रतिशत ब्याज के साथ जोड़कर उसके खाते में भेज दिये जायेंगे। काफी मनाने के बाद स्मृति ने 15000 और 50000 यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर कर दिये। इसके बाद जब स्मृति ने पैसे मांगने शुरू किया तो निमृत के द्वारा 2 लाख और भेजने की बात कही गयी। जब स्मृति ने मना कर दिया तो साइबर अपराधियों ने भी उसे रास्ता दिखा दिया। अब इस मामले में स्मृति कुमारी ने रामगढ़ पुलिस से सहयोग मांगा है। रामगढ़ पुलिस अब इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# राज्य सरकार की पहल से खेल के क्षेत्र में मिली बड़ी उपलब्धि

**सरकार द्वारा जिले को दो आवासीय और 10 डे- बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र खोलने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त -सह-अध्यक्ष जिला खेल संचालन समिति अबु इमरान के अथक निरंतर प्रयास से खेल के क्षेत्र में जिले को बहुत बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। ज्ञात हो कि पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद और युवाकार्य विभाग, झारखंड, रांची द्वारा चतरा जिले को दो आवासीय और 10 डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र खोलने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिलेवासियों को यह पहला अवसर होगा की एक साथ कुल 12 (बारह) क्रीड़ा प्रशिक्षक तथा अन्य को रोजगार का अवसर बहुत जल्द मिलने जा रहा है। जिला क्रीड़ा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि निम्नवत क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र अधिष्ठापन करने की स्वीकृति विभाग से प्राप्त है।

आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड में फुटबॉल (बालक) हेतु आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र, सिमरिया स्टेडयम, सिमरिया जिसमें 25 बालक प्रशिक्षुओं की संख्या और चतरा सदर फुटबॉल (बालिका) हेतु आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र, जवाहर लाल नेहरू स्टेडयम, चतरा जिसमें 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या होगी।

### डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र




डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र हेतु चतरा जिला के टंडवा प्रखंड में एथलेटिक्स (बालक/बालिका) हेतु राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, बचरा, टंडवा जिसमें 25 बालक और 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या होगी वहीं प्रतापपुर प्रखंड में फुटबॉल (बालिका) हेतु राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय, प्रतापपुर जिसमें 25 बालक प्रशिक्षुओं की संख्या, हंटगरंज प्रखंड में खो-खो (बालक/बालिका) हेतु रामनारायण राजकीयकृत +2 विद्यालय, हंटरगंज जिसमें 25 बालक और 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या, गिद्धौर प्रखंड में वॉलीबॉल (बालक) हेतु उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पिंडारकोण, गिद्धौर जिसमें 25 बालक प्रशिक्षुओं की संख्या, चतरा सदर में बैडमिंटन (बालक/बालिका) हेतु इंडोर स्टेडियम, चतरा जिसमें 25 बालक और 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या, चतरा सदर में वॉलीबॉल (बालक) हेतु राज्य सम्पोषित +2 उच्च विद्यालय, चतरा जिसमें 25 बालक प्रशिक्षुओं की संख्या, सिमरिया प्रखंड में हॉकी (बालक/बालिका) हेतु उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, लेपो, सिमरिया जिसमें 25 बालक और 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या, हंटरगंज जिसमें 25 बालक एवं 25 बालिका प्रशिक्षुओं की संख्या होगी की जानकारी जिला क्रीड़ा पदाधिकारी के द्वारा दी गयी।

## राम भक्तों ने कलश का किया पूजन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** अयोध्या से पूजित अक्षत कलश के कुजू पहुंचते ही रामभक्तों ने कलश का पूजन-नमन किया। इस दौरान हिन्दू धर्मावलंबियों के जय श्री राम, जय हनुमान आदि जयकारे से कुजू क्षेत्र राममय हो गया। बाद में अक्षत कलश को कुजू के प्रत्येक मंदिर, मठ, अखाड़ा आदि का भ्रमण कराया गया। जहां विश्व हिंदू परिषद, हिन्दू जागरण मंच, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं और धर्मप्रेमियों के राम नाम के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। इस दौरान कलश को भगवती मंदिर, श्री राम चौक, बजरंग अखाड़ा, चरण पहाड़ी स्थित चैतन्य महाप्रभु मंदिर, शिव मंदिर कुजू कोलियरी, दुर्गा मंडप मुरपा, हनुमान मंदिर चट्टनिया, देवी मंडप, हनुमान मंदिर नयामोड़, नया बाजार टांड कुजू, शनि मंदिर लकड़ी गेट, कुंदरिया बांध, केबी गेट आदि स्थानों स्थित मंदिरों का भ्रमण कराया गया। इसके बाद केबी गेट वन परिसर स्थित हनुमान मंदिर में भ्रमण का समापन किया गया। भ्रमण के दौरान धर्मप्रेमियों ने पुष्पवर्षा कर कलश का स्वागत किया। साथ ही कलश का पूजन कर नमन किया। मौके पर कई हिन्दू धर्मावलंबी शामिल रहे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद के पदाधिकरियों की भुरकुंडा में हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में शनिवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद रामगढ़ जिला के सभी पदाधिकारी और सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में रामगढ़ जिला में सदस्यों की संख्या बढ़ाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसी भी प्रकार के मानवाधिकारों का हनन नहीं होने दिया जायेगा। कहा गया की किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु प्रशासनिक पदाधिकारी से मिलकर समाधान कराया जायेगा। साथ ही सभी जिलावासियों को जागरूक करने का भी कार्य किया जायेगा। बैठक में परिषद के सचिव संजय गोराई, महासचिव अशोक कुमार चौहान, सदस्य दिलीप अग्रवाल, रॉकी अग्रवाल, नरेश त्रेहन, राजेश कुमार शर्मा, रिंकू दास, अमन कुमार, शहनवाज, चितरंजन महतो, अजय पासवान, कृष्णा दास, रैना मांझी, गुरुदयाल ठाकुर, केपी मुखर्जी, तेजेन्द्र त्रेहन आदि मौजूद थें।

## उपायुक्त ने किया कोषागार का निरीक्षण

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के ब्लॉक ए स्थित कोषागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोषागार पदाधिकारी मंजू शोभा एक्का से कोषागार में स्वीकृत बल और उसके विरुद्ध कार्यरत बल संबंधित जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कोषागार में संधारित की जाने वाली आगत निर्गत पत्रों की पंजी, डिपॉजिट रजिस्टर, स्पेसिमेन सिगनेचर पंजी, अलॉटमेंट पंजी, गार्ड फाइल आदि की जांच करते हुए सही तरीके से पंजियों को संधारित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उपायुक्त ने कोषागार रामगढ़ में पूर्व में किये गये महालेखाकार और वित्त विभाग के ऑडिट रिपोर्ट के आलोक में अनुपालन प्रतिवेदन की जांच करते हुए कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कोषागार पदाधिकारी को कार्यों के निर्वहन के दौरान कोषागार संहिता 2016 के अपेंडिक्स 5 में अंकित सभी दिशानिर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करते हुए कार्य करने निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कोषागार के रिकॉर्ड रूम का जायजा लेते हुए वहां संधारित पंजियों की जांच की और वर्षवार व्यवस्थित तरीके से पंजियों को संधारित करने का निर्देश दिया। वही, उपायुक्त ने कुबेर सॉफ्टवेयर के माध्यम से कोषागार कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की जांच करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर नजारत उप समाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

# वाहन जांच के दौरान बाइक सवार ने होमगार्ड जवान को मारी टक्कर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ शहर में वाहन जांच अभियान चला रही पुलिस टीम में शामिल एक होमगार्ड जवान को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी है। इस हादसे में होमगार्ड जवान अजीत कुमार मेहता के दोनों पैर की हड्डियां टूट गयी है। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। इस हादसे के दौरान मोटरसाइकिल सवार तोसिम राजा को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है।

**रामगढ़ थाना में दर्ज करायी गयी प्राथमिकी:** इस मामले में यातायात थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक प्रभात कुमार दास ने शनिवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि विभागीय आदेश के अनुसार नई सराय चौक पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान जब होमगार्ड जवान अजीत कुमार मेहता ने एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया तो उसने उसे जोरदार टक्कर मार दी। होंडा सीबी जेएच 24 ई 2680 पर सवार तोसिम राजा सैयद कॉलोनी, नईसराय का रहने वाला है। उसने जानबूझकर एक सरकारी कार्य में लगे जवान को धक्का मारा है। उसने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और सरकारी सेवक को जान से करने के लिए उन्हें गंभीर रूप से जख्मी करने और सरकारी कार्य में भयोपरांत कर क्षति पहुंचाने का काम किया है। रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि तोसिम राजा के खिलाफ कांड संख्या 7/24 दर्ज किया गया है। साथ ही अभियुक्त को जेल भी भेज दिया गया है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 07 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# कांग्रेस की एक और यात्रा


इस चुनावी साल में देश का माहौल अपने अनुकूल बनाने की कोशिश के तौर पर जहां सत्तारूढ़ बीजेपी अयोध्या में राममंदिर से जुड़ी गतिविधियों पर अधिक से अधिक जोर दे रही है, वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का एलान कर दिया है। पिछले साल की भारत जोड़ो यात्रा की कामयाबी से प्रेरित कांग्रेस इस यात्रा को थोड़ा अलग रखते हुए भी चाहती है कि लोग इसे उसी यात्रा की अगली कड़ी के रूप में देखें। इसलिए भले ही लोकसभा चुनावों के मद्देनजर वक्त की कमी का हवाला देते हुए इसे हाइब्रिड मोड में रखा गया है, यानि यात्रा का बड़ा हिस्सा बस में तय होगा और बीच-बीच में पैदल मार्च भी किया जायेगा, लेकिन भारत न्याय यात्रा नाम घोषित कर देने के बाद उसे बदल कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा किया गया, तो इसके पीछे मकसद यही है कि भारत जोड़ो का संदर्भ कमजोर न पड़ जाये। यात्रा की शुरुआत हिंसा पीड़ित मणिपुर से करना अपने आप में एक बड़ा संदेश है, जो कांग्रेस अधिक से अधिक प्रचारित करना चाहेगी। इसके साथ ही यात्रा के केंद्र में न्याय को रखना बताता है कि कांग्रेस इसके जरिए न सिर्फ संवैधानिक मूल्यों पर जोर देना चाहती है, बल्कि यह दिखाना चाहती है कि सत्तारूढ़ पक्ष एक धर्म, एक पंथ, एक संस्कृति और एक नेता पर जोर देते हुए भारत की उस मूल दृष्टि को नुकसान पहुंचा रहा है, जो सबके साथ न्याय और सबके साथ उदारता की बदौलत भारत की बहुलता की रक्षा करती रही है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान तालमेल में कमी के चलते कई जगह क्षेत्रीय विपक्षी पार्टियों के नेता उससे दूरी बरतते देखे गये थे। इस बार कांग्रेस ने पहले से ही साफ कर दिया है कि 'आइएनडीआइए' गठबंधन के सभी घटक दलों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत के समय ही सभी विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने के प्रयास हो रहे हैं। जहां तक इस यात्रा के प्रभावों का सवाल है, तो निश्चित रूप से मौजूदा माहौल में इसकी सबसे बड़ी कसौटी आगामी लोकसभा चुनाव को ही माना जायेगा। पिछली भारत जोड़ो यात्रा के अनुभव से देखें तो उसने राहुल गांधी के पक्ष में थोडा माहौल बनाया, उन्हें एक गंभीर नेता की छवि भी दी, लेकिन चुनावी कसौटियों पर उसका असर मिला-जुला ही रहा। चुनाव में वैसे भी बहुत से कारक होते हैं। यह दूसरी यात्रा अगर कांग्रेस और विपक्षी दलों के पक्ष में माहौल बनाती है, तो निश्चित रूप से उनके लिए यह एक अच्छी बात होगी, लेकिन चुनावों में इसका वे कितना फायदा उठा पाते हैं, यह उनकी तैयारी के दूसरे पक्षों पर निर्भर करेगा।

**पिछली भारत जोड़ो यात्रा के अनुभव से देखें तो उसने राहुल गांधी के पक्ष में थोडा माहौल बनाया, उन्हें एक गंभीर नेता की छवि भी दी, लेकिन चुनावी कसौटियों पर उसका असर मिला-जुला ही रहा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

सशक्त, आत्मनिर्भर राष्ट्र के अपने दृष्टिकोण (विजन) में पीएम मोदी ने देश के हर वर्ग को जोड़ने की बात की और इसी दिशा में उन्होंने देश के 2.68 करोड़ दिव्यांगजनों को आर्थिक, सामाजिक, वैचारिक रूप से समर्थ करने की बात कही, जिसमें केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार तक कई सारी योजनाओं का निर्माण और कार्यान्वयन मुख्य रहा। पीएम मोदी के दिव्यांगजनों को सशक्त करने के इस विजन को लेकर ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक नयी कड़ी जोड़ने का कार्य कर रहा है।

# दिव्य कला मेला: दिव्यांग उद्यमियों के सामर्थ्य को सशक्त करता एक मंच



डॉ वीरेंद्र कुमार

एक सशक्त और विकसित राष्ट्र की जब हम संकल्पना करते हैं, तो उसमें हर व्यक्ति के सहयोग और श्रम को हम महत्वपूर्ण मानते हैं। राष्ट्र का निर्माण व्यक्तियों के समुच्चय से होता है, तो जाहिर है इसे सशक्त बनाने में सबका सहयोग भी जरूरी है। लेकिन अगर देश का कोई भी एक वर्ग इसमें किसी कारण सहयोग न दे पाये तो एक सशक्त राष्ट्र की संकल्पना अधूरी सी लगती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस गूढ़ बात को समझा और जाना भी। सशक्त, आत्मनिर्भर राष्ट्र के अपने दृष्टिकोण (विजन) में पीएम मोदी ने देश के हर वर्ग को जोड़ने की बात की और इसी दिशा में उन्होंने देश के 2.68 करोड़ दिव्यांगजनों को आर्थिक, सामाजिक, वैचारिक रूप से समर्थ करने की बात कही। जिसमें केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार तक कई सारी योजनाओं का निर्माण और कार्यान्वयन मुख्य रहा।

पीएम मोदी के दिव्यांगजनों को सशक्त करने के इस विजन को लेकर ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक नयी कड़ी जोड़ने का कार्य कर रहा है। इस विभाग ने अनेक योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कठिन पथ पर कदम बढ़ाया है। उनमें से एक महत्वपूर्ण पहल है &quot, दिव्य कला मेला &quot।

**दिव्य कला मेले को लेकर लोगों का यह कहना है कि सरकार की तरफ से यह एक बहुत शानदार पहल है।**




दिव्य कला मेले को मिल रहे अपार जनसमर्थन का सबूत है दिल्ली में लगे मेले में 1 लाख लोगों की उपस्थिति, वहीं मुंबई में आयोजित इस मेले में 55 हजार के करीब लोग आये। भोपाल, वाराणसी, हैदराबाद, बेंगलुरु, पटना आदि में भी हजारों लोग मेले में शामिल हुए। मेले का स्वागत और समर्थन- देशभर में आयोजित होने वाले दिव्य कला मेला सिर्फ दिव्यांगजनों के साथ साथ आम जन द्वारा भी बेहद सराहा और पसंद किया जा रहा है।

**दिव्य कला मेला :** सृजन, समर्थन और रोजगार का सर्वोत्तम प्लेटफॉर्म- दिव्य कला मेला एक ऐसी पहल है जो दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों को उनकी कला और उद्यम का प्रदर्शन करने का एक नया मंच प्रदान करता है। इस मेले का आयोजन नयी दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न शहरों जैसे वाराणसी, भोपाल, मुंबई, गुवाहाटी, इंदौर, जयपुर, सिंकदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, पटना शहरों में हुआ है। भविष्य में सूरत, अहमदाबाद, शिमला, अगरतला, नागपुर शहरों में भी इसका आयोजन किया जायेगा। दिव्य कला मेले में 100 से ज्यादा स्टॉल्स लगाये जाते हैं, जिनमें हस्तशिल्प, हथकरघा, एम्ब्रोएडरी के काम और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ आदि के स्टॉल्स शामिल हैं। इस मेले के अंतर्गत दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों द्वारा गृह सजावट, जीवन शैली, कपड़े, स्टेशनरी, पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद, पैकेज्ड भोजन, जैविक उत्पाद, खिलौने, उपहार, व्यक्तिगत सहायक उपकरण, आभूषण, बैग्स, पेंटिंग्स, आदि से संबंधित स्टॉल्स लगा कर अपने उत्पादों को बढ़ावा देने का एक अद्वितीय अवसर पाया। दिव्य कला मेले में देशभर के तमाम तरह के व्यंजनों का आनंद लोग ले सकें, उनके बारे में जान सकें, इसके लिए विभिन्न प्रदेशों के प्रमुख खाद्य पदार्थों के कई स्टॉल्स भी लगाये जाते हैं, जो लोगों द्वारा बेहद पसंद भी किये जाते हैं। दिव्य कला मेले में विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाता है, जिसके माध्यम से विभिन्न प्रकार की जानकारियां लोगों को दी जाती हैं।

**रोजगार के अवसर का सृजन करता दिव्य कला मेला-** दिव्य कला मेले के तहत उद्यमियों और कारीगरों को अपनी उद्यमशीलता दिखाने का अवसर प्रदान हो रहा है वहीं दूसरी तरफ मेले में लगाये जा रहे जॉब फेयर के तहत बेरोजगार युवक-युवतियों को सरकार द्वारा रोजगार के लिए चलायी गयी विभिन्न योजनाओं से अवगत भी कराया जा रहा है। नयी दिल्ली, जयपुर, हैदराबाद, वाराणसी, चेन्नई, बेंगलुरु, पटना में लगाये गये दिव्य कला मेले के तहत जॉब फेयर में कुल 917 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया और रजिस्ट्रेशन कराये, जिसमें 272 लोगों को इसमे से शॉर्ट लिस्टेड कर 91 लोगों को सेलेक्ट किया गया।

**एक मेला अनेक सुविधाएं- लोन की सुविधा-** दिव्य कला मेले में एनडीएफडीसी के तहत लगाये जाने वाले स्वालंबन केंद्र के तहत दिव्यांग व्यक्तियों को लोन की सुविधा भी दी जाती है, जिसका लाभ बहुत सारे दिव्यांग बंधु उठा रहे हैं। एनडीएफडीसी के तहत चेन्नई से सबसे ज्यादा 2 करोड़ 25 लाख रुपये का लोन पारित एवं वितरित किया गया। वहीं वाराणसी में आयोजित दिव्य कला मेला में 1 करोड़ 30 लाख, जयपुर में 1 करोड़, हैदराबाद में 80 लाख रुपये का लोन पारित एवं वितरित किया गया।

**लाखों लोगों की पसंद दिव्य कला मेला –** नव साहसी दिव्यांगजन उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित दिव्य कला मेला को दिव्यांग व्यक्तियों के साथ- साथ समाज के हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। दिव्य कला मेले को मिल रहे अपार जनसमर्थन का सबूत है दिल्ली में लगे मेले में 1 लाख लोगों की उपस्थिति, वहीं मुंबई में आयोजित इस मेले में 55 हजार के करीब लोग आए। भोपाल, वाराणसी, हैदराबाद, बेंगलुरु, पटना आदि में भी हजारों लोग मेले में शामिल हुए। मेले का स्वागत और समर्थन- देशभर में आयोजित होने वाले दिव्य कला मेला सिर्फ दिव्यांगजनों के साथ साथ आम जन द्वारा भी बेहद सराहा और पसंद किया जा रहा है।

दिव्य कला मेले में लाखों की संख्या में दिव्यांग और आमजन पहुंचते हैं। दिव्य कला मेले को लेकर लोगों का यह कहना है कि सरकार की तरफ से यह एक बहुत शानदार पहल है। इससे न सिर्फ दिव्यांगजनों की उद्यमिता का प्रदर्शन होता है बल्कि वोकल फॉर लोकल के थीम को भी बढ़ावा मिलता है।

**(लेखक भारत सरकार के केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### पीएम मोदी के संबोधन की सफलता को लेकर भाजपा महानगर की बैठक

# कलश यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान

**महानगर के सभी बूथों पर बीएलए-2 की नियुक्ति पर मंडल अध्यक्षों को मिला टास्क**

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** भाजपा आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जीत के लक्ष्य हासिल करने को लेकर बूथ पर मजबूत रणनीति बनाकर आगे बढ़ रही है। शनिवार को पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के रूपरेखा तय करने को लेकर भाजपा महानगर की बैठक भालूबासा आशीष किशोर संघ में आयोजन किया गया।

बैठक में पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा संग विभिन्न मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक में आठ जनवरी को देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोदी की गारंटी वाली वैन के माध्यम से वर्चुअल संवाद सह संबोधन, नमो एप्प विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर एवं माइक्रो डोनेशन समेत अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इस दौरान एलइडी स्क्रीन के माध्यम से जानकारी दी गयी। बैठक में जमशेदपुर महानगर के चारों विधानसभा अंतर्गत विभिन्न बूथों के गठन संबंधी जानकारी साझा की गयी। धन्यवाद ज्ञापन सीतारामडेरा मंडल महामंत्री संतोष कुमार ने किया।

इस मौके पर देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, राजकुमार श्रीवास्तव, नंदजी प्रसाद, दिनेश कुमार, राजेश शुक्ला, नीरज सिंह, विकास सिंह, डॉ राजीव, मिथिलेश सिंह यादव, कुलवंत सिंह बंटी, राजन सिंह, भरत सिंह, जटाशंकर पांडेय, अनिल सिंह, संजीव कुमार, प्रदीप महतो, अनिल मोदी, मनोज राम, मंजीत सिंह, नीलू मछुआ, बोलटू सरकार, प्रेम झा, कौस्तव रॉय, नारायण पोद्दार, मोचीराम बाउरी, धर्मेंद्र प्रसाद, बिनानंद सिरका, अजीत कालिंदी, नेसार अहमद, अभिमन्यु सिंह, लीना चौधरी, पवन अग्रवाल, राम सिंह मुंडा, अमिताभ सेनापति, चंद्रशेखर गुप्ता, बबलू गोप, दीपक झा, अजय सिंह, हेमंत सिंह, बिनोद राय, संजय तिवारी, अमरेंद्र पासवान, फातिमा शाहीन, संदीप शर्मा बौबी, रविंद्र नाथ सरदार, हलधर दास, सुदीप कुमार डे, हेमेंद्र जैन, त्रिदेव चटराज, पवन सिंह, सुनील सिंह मुंडा, मंटू चरण दत्ता, प्रधान महतो, निशांत कुमार, कुमार अभिषेक, संतोष कुमार, भोला शर्मा, हरदीप सिंह, अभिषेक शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, संजय रजक, अभिषेक श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# गालूडीह में दो दिवसीय कला शिविर का शुभारंभ

**दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और पुरुलिया के कलाकारों ने लिया हिस्सा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गालूडीह।** शनिवार को चित्रकला निकेतन के बैनर तले दो दिवसीय कला शिविर का शुभारंभ गालूडीह के धातकीडीह गांव में किया गया। इसमें मुख्य रूप से वाटर कलर, कैनवस पेंटिंग, और टेराकोटा कला के आर्टिस्ट भाग ले रहे हैं। इसमें देश विदेश के (दुबई, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, जमशेदपुर, पुरुलिया और गालूडीह) से कुल 22 बेहतरीन कलाकार भाग ले रहे हैं। शनिवार को धातकीडीह गांव में चौपाल लगाकर अतिथि कलाकारों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, ग्रामीणों और स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच कला की विकास पर संवाद स्थापित किया गया।

शिविर के आयोजकों द्वारा उपस्थिति सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के मुख्य आयोजक प्रमित शीट ने कहा कि शिविर के दो दिनों के दौरान कलाकारों द्वारा कैनवस पेंटिंग, वाटर कलर एवं टेराकोटा कला की एक से बढ़ कर एक उत्कृष्ट कला की निर्माण की जायेगी तथा दूसरे दिन सभी कला कृतियों की प्रदर्शित किया जायेगा और सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि घाटशिला विधायक रामदास सोरेन होंगे।

कलाकारों में मुख्य रूप से दुबई से मोहम्मद सफीक अहमद, जमशेदपुर से उत्तम मल्लीक, जयदीप चटर्जी, एचपी मुखी, सुवेंदु विश्वास, बिप्लॉय चटर्जी, अरुण मुखी, तपन राय, विजेंदर सिंह, ललन दत्त, अशोक माटी, देवेंद्र बनर्जी, हिमांशु मंडा, सोनाली राय चौधरी, मुक्ता गुप्ता, अमृता सेन, कोलकाता से देवाशीष मल्लिक चौधरी, पॉल चिरंजीत, उत्तम घराने, कौशिक पॉल, सुप्रियो, वाराणसी से नलिन चंद्र, रांची से दीपंकर विवेक दकुइला, रामानुज, दिल्ली से रजत शुभ्रा, पुरुलिया से प्रकाश महतो, प्रबीर कुमार एवं गालूडीह से प्रमित कुमार शीट एवं अन्य शामिल हुए। शिविर को शुशोभित करने के लिए अतिथि स्वरूप गालूडीह जिला पार्षद सुभाष सिंह, पंचायत समिति सदस्य शीला गोप, मुखिया नेहा सिंह, उप मुखिया कपिलदेव शर्मा, वार्ड सदस्य शेफाली मुर्मू, शिक्षक साजिद अहमद, उत्पल चक्रवर्ती, ग्राम प्रधान दुखु मुर्मू, लक्ष्मीकांत मार्डी और डोमन गोप उपस्थित थे।

# बढ़ती ठंड को देखते हुए विधायक ने ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए पोटका विधानसभा क्षेत्र में तेंतलापोड़ा पंचायत कमेटी की ओर से ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। विधायक ने क्षेत्र के बुजुर्ग, महिलाएं व अन्य के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर कंबल मिलने से ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताया। विधायक श्री सरदार ने कहा खास कर ग्रामीण क्षेत्र में ठंड काफी पड़ने लगा है। असहाय और जरूरतमंद ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए झामुमो पंचायत कमेटी की ओर से ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया, जो बहुत ही सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन ने कहा पोटका के सभी पंचायत मे झामुमो पंचायत कमेटी की ओर से कंबल का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य हीरामनी मुर्मू, मुखिया पुष्पलता मुंडा, पंसस अमलिका सरदार, विद्या सागर दास, बबलू चौधरी, रजनी षाड़ंगी, हितेश भकत, भुगलु टुडू, रमेश सोरेन, मेयलाल भूमिज, सुनाराम किस्कु, सुनाराम सोरेन, शिवचरण टुडू, राजेश सोरेन, लखिंद्र सरदार शामिल है।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले में गणतंत्र दिवस को लेकर डीसी रवि शंकर शुक्ला ने शनिवार को एक बैठक बुलाई। बैठक में जिले के एसपी समेत सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से गणतंत्र दिवस की तैयारियां व सुरक्षा पर चर्चा की गई। साथ ही विभागिय कार्यालय में झंत्तोलन का समय निर्धारित करते हुए विचार विमर्श किया गया। बैठक में एसपी डॉ विमल कुमार सहित जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, आईटीडीए निदेशक, अपर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधिक्षक, कार्यरपालक पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# डीआरएम ने टाटानगर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटानगर रेलवे स्टेशन में बेहतर व संवर्धित कार्य के संरचना में वृद्धि के लिए डीआरएम एजे राठौर ने स्टेशन एरिया का क्लेनल्स समेत जुगसलाई फाटक के पास बनने वाले एफ ओ बी स्थल का शनिवार निरीक्षण किया। मौके पर डीआरएम ए जे राठौर ने कहा तीन फेस में होने वाले टाटानगर रेलवे स्टेशन के री डेवलपमेंट का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया टाटानगर रेलवे स्टेशन में लगभग 550 करोड़ की लागत से री डेवलपमेंट कार्य 6 महीने के अंदर शुरू होने वाला है। टाटानगर रेलवे स्टेशन के आसपास के एरिया का निरीक्षण किया गया। जुगसलाई रेलवे फाटक के निकट बने नये रेलवे ओवरब्रिज के पास पैदल जाने वाले राहगीरों को हो रही परेशानी को देखते हुए जल्द ही बनाये जाने वाले एफओ बी के लिए भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया स्टेशन एरिया का क्लेनल्स बढ़ाये जाने के ऑप्शन वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट, गार्बेज डिस्पोजल पर विचार किया जा रहा है। साथ ही एफओबी के लिए भी स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि इस पर जल्द कार्य शुरू हो सके। रेल लाइन के किनारे जुगसलाई फटाक से लेकर स्टेशन रोड तक नयी सड़क बनाये जाने पर भी विचार करने की बात कही।

## उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों संग बैठक कर कार्यों की समीक्षा की, कहा

# विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त द्वारा एक-एक कर शिक्षा विभाग के विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त द्वारा पोशाक वितरण, शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति, विद्यालयों की साफ सफाई, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की साफ सफाई, मध्याह्न भोजन का संचालन, विद्यालय में पोषण वाटिका, बच्चों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं, विद्यालयों के भवन निर्माण, नीति आयोग के इंडिकेटर समेत अन्य विषयों पर एक एक कर समीक्षा की गयी। शिक्षा विभाग के उक्त समीक्षात्मक बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला अंतर्गत सभी विद्यालयों विशेष कर जिला अंतर्गत विभिन्न आकांक्षी प्रखंडों में नीति आयोग द्वारा चिन्हित किये गये विभिन्न इंडिकेटर की समीक्षा करते हुए इसके बेहतर संचालन हेतु निर्देशित किया गया, जिसमें प्रत्येक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, और विद्यालय की विधिवत्त साफ-सफाई, विद्युतिकरण, पोषाहार, पोशाक आदि बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित रखने की बात कही गयी, ताकि विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। विद्यालयों में अध्यनरत छात्राओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत जोड़ने और डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित किए जाने की भी समीक्षा की गयी, जिसमें अभी तक लंबित पड़े आवेदनों को 10 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने उपस्थित सभी प्रखंड के बीपीओ से बारी-बारी शिक्षा विभाग के अंतर्गत चल रही योजनाओं की समीक्षा की। कुछ योजनाओं में प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप काम लक्ष्य प्राप्त करने वाले प्रखंड के बीपीओ को उपायुक्त द्वारा कड़ी फटकार लगायी गयी तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। कार्य असंतोष जनक होने पर कार्रवाई करने की भी बात कहीं गयी। पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में संचालित योजनाओं में बताया गया कि कुल 1395 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजनाओं का संचालन विधिवत्त रूप से किया जाता है।

मध्यान भोजन में पोषक आहार और पूरक पोषण का वितरण मेनू के अनुसार किये जाने की बात कहीं गयी। विभिन्न बीपीओं के द्वारा मध्यान भोजन हेतु राशि निकासी और डोर स्टेप डिलीवरी में कुछ आ रही तकनीकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी दी गयी, जिसमें आवश्यक सुधार हेतु उपायुक्त द्वारा उचित दिशा निर्देश दिये गये। जिन योजनाओं में पुर परफॉर्मेंस पाया गया, उन्हें उपायुक्त द्वारा सीख रही लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर उपस्थित जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार को निर्देशित किया गया कि अपने अधीनस्थ सभी शिक्षा पदाधिकारी और कर्मियों का नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज संबंधित प्रतिवेदन का निरीक्षण करने करें और संबंधितों का मासिक परिलब्धि भी दर्ज उपस्थिति के अनुरूप ही करें। आरटीई एक्ट के तहत कार्य करने वाले विद्यालयों की सूची के बारे में भी जानकारी दी गयी, जिसमें पाया गया कि जिला अंतर्गत कल 23 विद्यालय ऐसे हैं, जो आरटीई एक्ट के तहत पंजीकृत हैं। उपायुक्त द्वारा आरटीई एक्ट के तहत अपंजीकृत विद्यालयों को नोटिस भेजने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया गया। इसके अतिरिक्त बैठक में उपायुक्त ने सभी बीपीओ को हाई स्कूल में 18 वर्ष के वैसे बच्चे जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में नहीं जोड़ा गया है, उनकी जानकारी एकत्र कर अनिवार्य रूप से उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने से संबंधित कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार, डीपीओ, एपीओ, सभी बीईईओ, सभी बीपीओ, एडीएफ, सभी बीपीएम और जेई उपस्थित थे।

# 8 और 9 जनवरी को खुला रहेगा अबुआ आवास का पोर्टल

### योग्य लाभुको का नाम पोर्टल पर जोड़ने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड कार्यालय में 8 और 9 जनवरी को अबुआ आवास योजना अंतर्गत छूटे हुए लाभुको का आवेदन पत्रों की ऑनलाइन प्रविष्टि की जायेगी। बताते चलें कि बहुत सारे योग्य लाभुकों का नाम सूची में किसी कारणवश प्रविष्टि नहीं हो पाया था या कुछ प्रखंड में शिकायत प्राप्त हो रही थी कि सूची में से नाम कट गया है। जिसके आलोक में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्त को पत्र जारी कर 8 जनवरी और 9 जनवरी को छुटे हुए अबुआ आवास के योग्य लाभुको की पोर्टल पर नाम जोड़ने का निर्देश दिया है।

## पार्षद के ज्ञापन पर कल्याण पदाधिकारी की पहल

# पंचायतों में खेल मैदान के लिए वन पट्टा देने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**केतार।** जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू ने केतार अंचल को पत्राचार कर वन अधिनियम 2006 के तहत केतार प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में खेल मैदान निर्माण के लिए वन पट्टा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उक्त आलोक में नियमानुसार ग्राम सभा कराकर ग्राम सभा की कार्यवाही नक्शा, खतियान की प्रति, स्थल जांच प्रतिवेदन और आवश्यक कागजात के साथ दावा पत्र, अभिलेख अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधर नगर को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है की केतार के जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने जिला कल्याण पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर परती- कुशवानी पंचायत के बत्तों कला सूर्य मंदिर के प्रांगण में खेल मैदान के लिए वन पट्टा उपलब्ध कराने सहित केतार पंचायत के केतरी गांव में शीतला धाम के प्रांगण में खेल मैदान, मुकुन्दपुर के सूर्य नारायण वन में खेल मैदान, ताली के अमराहीदह सूर्य मंदिर प्रांगण में खेल मैदान और परसोडीह पंचायत के बुढी खाड़ मंदिर प्रांगण में खेल मैदान निर्माण के लिए सामुदायिक वन पट्टा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था।

# चिरोंजिया नये कार्यालय परिसर में संचालित होगी ट्रेनिंग: निदेशक

### आरसेटी अपने नये भवन चीरोंजिया में किया गया शिफ्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान चिरोंजिया एनएच 75 पेट्रोल पंप के पास अपने नये भवन में पंद्रह नवंबर को शिफ्ट हो गया है। संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सदर प्रखंड परिसर स्थित कार्यालय में संचालित हो रहा था। संस्था का अपना प्रशासनिक भवन तैयार होने के बाद शिफ्ट हो गया है। आगे से सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम सस्थान के नये परिसर में होगी, उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग में भाग लेने वाले लोग इच्छुक लोग नये कार्यालय मे संपर्क कर सकते है।



निदेशक इंदु भूषण लाल

# रोमांचक मुकाबले में बीएसकेडी सात रन से जीता

### 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में खेले जा रहे 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को बीएसकेडी पब्लिक स्कूल ने रोमांचक मुकाबले में आर के पब्लिक स्कूल को सात रनों से हराया।

गोविंद हाई स्कूल के मैदान में बीएसकेडी पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ओवर में निर्धारित ओवरों में पीयूष और सत्यम का 18-18 रनों के सहयोग से नौ विकेट खोकर 90 रन बनाए। आरके पब्लिक स्कूल की ओर से शौर्य ने तीन विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलेने उतरी आरके पब्लिक स्कूल ने निर्धारित ओवर में शौर्य के 30 रनों के पारी की मदद से आठ विकेट खोकर 83 रन ही बना सकी। बीएसकेडी की ओर से पीयूष ने दो विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीएसकेडी पब्लिक स्कूल के पीयूष को बीजेपी नेता सह खिलाड़ी अनंत दुबे, डॉ ब्रजेश कुमार पांडेय, नवनीत शुक्ला, सुशील कुमार पांडेय, गौरीशंकर कुमार ने प्रदान किया। इस मौके पर अनंत कुमार दुबे ने कहा कि जीवन में अनुशासन का होना अनिवार्य है और खेल हमें अनुशासन सिखाते हैं। इसलिए हमें खेलों में भाग अवश्य लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से जहां शरीर तंदरुस्त रहता है, वहीं दिमाग में भी ताजगी बनी रहती है। डॉ बृजेश कुमार पांडेय ने कहा की विद्यार्थी के लिए जितना पढ़ाई का महत्व है, उतना ही खेल का भी है। किताबी ज्ञान हमारा मार्गदर्शन करता है तो खेलों से जीवन में अनुशासन आता है। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी अभय कुमार, राजकुमार, रणजीत तिवारी, राकेश तिवारी उर्फ टाइगर, आयुष तिवारी, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, मनीष, धीरज आदि शामिल थे।

# वृद्धाश्रम में बेडशीट और तिलकुट का वितरण



जायंट्स ग्रुप के सदस्य वृद्धा आश्रम में बेडशीट और तिलकुट वितरण करते

**श्री बंशीधर नगर।** जायंट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर के सदस्यों द्वारा शनिवार को वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्ध लोगों के बीच बेडशीट और तिलकुट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जायंट्स अध्यक्ष रंजन कुमार छोटू ने कहा कि जायंट्स ग्रुप द्वारा हमेशा इस तरह का कार्यक्रम किया जाता है। उन्होंने कहा कि वृद्ध लोगों की सहायता करना हम सबों का कर्तव्य है। वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्ध बेडशीट और तिलकुट पाकर खुश थे। मौके पर डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, प्रमोद कुमार, हृदया नंद कमलापुरी, राकेश विश्वकर्मा, अनूप निराला, बिरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, गोपाल जायसवाल, विनोद कुमार, धीरज कुमार, सुजीत कुमार, शुभम सहित अन्य उपस्थित थे।

# जरूरतमंदों के घर-घर जाकर कंबल वितरण




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए सगमा और धुरकी प्रखंड के शारदा, लोलकी, सगमा गांव में असहाय और जरूरतमंदों के घर-घर जाकर कंबल वितरण किया। मौके पर सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि इस बार श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के द्वारा ठंड से निजात दिलाने हेतु जरूरतमंदों और असहायों के बीच चरणबद्ध तरीके से कमल वितरण किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सगमा और धुरकी के लोलकी, शारदा गांव में पूर्व से चयनित लोगों को घर-घर जाकर कंबल दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कपिल देव सिंह, शिव पहरिया, कुंवारी कुवर,मानिक सिंह, लक्ष्मण सिंह, मोरी देवी, सोहनी देवी, भानुमति देवी, तुलसी पहरिया, विद्यावती कुँवर, पकौड़ी प्रसाद, पलटन परहरिया, कुंदन राम, लक्ष्मण राम, मैत्री देवी सहित अन्य लोगों को घर-घर जाकर कंबल दिया गया है। उक्त अवसर पर कटहर गढ़ के मनोज प्रताप देव, श्रीकांत सिन्हा, राजीव सिन्हा, अजय प्रसाद गुप्ता, दुर्गेश सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# आगामी चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी: रितेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रम को लेकर जिला बैठक जिला कार्यालय गढ़वा में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर और वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। बैठक के दौरान विषय प्रवेश कराते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि आगामी चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इसलिए युवाओं को राष्ट्रहित में अपनी भूमिका निभाने की जरूरत है आनेवाले दिनों में 12 जनवरी को युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर जिले भर के सभी मंडल के कई संस्थानों में डीवेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। साथ ही 24 जनवरी को विधानसभा स्तर पर नव मतदाता सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री पवन पासवान ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए तैयार रहें। लोकसभा विधानसभा चुनाव में भाजपा पुर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश तरक्की कर रहा है भारत के प्रधानमंत्री देश ही नहीं बल्कि विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं भारत विश्व गुरु बन चुका है आनेवाले दिनों में भाजयुमो नव मतदाता सम्मेलन सहित अन्य कई कार्यक्रम का आयोजन मंडल से लेकर शक्ति केंद्र स्तर तक किया जायेगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विकास तिवारी और धन्यवाद ज्ञापन मिडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला कार्यालय मंत्री राम उनय तिवारी जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय जिला सोशल मीडिया प्रभारी जयंत पांडेय पन्ना, ललीत सिंह, शैलेश, बलराम सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# झारखंड सरकार अबुआ आवास के नाम पर अपनी पार्टी का प्रचार कर रही: रामलला दुबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांडी** (आजाद सिपाही)। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे ने एक बैठक में बताया कि झारखंड सरकार अबूवा आवास के नाम पर जनता को बहला कर अपनी पार्टी का प्रचार कर रही है। बीते एक महीने से लगातार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कराकर सभी पंचायतों से हजारों आवेदन जमा कराया गया। उसके बाद आवास जांच तथा आम सभा अबुआ आवास के नाम पर समय पैसा दोनो जनता का बर्बाद हो रहा है। इसके अलावा प्रखंड का अन्य कार्य इस वजह बाधित है। यह सरकार भोली भाली जनता का केवल पैसा बर्बाद कर रही है। जनता दरबार के माध्यम से हर वर्ष जनता को लूटा जा रहा है। सरकार सही में जनता को लाभ देना चाहती है, तो पिछले जनता दरबार के आवेदन की समीक्षा करना चाहिए था। सरकार समय पर ग्रीन कार्ड धारियों को राशन नहीं दे पा रही है, छात्राओं को समय पर सावित्री बाई फुले योजना का लाभ नहीं दे पाई। किसानों को सुखाड़ राहत योजना का लाभ, फसल बीमा योजना का लाभ, यहां तक कि जिले के लगभग बीस किसानों के पिछले साल के धान का पैसा बकाया राशि सरकार नहीं दे पायी है। इस सरकार से सभी वर्ग के लोग त्रस्त हैं। मौके पर सीताराम तिवारी, राजेंद्र पांडे भोला, ब्रजेश सहित कई लोग उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

e-Procurement Cell

Very Short e-Procurement Notice(2nd Call)

Tender Reference No:- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 06 /2023-24

Date: - 5-01-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Construction of Boundary wall of Govt. Upgraded Middle School Badwar, Daru, Block-Daru, Dist- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 6295741/- |
| 3. | Time of Completion | 4 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 10-01-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 17-01-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR.NO.315348 Building(23-24):D


# अयोध्या से आये पूजित अक्षत का वितरण शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सगमा।** वर्षों की तपस्या, संघर्ष और प्रतीक्षा के फलस्वरूप अयोध्या धाम में बनने वाले श्री राम मंदिर में आगामी 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम के मूर्त रुप का प्राण प्रतिष्ठा होना सुनिश्चित हुआ है। इस पवित्र क्षण का साक्षी बनने हेतू श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के द्वारा देश के सभी सनातनियों को अच्छत और पत्रक विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में पूरे प्रखंड में अयोध्या से आई पूजित अक्षत का वितरण कार्य शुरू किया गया।

विश्वहिंदू प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश बैठा, ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे भारत में विहिप बजरंग दल के तत्वाधान में शहर से गांव तक लोगों को अयोध्या से आयी हुई पूजित अक्षत और पत्रक को निमंत्रण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को प्रखंड में पूजित अच्छत पूजित अक्षत को वितरण देख जिसे लेकर हिंदू समाज के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी तक प्रखंड के प्रत्येक हिंदू घरों में पूजित अक्षत और पत्रक घरों में निमंत्रण दे दिया जायेगा। ओहि प्रखंड संजोजक श्याम बच्चन यादव सह संजोजक रामजन्म गुप्त ने कहा कि सभी सनातनी भाइयों को पूजित अच्छत और पत्रक देकर अयोध्या दर्शन हेतु निमंत्रण दिया जा रहा है। कहा कि वर्षों की तपस्या, संघर्ष और प्रतीक्षा के बाद 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर में प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है। संयोजक ने कहा कि जो रामभक्त अयोध्या नही जा सकते, वे अपने नजदीकी मंदिरों मे ही 22 जनवरी को पूजा अर्चना और भजन कीर्तन का अयोजन कर सकते हैं। इस पुनीत कार्य में रामानंद प्रजापति, बुल्लू यादव, अजीत कुमार बैठा, रामकेश बैठा, रजिंद्र बैठा,धर्मेंद्र चंद्रवंशी, रामबचन यादव प्रदेशी चंद्रवंशी, मुनि राम, संजय भुइयां, टीमन भुइयां, धर्मन, सूरज, रामाकांत, लाला, अशोक, अखिलेश, प्रभुनाथ, सहित विहित के अन्य सदस्य शामिल थे।


कार्यालय:– असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग

(DMFT, हजारीबाग)

Healthy Jharkhand Happy Jharkhand

योग्य – आयोग्य सूची संबंधित सूचना

DMFT, हजारीबाग के अन्तर्गत विशेषज्ञ चिकित्सक / चिकित्सा पदाधिकारी एवं पारा चिकित्सा कर्मियों के विभिन्न अनुबंध आधारित पदों पर नियुक्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ज्ञापांक– 739 / DHS हजारीबाग दिनांक 03.06.2023 के आलोक में नियुक्ति संबंधित विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। प्राप्त आवेदनों के स्क्रूटनी तथा अन्य प्रक्रिया के उपरांत जिला स्तरीय चयन समिति की दिनांक– 14.12.2023 को सम्पन्न बैठक में लिये गये सर्वसम्मत निर्णय के आलोक में पारा–चिकित्सा कर्मियों (क्र0स0 13 से 27 तक) के योग्य–अयोग्य सूची जिले के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर अपलोड किया गया है।

नोटः– उन मान्य — वैसे कुछ आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनसें संबंधित विज्ञापन का प्रकाशन नही कराया गया था, सभी आवेदनों पर कोई कार्रवाई नही की गई है। इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार नही किया जायेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR 315327 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

## माओवादियों ने पुल निर्माण में लगी मशीनों को आग के हवाले किया, पलामू आइजी पहुंचे घटना स्थल





बारियातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत बालूभांग ग्राम स्थित लेम्सा के समिप लातेहार चतरा सीमा स्थित अमानत नदी पर कश्यप कंट्रक्शन के द्वारा पुल निर्माण में लगे पोपलेन, जेसीबी और मिकचर मशीन को अज्ञात हथियारबंद माओवादियों ने बीते शुक्रवार को आग के हवाले कर दिया था। जिसकी सुचना पाकर शनिवार को पलामू आईजी अजय लकडा, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, चतरा के सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार, बारियातू इंस्पेक्टर शशी रंजन कुमार, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी सभी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच कर घटना की जायज लिया। यह घटना थाना क्षेत्र के बालुभांग ग्राम के लेम्सा स्थित करुमटांड के समिप हुआ। जहां लातेहार चतरा सिमा के मानत नदी पर कश्यप कंटक्शन के द्वारा पुल निर्माण कार्य कराया जा रहा था।

## राशन डीलर एसोसिएशन जिला कमेटी की बैठक हुई



भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। राशन डीलर एसोसिएशन जिला कमेटी की बैठक पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को जिला अध्यक्ष नबुल हसन की अध्यक्षता में की गयी। वक्ताओं ने कहा कि हम सभी भी हड़ताल नहीं चाहते हैं, लेकिन सरकार हमारी परेशानियों के निदान पर ध्यान नहीं देती है। परिणाम है कि हम सभी के समक्ष आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गयी है। कहा कि सरकार की उपेक्षा के कारण स्वजन भरण-पोषण मुश्किल हो गया था। तब हड़ताल पर उतरना पड़ा। कहा कि सरकार नये नियम लागू करके हम सब को परेशान कर रही है। वर्तमान में मिल रहे एक रुपया कमीशन चार महीने से बकाया है। जब तक केंद्र और राज्य सरकार मांगें पूरी नहीं करेगी, अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान राशन वितरण बंद रहेगा। राशन डीलरो की प्रमुख मांगों में सभी विक्रेताओं को 50,000 रु० कमीशन समेत आय की गारंटी दिया जाए सभी दुकानदारों को पांच लाख रू० का बीमा की गारंटी की जाये। अनुकंपा में उम्र सिमा को बाध्यता को नियत किया जाये। बकाया कमिशन 2021-22 का भुगतान सुनिश्चीत की जाये। खाली जुट बोरा जो कोरोना काल में दुकानदारों से लिया गया है उसका मूल्य भुगतान किया जाये। राज्य खाद्यय निगम के गौदाम से शुद्ध तौल के साथ जुट बोरा का वजन छोड़ शुद्ध वजन दिया जाएं। दुकानदारों के प्रति न्यूनतम बरबादी सौटेज 5% दिया जाएं। अन्य मांगे वार्ता के समय रखी जायेगी । इस दौरान उपस्थित डीलरों व एसएचजी से जुड़े सदस्यों ने मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए सरकार से मांगों को पूरा करने की अपील की। इस दौरान डीलर संघ के जिला अध्यक्ष नबूल हसन, सचिव लाल धनंजय नाथ सहदेव, कुलेश्वर साहू, दीपक ठाकुर, बुलु उरांव, लाल राम, राजबाला अग्रवाल, बालेश्वर प्रसाद, शिवनरायन , जयंती देवी आदि आदि उपस्थित थे।

## मंडल सड़क निर्माण के आंदोलन को लेकर बैठक आज

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड की महत्वपूर्ण सड़क बरवाडीह मंडल मार्ग के निर्माण नहीं होने से केंद्र और राज्य सरकार के प्रति ग्रामीणों का आकोष बढ़ता जा रहा हैं, जहां मोरवाई पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा वोट बहिष्कार की घोषणा के बाद आज रविवार को मोरवाई बस स्टेड में बैठक आयोजित कर सड़क की मांग को लेकर आंदोलन करने को लेकर रूप रेखा तैयार करेंगे। जहां इस बैठक में पंचायत के सभी गांव से ग्रामीणों को शामिल होने की अपील की गयी है।

## राजद युवा जिला अध्यक्ष की मनमानी के खिलाफ जिला के प्रखंड अध्यक्षों ने खोला मोर्चा



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जनता दल के लातेहार युवा जिला अध्यक्ष दिलेश्वर यादव की कार्यप्रणाली और मनमाने रवैया से आक्रोशित जिले के सभी युवा प्रखंड अध्यक्षों ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को जिले के पांच युवा प्रखंड अध्यक्षों ने राजधानी रांची स्थित प्रदेश कार्यालय पहुंच कर दिलेश्वर यादव को पद से हटाने की मांग को लेकर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजन प्रसाद यादव को मांगपत्र सौंपा है। मांगपत्र में युवा अध्यक्षों ने बताया है कि जिला अध्यक्ष दिलेश्वर यादव सिर्फ कागजों में पार्टी चलाते है, धरातल पर आज तक उन्होंने किसी प्रखंड में बैठक नहीं किया है। दिलेश्वर यादव ने मनमाने तरीके से जब चाहा कागजों में किसी को पद दे दिया और जन मन किया कागजों पर ही हटा दिया। लातेहार के सभी प्रखंड अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं में उनके इस रवैये के प्रति खासा आक्रोश है। प्रखण्ड अध्यक्षों ने संगठन हित को देखते हुए जिला अध्यक्ष पर उचित कारवाई करने की मांग की है। इसे लेकर प्रदेश अध्यक्ष रंजन प्रसाद यादव ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि लातेहार जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के युवा अध्यक्ष, युवा जिला प्रभारी क्षितिज मिश्रा के नेतृत्व में काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि दो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव (बालूमाथ) और मोहित कुमार (बरवाडीह) जो दिलेश्वर यादव द्वारा पद मुक्त किए गए थे। वह अपने पद में बने रहेंगे एवं युवा जिला अध्यक्ष जिला में युवा प्रखण्ड अध्यक्षों को कोई दिशा निर्देश नहीं देंगे और उनके कार्यक्रमों में कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे। उधर पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने युवा राजद प्रखण्ड अध्यक्षों के द्वारा लिए गये इस फैसले का समर्थन किया है। मांगपत्र देने वालों में बरवाडीह राजद के युवा प्रखंड अध्यक्ष मोहित कुमार के साथ-साथ दीपक यादव बालूमाथ, रूपेश यादव मनिका, विनय यादव चंदवा, महेंद्र यादव हेरहंज, अर्जुन उरांव बरियातू, शंकर यादव महुआडांड और विश्वनाथ उरांव हेरहंज राजद मैन कमेटी के अध्यक्ष समेत अन्य का नाम शामिल है।

## दीपक यादव अपने पद पर बने रहेंगे: रंजन यादव

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। रांची युवा राष्ट्रीय जनता दल के युवा नेता प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति कर उन्होंने बताया कि लातेहार जिला अंतर्गत सभी युवा प्रखंड अध्यक्ष युवा जिला प्रभारी क्षितिज मिश्रा के नेतृत्व में कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि लातेहार जिला अंतर्गत दो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव( बालुमाथ), मोहित कुमार (बरवाडीह)जो युवा जिला अध्यक्ष द्वारा पद मुक्त किये गये थे, अभी वे अपने पद में बने रहेंगे। युवा जिलाअध्यक्ष जिला में युवा प्रखंड अध्यक्षों को कोई दिशा निर्देश नहीं देंगें! और इनके कार्यक्रमों में कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे।

# नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करें : डीआइजी

### डीआइजी रेंज ने किया सीआरपीएफ 158 बटालियन का वार्षिक निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** स्थानीय रघुटोली स्थित सीआरपीएफ 158वीं बटालियन का वार्षिक निरीक्षण दिनांक 04 से 05 जनवरी 2024 तक पुलिस उपमहानिरीक्षक, रेंज नयी दिल्ली किशोर प्रसाद द्वारा किया गया। इस दौरान डीआइजी, रेंज नयी दिल्ली द्वारा बटालियन मुख्यालय में दिनांक 04 जनवरी को ऑफिस रिकॉडौं को चैक किया गया तथा बैरकों का पूरा भ्रमण किया गया। तत्पश्चात रात्रि में डीआईजी, रेंज नई दिल्ली ने बड़ा खाना में सभी जवानों के साथ रात्रि भोजन किया। निरीक्षण के क्रम में दिनांक 05/01/2024 को डीआईजी ने केकरांग और पेशरार स्थित बटालियन की कंपनियों का भी दौरा किया तथा वहां सभी जवानों से जाकर मिले और जवानों की शारीरिक क्षमता तथा फायरिंग की क्षमता का भी परीक्षण किया। जवानों द्वारा किये गये प्रदर्शन का डीआईजी, रेंज नयी दिल्ली द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी। 158 बटालियन मुख्यालय में उपमहानिरीक्षक महोदय ने सैनिक सम्मेलन को संबोधित किया जिसमें बटालियन के किये हुए ऑपरेशंस डबल बुल तथा ऑपरेशन कोरगो जिसमें बड़ी संख्या में नक्सलियों को पकड़ा गया तथा भारी तादाद में हथियार गोला बारूद भी बरामद होने की तारीफ की। जिसकी वजह से लोहरदगा में शांति व्यवस्था स्थापित करने तथा नक्सलवाद की घटनाओं में काफी हद तक कमी लाने में मदद मिली। उन्होंने आगे भी इस तरीके के सफल ऑपरेशंस को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया ताकि क्षेत्र से नक्सलवाद जड़ से समाप्त हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने 158 बटालियन द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम, साफ-सफाई अभियान, 15वीं ट्राइबल यूथ आदान प्रदान प्रोग्राम सिविक एक्शन प्रोग्राम इत्यादि में युनिट के कार्य की प्रशंसा की, उन्होंने 158 बटालियन सीआरपीएफ तथा स्थानीय पुलिस एवं जिला प्रशासन के अच्छे समन्वय की भी काफी प्रशंसा की जिससे कि पूरे क्षेत्र में विकास कार्य भी काफी तेजी से चल रहे हैं और लोहरदगा जिला प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। अंत में उन्होंने 158 बटालियन के सभी अधिकारियों की तारीफ करते हुए इसी प्रकार आगे भी कार्य करने की बात कही।

# बालूमाथ में राजद कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बालूमाथ।** बालूमाथ स्थित होटल लोटसहील में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, लातेहार जिला राजद प्रभारी रामनाथ चंद्रवशी, राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, राजद युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, कमलेश यादव युवा राजद के प्रदेश प्रभारी लातेहार जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष दिलेश्वर यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक यादव राजद अध्यक्ष प्रितलाल यादव उपाध्यक्ष हरिहर यादव जिला सचिव वीरेंद्र यादव मनोज यादव राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, लातेहार जिला राजद वरिष्ठ नेता अजीत सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव रामचंद्र चंद्रवंशी भावी राजद प्रत्याशी सुरेश राम को माला पहनाकर व अंग वस्त्र और बुके देकर मंच मे स्वागत सम्मानित किया गया। वहीं भोला सिंह, मुरपा पंचायत के मुखिया अजय टान भगत, मुरपा पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी सतेंद्र यादव, तुलसी राम, जहूर खान सहित 51 नये कार्यकारणी सदस्यों को राजद में शामिल होने का प्रमाण पत्र तथा माला पहनाकर सम्मानित किया गया। युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि राजद गरीबों की पार्टी है। उन्होंने कहा कि पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद गरीबों के नेता है और अब वे गरीबों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। पलामू जिला राजद के वरिष्ठ नेता सह लातेहार जिला प्रभारी रामनाथ चंद्रवंशी ने केंद्र के नरेन्द्र मोदी सरकार को गरीब विरोधी बताया। कहा कि यह सरकार गरीबों के हक की हकमारी कर रही है। नोटबंदी व जीएसटी लागू कर गरीबों के साथ-साथ व्यवसायियों को भी परेशान किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालूमाथ प्रखंड राजद अध्यक्ष प्रीतलाल यादव कर रहे थे जबकि संचालन लातेहार जिला सचिव विरेन्द्र यादव ने किया। मौके पर बालूमाथ प्रखंड के सभी पंचायतों के सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

### गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों समेत अन्य के साथ गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2024) के दिन आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के संबंध में बैठक की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला मुख्यालय में शहीदों/महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण 8.00 बजे पूर्वाह्न से 8.45 बजे के बीच किया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम लोहरदगा में झंडोतोलन 9.15 बजे पूर्वाह्न किया जायेगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान उसुर्लाइन उच्च विद्यालय लोहरदगा की छात्राओं द्वारा गाया जायेगा। समाहरणालय में झंडोत्तोलन 10.45 बजे पूर्वाह्न उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा किया जायेगा। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय, डीआरडीए पुराना कार्यालय परिसर, जिला परिषद, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में झंडोत्तोलन होगा। सेन्हा प्रखंड अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में झंडोत्तोलन उपायुक्त, लोहरदगा और केंद्रीय विद्यालय बरही में झंडोत्तोलन उप विकास आयुक्त, लोहरदगा द्वारा किया जायेगा। अन्य सभी कार्यालयों में कार्यालय प्रधान अपनी सुविधानुसार झंडोतोलन करेंगे। मुख्य समारोह स्थल बी एस कॉलेज स्थित स्टेडियम लोहरदगा और अन्य प्रमुख स्थानों की सफाई और सजावट की व्यवस्था कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद लोहरदगा द्वारा की जायेगी। बीएस कॉलेज लोहरदगा में मुख्य समारोह के लिए मंच पर लाईट, विशेष माईक, सामियाना, सोफा, कुर्सी, विद्युत व्यवस्था, जेनरेटर, वीडियोग्राफी आदि की समुचित व्यवस्था हिंडाल्को, लोहरदगा द्वारा की जायेगी। मुख्य समारोह में एंबुलेंस तथा चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति सिविल सर्जन के द्वारा की जायेगी। 26 जनवरी को 6:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक भारी वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। संपूर्ण कार्यक्रम के वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त, लोहरदगा रहेंगे। इस बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जय ज्योति सामंता, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार समेत सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस अधिकारी, सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/शिक्षक और अन्य उपस्थित थे।

**समारोह में कुल आठ झांकी निकाली जायेगी :** मुख्य समारोह में कुल आठ झांकियां निकाली जायेगी, जो समाज कल्याण, स्वास्थ्य, पेयजल और स्वच्छता, कृषि, परिवहन, शिक्षा विभाग के अलावा स्काउट और गाईड और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज द्वारा निकाली जायेगी। झांकी से संबंधित अनुश्रवण का दायित्व नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा को दिया गया।

# बरगलाने की राजनीति कर रही है भाजपा: बंधु तिर्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोहरदगा।** कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शनिवार को लोहरदगा के होटल केतकी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जनजाति सुरक्षा मंच और आरएसएस पर आदिवासी समाज को कमजोर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विगत विगत 24 दिसंबर को जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा डीलिस्टिंग रैली असंवैधानिक, भाजपा और आरएसएस द्वारा प्रायोजित थी। उन्होंने कहा कि आगामी 4 फरवरी को आदिवासी एकता महारैली कर इसका जवाब दिया जाएगा। श्री तिर्की ने कहा कि पूरे प्रदेश में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। इस पर कहीं न कहीं भाजपा समर्थित संगठनों ने मौन धारण किया हुआ है। डीलिस्टिंग की मांग करनेवालों को यह भी बताना चाहिए कि राजधानी रांची के कई इलाकों में डेमोग्राफी क्यों बदल रही है। इस पर डीलिस्टिंग को लेकर आयोजित रैली में कोई चर्चा क्यों नहीं हुई। दावा किया कि डीलिस्टिंग की मांग करने वालों में वैसे लोग अधिक हैं, जिनकी विचारधारा जमीन लूटने वालों से मिलती-जुलती है। उन्होंने कहा कि 4 फरवरी 2024 को होने वाली आदिवासी एकता महारैली कांग्रेस के बैनर तले नहीं बल्कि झारखंड जनाधिकार मंच के बैनर तले आयोजित की जायेगी। पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कहा कि विगत 24 दिसंबर को मोरहाबादी में जनजाति सुरक्षा मंच के बैनर तले की गयी। डिलिस्टिंग महारैली को हम और सभी जनजाति समाज असंवैधानिक मानते हैं।

इस महारैली में आदिवासियों के जन मुद्दा, सरना धर्म कोड, तीन लाख से अधिक आदिवासी आरक्षित पदों के बैकलॉग, जनजातीय समाज के जमीन संबंधी मामले, पांचवी अनुसूची, फॉरेस्ट राइट जैसे मामलों पर डिलिस्टिंग रैली में एक शब्द भी नहीं बोला गया। सिर्फ सनातनी आदिवासी, धर्म परिवर्तन, ईसाई और मुस्लिम बने आदिवासियों को आरक्षण का लाभ लेने से वंचित कर देने के लिए जनजातीय लिस्ट से बाहर कर देने की मांग कर आदिवासी समाज के बीच जहर घोलने की बात हुई, जिसका पूरा जनजाति समाज विरोध करता है। कहा कि 24 दिसंबर 2023 की डिलिस्टिंग महारैली जहां जनजातीय समाज को कमजोर करने के लिए थी, उस महारैली में न सरना धर्म की बात हुई और न ही आदिवासियों के हक और अधिकार की। सिर्फ भाजपा और आरएसएस के इशारे पर जनजातीय सुरक्षा मंच के माध्यम से समाज को कमजोर करने की कोशिश की गयी।

बंधु तिर्की ने कहा कि 4 फरवरी की महारैली, आदिवासी समाज के जन मुद्दों को लेकर होगी। प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश डेलीगेट नेसार अहमद, युथ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी, जिला बीस सूत्री सदस्य संगीता उरांव, कुडू प्रखंड उपाध्यक्ष मुनीम अंसारी, सेन्हा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी, युवा जिला सचिव सुहैल अख्तर आदि मौजूद रहे।

## हड़ताल को लेकर एक दिवसीय धरना दिया



कैरो (आजाद सिपाही)। प्रखंड परिसर में शनिवार को फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन झारखंड प्रदेश के निर्देश पर अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना प्रदर्शन के माध्यम से जनवितरण प्रणाली संघ के प्रखंड अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कि आठ जनवरी को लोहरदगा ब्लॉक से समाहरणालय तक रैली में सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को शामिल होना हैं और अपनी मांगों से सरकार को अवगत कराना है। मौके पर मनिंद्र शाह, नसीर आलम, सुरेंद्र साहू, ब्रजकिशोर साहू, रामकेश्वर, पंकजू, सोमा उरांव, सोमनाथ महली, चंपा महिला मंडल, संजो, मनोरमा देवी, सरना महिला मंडल, चेतन महिला मंडल, ज्योति महिला मंडल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग के द्वारा किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ सरकार के द्वारा चलायी जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देने को लेकर चलाये जा रहे बिरसा किसान रथ को शनिवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर से पंचायत स्तर पर प्रचार प्रसार करने को लेकर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रमोद कुमार, कृषि पदाधिकारी रोशन कुजूर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कृषि पदाधिकारी रोशन कुजूर के द्वारा बताया गया रथ प्रखंड के सभी पंचायत में जाकर किसान मित्र के माध्यम से किसानों को कृषि के नयी तकनीक और सरकार के माध्यम से किसानों के लिए चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी रथ में लगे एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दी जायेगी। इस दौरान मौके पर पंचायत सचिव सुजीत कुमार, बनवारी सिंह समेत कई किसान मित्र मौजूद थे।

## एसएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया रांची जैव विविधता उद्यान का शैक्षिक परिभ्रमण



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के एस एस पब्लिक स्कूल में नामांकित कक्षा 6 से 10वीं के बच्चों को शैक्षिक परिभ्रमण के लिए रांची स्थित जैव विविधता उद्यान में ले जाया गया। जहां पर बच्चों ने तरह-तरह के जलीय पौधे, बंबू की विभिन्न प्रजातियां, गुलाब के विभिन्न फूलों और अनेकों प्रकार के पौधों को देखा और अपने आप को आनंदित महसूस किया। इस बीच बच्चों ने एक-एक पौधों को बारीकी से देखा और उसे अपने कैमरे में कैद कर उसको अपने अध्ययन सामग्री में जोड़ने का काम किया। इस दौरान शिक्षिका सरिता, अमिता एक्का, निक्की वर्मा, सादिया प्रवीण, शिक्षक मुकेश पांडेय, शिक्षिका नेहा नाज, पूजा, राबिया, सिमरन, तुलसी, मोनिका , शिफा, सना और निकिता ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य अमित चतुवेर्दी ने भी बच्चों का पौधों से आत्मीय लगाव देख बड़े ही प्रसन्न हुए।।

## सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत कार्यक्रम का आयोजन



बरवाडीह। सीआरपीएफ की 11वीं बटालियन के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत कमांडेड वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर शनिवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोरवाई कैंप परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम में जहां सहायक कमांडेंट नीरज कुमार सोनकर के साथ पंचायत के मुखिया पूर्व सैनिक आशीष सिंह और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में गांव के महिला पुरुष बुजुर्ग के बीच कंबल और त्रिपाल के वितरण करने के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग, पठन-पाठन की सामग्री समेत खेलकूद की सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम को लेकर सहायक कमांडेंट नीरज कुमार सोनकर बताया की सिविक एक्शन कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों के बीच मधुर संबंध स्थापित करने और उनकी जरूरत को देखते हुए सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा हैं। मौके पर निरीक्षक एन एस पांडे, मुरलीधर मिश्रा, मुन्ना सिंह, वार्ड सदस्य प्रेमा देवी समेत काफी सख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पिकअप ने दो को रौंदा, एक की मौत, दूसरा घायल

भंडरा /लोहरदगा (आजाद सिपाही)। रांची लोहरदगा मुख्य पथ में नंदनी पुल के पास अज्ञात पिकअप ने बाइक सवार दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें कैरो थाना क्षेत्र के गुड़ी गांव निवासी 50 वर्षीय हाजरी उरांव नामक व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि दूसरा गुड़ी गांव निवासी 55 वर्षीय चेरगा उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची भंडरा पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया तो डाक्टरों ने एक को मृत घोषित कर जबकि दूसरे घायल अवस्था में अस्पताल में दाखिल करा दिया। जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। थाना प्रभारी गौतम कुमार का कहना है कि मृतक का अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजन को सौंप दिया। अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अंजुमन इस्लामिया कमेटी का चुनाव आज



कैरो (आजाद सिपाही)। कैरो प्रखंड अंजुमन इस्लामिया कमिटी का चुनाव 7 जनवरी रविवार को न्याटोली, कैरो स्थित मदरसा में चुनाव कमिटी की देख-रेख में सुबह 9 बजे से होगी। आज चुनाव कमिटी के संयोजक अलीरजा अंसारी की अध्यक्षता में मतदान केंद्र के पास बैठक आयोजित कर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव संपन्न कराने को लेकर चुनाव कमिटी ने विस्तृत गाइडलाइंस जारी किये हैं। चुनाव कमिटी के संयोजक अलीरजा अंसारी ने बताया कि मतदाताओं के मतदान केंद्र तक आने-जाने के लिए किसी उम्मीदवार द्वारा कोई राशि व्यय नहीं की जायेगी और न ही इसके लिए कोई व्यवस्था किया जायेगा। चुनाव की प्रक्रिया के दौरान सभी प्रत्याशी एक ही जगह अपनी निर्धारित सीट पर दोस्ताना माहौल बनाकर बैठेंगे। इस दौरान कोई भी प्रत्याशी किसी मतदाता से कोई बात चीत नहीं करेंगे और न ही फोन करेंगे। वोटर मतदान केन्द्र या उसके आसपास मतदान के बाद भीड़ इकट्ठा नहीं करेंगे। वोटों की गिनती के दौरान सभी प्रत्याशी मौजूद रहेंगे। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद जीते हुए प्रयाशी या उनके समर्थकों द्वारा किसी तरह की नारेबाजी, बम-पटाखा फोड़ना, बाजा बजाना या किसी तरह का हंगामा नहीं हो, इसकी जिम्मेदारी संबंधित उम्मीदवार की होगी। मौके पर नाजीर आलम खान, महताब आलम, अतिकुर्रहमान, फरीद खान उपस्थित थे।

# 35 लाख ठगी के आरोपी को जेल

**फाइनेंस कंपनी रांची के नाम से पैसा दुगना करने का लालच देकर कुल 25 लाख एवं अन्य पीड़ितों से कुल 10 लाख ठगी करने के आरोप में कांड अंकित किया गया था।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र के मड़इ कोना निवासी मनोरंजन टोप्पो पिता स्वर्गीय माइकल टोप्पो के आवेदन के आलोक में ठगी को लेकर चैनपुर थाना में कांड दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में इस कांड के प्राथमिक अभियुक्त उज्जवल सेन गुप्ता उम्र 47 वर्ष पिता अजय सेन गुप्ता भवानी कॉलोनी बाजार टांड़ दुर्गा मंदिर थाना टाटीसिलवे जिला रांची को गिरफ्तार किया गया। जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार किया। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एसपी हरविंदर सिंह ने बताया 28 सितंबर 2023 को चैनपुर थाना में अभियुक्त पवन कुमार यादव पिता जग बंधन यादव ग्राम नाथ पुर थाना घाघरा जिला गुमला एवं उज्जवल सेन गुप्ता व अन्य सहयोगियों के विरुद्ध एसएसजे फाइनेंस कंपनी रांची के नाम से पैसा दुगना करने का लालच देकर कुल 25 लाख एवं अन्य पीड़ितों से कुल 10 लाख ठगी करने के आरोप में कांड अंकित किया गया था। इसके बाद पुलिस ने उज्जवल सेन गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अन्य के गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। छापामारी दल में चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक राजेश कुमार, अजय कुमार सिंह,सुजीत कुमार शामिल थे।

# पीने के पानी के लिए तरसते हरणखाड़ के ग्रामीण : मिशन बदलाव

## डाकिया योजनाओं के बाद भी ग्रामीणों को सील पैकेट अनाज उपलब्ध नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर प्रखंड के टोटो पंचायत अंर्तगत ग्राम हरनाखाड़ आज तक पीने का पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। मिशन बदलाव युवाओं की टीम हरनाखाड़ पहुंच कर मूलभूत सुविधाओं से वंचित आदिवासी समूह और मूलवासियों के समूह से मिला और ग्रामीणों के साथ बैठक कर समस्याओं के समाधान के लिए पहल की। मिशन बदलाव के भूषण भगत और अजीम प्रेम जी विश्व विद्यालय के प्रोफेसर सुजीत कुमार ने कहा कि देश मे सामाजिक राजनीतिक आर्थिक बदलाव के लिये सरकार के लगातार प्रयासों के बाद भी धरातल की सच्चाई कुछ और ही नजर आती है। सच्चाई यह है कि देश के सुदूरवर्ती जंगल और पहाड़ों में अवस्थित कई गांव के मुलभूत सुविधा नहीं मिल पा रही है। बच्चों को अब भी सही तरीके से प्राथमिक शिक्षा नहीं मिल पा रही है। गांव में स्कुल का कोई भवन नहीं है और स्कूल आंगनबाड़ी के टूटे फूटे बिलिन्डिंग में चल रहा है। स्कूल में मुस्किल से 16 बच्चे नामांकित है और वो पढ़ाई कर रहे है। एक भी प्रधानमंत्री आवास इनके परिवारों को नहीं मिला है। पीने के पानी के लिये भी कठिनाई स्थिति का सामना करना पड़ता है और ग्रामीण तीन किलोमीटर दूर पानी के जाते है और सरकार के द्वारा पेयजलापूर्ति के लिये जो व्यस्था किया गया है सभी जर्जर बन चुकी है और दर्जनों परिवार अब भी ऐसे है कि बिजली की व्यस्था नहीं है और सभी अदिमजनजाति मुस्किल परिस्थितियों में जीवन गुजर बसर कर रहे है। आज ग्रामीणों के साथ दौरा के क्रम में मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातून, नगर सचिब ज्योति वर्मा,नगर सचिब बिनय गोप और ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष बिनोद साहू और ग्रामीण उपस्थित थे।

# ट्रेलर की टक्कर से बिजली पोल सड़क पर गिरा, टला बड़ा हादसा, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** सदर अस्पताल गेट के सामने ट्रेलर के टक्कर से बिजली का पोल सड़क पर आधा गिर गया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। वहीं पोल के गिरने से करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बाइक सवार घायल हो गया। उसके हाथ में चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक एक ट्रेलर सदर अस्पताल में गेट से अंदर जा रहा था। तभी वहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। तभी ट्रेलर के पीछे साइड से एक बिजली पोल को टक्कर लग गया। वहीं ट्रेलर के अंदर घुसने के बाद पोल सड़क पर गिरने लगा। वही करंज थाना क्षेत्र के राजू चिक बड़ाइक अपनी पत्नी का अल्ट्रासाउंड करा कर गोकुल नगर स्थित एडवांस अस्पताल से लौट रहा था। पोल उसके बाइक के हैंडल में ही जा गिरा। जिससे उसके हाथ में चोट लगी और पोल आधा झूल गया और उसके बाइक में ही अटक गया। जिससे बड़ी घटना टल गयी। क्योंकि ट्रेलर के अंदर घुसने के क्रम में वहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। वहीं घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची और टेलर को जप्त कर लिया। इसके बाद बाइक सवार गुमला थाना पहुंचा और मामले की शिकायत की।

वहीं घायल का सदर अस्पताल में उपचार किया गया।


# हाथी ने फसल को रौंदा



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कोनकेल गांव में बीती रात जंगली हाथी ने गांव के चार किसानो के खेत में लगे आलू एवं अन्य सब्जियां की फसल को रौंद कर पूरी तरह से नष्ट कर दिया घटना के संबंध में पिड़ित किसान पीटर खलखो, अलबुनिस लकड़ा, जस्टीन लकड़ा, सुशील खलखो ने जानकारी देते हुए बताया कि रात 3 बजे के करीब पांच जंगली हाथी हमारे बारी में पंहुच कर बारी में लगे आलू की फसल को नष्ट करने लगा फिर उसके बाद बगल के खेतों में जाकर सब्जियां को नष्ट करने लगा जिसके बाद गांव के अन्य किसानों के फसल को भी नष्ट करने लगा जिसके बाद सभी गांव के लोग मिलकर हाथियों को काफी मशक्कत के बाद खदेड़ने में सफल रहे इधर हाथियों के आने की सूचना चैनपुर वन विभाग को दी गई लेकिन इस दिशा में अभी तक वन विभाग के द्वारा कोई भी पहल नहीं की गयी है इधर सभी पीड़ित किसानों ने वन विभाग से उचित मुआवजे की मांग की है।

# देवाकी डैम में डूबने से युवती की मौत



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवाकी डैम में डूबने से लगभग 29 वर्षीय युवती की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार युवती की मां महामनी देवी ने बताया कि उसकी पुत्री जबाईन कुमारी शनिवार को लगभग 9 बजे गांव के की डैम में नहाने जाने की बात कह कर गयी। काफी देर हो जाने के बाद जब वह लौट कर नहीं आई तो उसकी मां डैम के पास जाकर देखी तो डैम के किनारे जीवन का कपड़ा पड़ा मिला पानी में उतर कर देखा गया तो जबाइन का शव भी डैम से बरामद हुई। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गयी थाना से एसआइ निर्मल महतो घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस पूरे मामले में मृतिका की मां ने थाना में यूडी केश दर्ज करायी है।

# मोहन गोप का शव कुएं से बरामद किया



**सिसइ (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लुल्हवा गांव निवासी मोहन गोप (42) का शव शनिवार को कुएं से बरामद किया गया। मृतक बीते मंगलवार की रात से लापता था, मोहन के लापता होने को लेकर उसके बड़े भाई लक्ष्मी नारायण यादव ने बुधवार को सिसई थाना में सन्हा दर्ज कराया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात नव वर्ष को लेकर गांव में डीजे बाजा में नाच गान हो रहा था, नाच गान में मोहन गोप भी शामिल था। नाच गान बंद होने के बाद सभी अपने अपने घर चलें गए, किंतु मोहन रात भर घर नही पहुंचा। परिजनों द्वारा सुबह काफी खोजबीन करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे गांव के ही अमरजीत साहु के घर के समीप के कुएं में मृतक के शव को तैरता देख ग्रामीणों ने परिजनों व पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। आशंका जताई जा रही है की नव वर्ष के कारण मृतक शराब का सेवन किए हुए था, नशे की हालत और रात के अंधेरे के कारण कुआं में गिरने से उसकी मृत्यु हो गई होगी। घटना को लेकर थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है।

# दिल के मरीज की भाजपा ने की मदद चिकित्सा सहयोग की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला में भर्ती मरीज ललिता कुमारी पिता भीखा खड़िया की हालत काफी गंभीर हो गयी है। मालूम हो कि ललिता कुमारी रायडीह प्रखंड के सिलम पंचायत अंतर्गत ग्राम लुदाम कोठाटोली की रहने वाली है। ये काफी लंबे समय से हार्ट बीमारी से जूझ रही है। इनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है फिर भी अपने स्तर से इधर उधर काफी इलाज कराए पर बीमारी ठीक नहीं हुई । परिजन अब इलाज कराने में सक्षम नहीं हैं। मरीज सदर अस्पताल गुमला में भर्ती है उसको सांस लेने में दिक्कत हो रही है और पेट भी फूल गया है। शरीर में सूजन है तथा पेसाब करने में भी दिक्कत हो रही है। इस संबंध में मरीज के परिजन ने भाजपा अनूसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक को इसकी सूचना दी। खुसमन तत्काल सदर अस्पताल पहुंच कर मरीज एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया और आयुष्मान कार्ड बनवाने में मदद की। खुशमन नायक ने जिला प्रशासन एवं सरकार से मरीज को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# ट्रेन हादसे में डुमरी के मजदूर बिनोद की तमिलनाडू में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डुमरी प्रखंड के कंडरवानी गांव के मजदूर बिनोद गोप की ट्रेन हादसे में हुई मौत के बाद सारा गांव गमगीन है। बताया जा रहा है कि मजदूर अपने सहयोगियों के साथ मजदुरी करने केरल जा रहा था। बीते 2 जनवरी को घर से अपने छः सहयोगियों के साथ निकला था। सभी एक साथ ट्रेन में सवार होकर जा रहे थे। इसी बीच 5 जनवरी को मजदूर युवक बिनोद गोप प्लेट फार्म डेनिशपेटटै जंक्सन( ई- रोड-) तमिलनाडु के पास ट्रेन के दरवाजे पर खड़ा था। उसी दौरान ट्रेन पटरी चेंज कर रही थी। झटका पढ़ने पर मजदूर का संतुलन बिगड़ गया और ट्रेन से गिर गया और मौके पर उसकी मौत हो गई। पूरे घटनाक्रम की जानकारी परिजनों को फोन पर मृतक मजदूर के साथियों ने भाई जगदीश गोप को दी। जिसके बाद तत्काल सुचना मिलते ही पुरे मामले को लेकर मृतक मजदूर के बड़े भाई जगदीश गोप ने मजदूर संघ सीएफटीयूआइ कार्यालय गुमला आ कर लिखित आवेदन दे कर अपने मृतक भाई बिनोद गोप उम्र लगभग 22 का मृतक मजदूर का शव मगंवाने की गुहार लगाई। प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने पुरे घटनाक्रम की जानकारी गुमला श्रम अधिक्षक व गुमला उपायुक्त गुमला को दी। और शव मंगवाने में सहयोग की अपील की है।

# तपकरा पंचायत में ट्रांसफार्मर लगाया गया



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत तपकरा पंचायत के देवगांव में शनिवार को नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। मालूम हो कि विगत दिनों से यहां का ट्रांसफार्मर खराब था, जिसके मद्देनजर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता के प्रयास से बाद गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इसका उद्घाटन फादर असिस्टेंट विनोद मिंज ने फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित थे पंचायत अध्यक्ष राजेश एक्का, प्रदीप बडाइक, विनीत एक्का, संतोष एक्का, संदीप एक्का, वरबास एक्का, राजेश बड़ाइक, देवनीश तिर्की आदि।

# भैंस चराने के क्रम में सांप काटने से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**पालकोट।** प्रखंड अंतर्गत झिखिरमा पंचायत के डीपा टोली के विकेश उरांव उम्र 8 वर्ष पिता सतन उरांव 2 जनवरी 2024 भैंस चराने के लिए जंगल के तरफ निकला था लेकिन भैंस खो जाने के कारण वह घर नहीं लौटा था इस संबंध में थाना प्रभारी अनिल लिंडा ने बताया कि शनिवार को उसी का शव सोमिल जंगल के पास मिला मुंह एवं नाक से सफेद रंग का झाग निकल रहा था एवं आंख में भी सफेद झाग जैसा दिख रहा था एवं बाएं पैर के घूटना के नीचे सांप काटने जैसा निशान था। पुलिस द्वारा इस संबंध में जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# संचालन समिति की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** महात्मा गांधी पुस्तकालय घाघरा में शनिवार को संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता के अलावे कई लोग मौजूद रहे। बैठक में पुस्तकालय में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक जोड़ने पर चर्चा की गयी। साथ ही ज्ञान दान पर जोर देने का आग्रह भी लोगों से किया गया। उन्होंने सभी मुखिया व संचालन समिति के लोगों से आग्रह किया है कि पुस्तकालय के प्रति अपने-अपने क्षेत्र में बच्चों को प्रेरित करें ताकि अधिक से अधिक बच्चे पुस्तकालय में आ कर पढ़ाई कर सके। बैठक में बीडियो दिनेश कुमार, प्रमुख सविता देवी, संचालन समिति के अध्यक्ष अगस्टिन महेश कुजूर, सचिव अनिरुद्ध चौबे, कोषाध्यक्ष विजय साहू, राजेश बड़ाइक, चांदनी उरांव, फुलमनी देवी, विनीता कुमारी, यशमुनि कुमारी, अंगनी उरांव, लोदो एक्का, फिरंगी उरांव मौजूद थे।

# खड़े ट्रक को ट्रेलर ने पीछे से मारी टक्कर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित झारखंड डीपा मोड में खड़े ट्रक को ट्रेलर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना में ट्रेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गया। हालांकि घटना में चालक व उप चालक दोनों सुरक्षित हैं। दोनों को मामूली चोट लगी है। घटना शुक्रवार की रात लगभग 9 से 10 बजे की बीच बताई जा रही है। घटना की जानकारी के बाद गुमला थाना की पुलिस रात में ही घटनास्थल पहुंची। बताया जाता है कि ट्रक खराब था और सड़क के एक साइड में खड़ा था तभी पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। वही चालक द्वारा बताया गया कि मौसम खराब के कारण कुहासा था जिससे सामने खड़ी गाड़ी का पता नहीं चला और टक्कर हो गई। वहीं घटना की जानकारी वृंदा पंचायत के मुखिया को दी गई। शनिवार की सुबह वृंदा पंचायत के मुखिया पति बसंत कुमार लोहरा घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। बताया कि ट्रेलर गुमला की ओर से पालकोट की ओर जा रहा था तभी सड़क किनारे खराब पड़े ट्रक को ट्रेलर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया हालांकि घटना में चालक व उपचालक को मामूली चोट लगी वहीं पुलिस आगे कार्रवाई कर रही है।

# अंजुमन इस्लामिया गुमला ने भेजी ख्वाजा के आस्ताने पर चादर ख्वाजा गरीब नवाज की निस्बत की चादर का कराया भ्रमण



**गुमला।** अंजुमन इस्लामिया गुमला ने ख्वाजा की निस्बत की चादर अजमेर शरीफ भेजी। चादर भेजने से पूर्व चादर शरीफ के साथ लोगों ने शहर भ्रमण किया। चादर का यह जुलूस थाना रोड स्थित जामा मस्जिद के समीप से अंजुमन इस्लामिया गुमला की अगुवाई में चादर शरीफ गुमला शहर के विभिन्न मोहल्ले में निकाला गया इस मौके पर हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी समुदाय के लोगों ने श्रद्धा पूर्वक अजमेर शरीफ की चादर को अपनी आंखों से लगाया। श्रध्दा पूर्वक प्यार से चुमते हुए अपने और अपने मुल्क ,राज्य, व शहर के लिए दुआएं भी मांगीं। अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी ने कहा कि गुमला बहुत ही सौहार्द पूर्ण शहर है। जहां हम सभी हिंदू मुस्लिम सिख आदिवासी ईसाई समाज के लोग गुलदस्ता की तरह रहते हैं। आज हमारे हिंदू भाइयों और आदिवासी भाइयों ने श्रद्धा पूर्वक अजमेर शरीफ के चादर को आंखों से लगाकर अपनी श्रद्धा पेश की है। इससे गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा मिलेगा। सचिव मकसूद आलम ने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज केवल मुसलमानों का आस्था केन्द्र नहीं। वह एक ऐसा दरबार है जहां सभी धर्म समुदाय के लोगो के लिए बराबर का स्थान है। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना ऐनाम रब्बानी ने कहा कि हमारे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी संजरी रहमतुल्लाह अलैह हिंदुस्तान के शहंशाह हैं। इन से अकीदत रखने वाले भारत ही नहीं विश्व में बिखरे पड़े है। हम सब को उनके द्वारा किए गए मोहब्बत और भाइचारा को मजबूत करने की आवश्यकता है। चादर को घूमने की अगवाइ करने वालों में अफसर आलम, खुर्शीद आलम उर्फ पप्पू , मोहम्मद राजू, मोहम्मद लड्डन, सरवर आलम, शहजाद अनवर, नसीम खलीफा, मोहम्मद इलियास, मोहम्मद मेराज, समीम खान, मोहम्मद मुमताज ,नसीम खान, मोहम्मद कौसर साहित काफी लोगों के नाम शामिल हैं।

# झारखंड नवनिर्माण दल का केंद्रीय कन्वेंशन आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल का केंद्रीय कन्वेंशन सह वनभोज कार्यक्रम 7 जनवरी को गुमला जिला के आंजनधाम में आयोजित होगा। केंद्रीय कन्वेंशन के जरिए नयी केंद्रीय समिति का गठन किया जायेगा। वहीं 2024 में होने वाली लोकसभा व झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए 2024 के लिए भावी रणनीति भी बनाई जायेगी। कन्वेंशन में राज्य के सभी प्रमंडल से केंद्रीय समिति में शामिल सदस्यों से भाग लेने की अपील की गई है।

कन्वेंशन में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे। यह जानकारी जेएनडी के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने दी।

# वनभोज में तैयार की जायेगी नगर निकाय चुनाव में सामाजिक सहभागिता की रणनीति

गुमला (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन जिला गुमला 07 जनवरी को मांझा-टोली स्थित पुराने शंख घाट में वनभोज करेंगे। इस प्रस्तावित वनभोज (पिकनिक) में जिला कार्यसमिति की बैठक भी संपन्न होगी। इस वनभोज में प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी एवं जिला से सभी स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस वनभोज सह कार्यसमिति बैठक में प्रस्तावित सामुहिक विवाह पर गंभीर मंथन के साथ-साथ आगामी होने वाली गुमला नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर के सभी 22 वार्डों में सामाजिक स्तर पर गंभीर रणनीतिक विमर्श कर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के दोनों पदों के लिए भावी रणनीति पर विचार किया जायेगा।

### एक दुकान पर खरीदारी करने के दौरान बाइक चोर ने दिया घटना को अंजाम

# महिला को चकमा देकर 50 हजार रुपये ले उड़े चोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के मुरमूसी गांव निवासी महिला जैबुन बीवी (35) ने एसबीआई ब्रांच से शनिवार की दोपहर एक बजे 50 हजार रुपये की निकासी की थी। वह पैदल ही अपने घर जा रही थी। तभी लेस्लीगंज पुराना बाजार में सिंगार का समान लेने के लिए बिनोद लाल के स्टोर में रुकी। वहीं, मिक्सर ग्राइंडर एवं खाने का समान सहित झोला में रखे 50 हजार रुपये से भरे बैग को दुकान के काउंटर के नीचे रख दिया और अन्य समान लेने लगी। तभी बाइक सवार व्यक्ति उस दुकान में कुछ समान लेने के बहाने पहुंचा और महिला का थैला लेकर वहां से फरार हो गया। घटना लेस्लीगंज थाना क्षेत्र से 200 मीटर की दूरी पर घटित हुई। बतातें चलें कि प्रखंड मुख्यालय में इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित महिला द्वारा थाना में चोरी के मामले का आवेदन दिया गया है। इस मामले में थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि उक्त महिला का आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस सभी बिंदुओं की जांच कर रही है।



लेस्लीगंज थाना में शिकायत दर्ज करवाने पहुंची पीड़ित महिला।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### फरार अभियुक्त के घर देवरी पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल के देवरी ओपी क्षेत्र के कुसुवा गांव में फरार अभियुक्त नीतीश कुमार मेहता के घर स्थानीय दो गवाहों की मौजूदगी में पुलिस ने शनिवार को इश्तेहार चिपकाया। इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने बताया कि नीतीश कुमार मेहता के खिलाफ देवरी ओपी में केस नंबर 99/23के तहत पोस्को एक्ट समेत आइपीसी की धारा के तहत कई मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा है। पलामु न्यायालय द्वारा उसे 5 फरवरी को अदालत में हाजिर होने को लेकर इश्तेहार चिपकाने का आदेश निर्गत किया गया है।

### गरीब-असहाय की सेवा सबसे बड़ा पुण्य : चंदन सिंह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भीषण ठंड से सभी लोग पूरी तरह परेशान है। सबसे बुरा हाल गरीबों का है। इस विषम परिस्थिति में हुसैनाबाद प्रखंड के बडेपुर पंचायत के बुधुआ गांव निवासी युवा समाजसेवी चंदन कुमार सिंह ने ठंड को देखते हुए दर्जनों वृद्ध व असहाय लोगों के बीच 100 कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि इस साल अन्य वर्ष की अपेक्षा कुछ ज्यादा ही सर्दी पड़ रही है। जिससे गरीबों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए समाज के सभी लोगों को इनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब-असहायों पर सबकी दया नहीं होती, बल्कि भगवान की जिस पर कृपा होती है वही इस तरह के पुण्य का कार्य करते है। उन्होंने कहा कि गरीब असहाय की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। मौके पर सुधीर सिंह, शिव प्रसाद सिंह, प्रवीण ठाकुर, बिट्टू विश्वकर्मा, सतेंद्र चंद्रवंशी, अभय ठाकुर, वीरेंद्र पासवान आदि मौजूद थे।

### 8 को मनेगा शहीद शेख भिखारी का शहादत दिवस

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** माटी कला बोर्ड के प्रमंडलीय कार्यालय में शनिवार को प्रेस वार्ता कर अविनाश देव ने बताया कि शेख भीखारी ने अपना जीवन देश के लिए न्योछावर कर दिया। सभी समाज को सही मार्ग प्रशस्त करने में इन्होनें अपनी महत्ती भूमिका निभाई थी। हम सभी को उनके विचारों, क्रियाकलापों को अपनें जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने पलामू प्रमंडल के समस्त लोगों को इस शहादत दिवस समारोह में आमंत्रित किया है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय मोमिन कांफ्रेंस डॉ सुलेमान अंसारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष मुस्तकीम अंसारी, नूरुद्दीन अंसारी और हाफिज बेलाल मुस्तकिम अंसारी, खलील अंसारी,अब्दुल हक अंसारी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** प्रखंड पंचायत चौरा और राजहारा में शनिवार को केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। राजहरा पंचायत भवन परिसर में कार्यक्रम की शुरूआत विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी, लाल सूरज, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि निर्मल मेहता, नोडल पदाधिकारी बीपीआरओ विनय कुमार शर्मा, जेएसएलपीएस बीपीएम शिव कुमार उपाध्याय, राजहारा मुखिया आशा देवी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार तिवारी एवं संचालन विनय कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम को लेकर महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। पूर्व प्रत्याशी अमित कुमार तिवारी ने बताया की आज मोदी जी की गारंटी वाली सरकार 10 वर्ष पूरे करने जा रही है। मोदी सरकार के पूर्व और आज विकास के मामले में आसमान जमीन का फर्क है। जहां पूर्व में बैंक में खाता खुलवाना बहुत बड़ी बात होती थी। आज हरेक व्यक्ति के पास जनधन खाता है। विधायक प्रतिनिधि निर्मल मेहता ने कहा कि जिस प्रकार मोदी जी ने गरीबों का हक अधिकार लोगों के घर तक पहुंचाया। पूर्व की सरकार में जरूरतमंद व्यक्ति तक लाभ पहुंचते पहुंचते आधी हो जाती थी। कार्यक्रम में सीएचसी लेस्लीगंज की मेडिकल टीम ने कई मरीजों को मौके पर इलाज भी किया। मौके पर मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश दुबे, भाजयुमो अध्यक्ष चंदन सोनी, कमलेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। गौरतलब हो कि चौरा एवं राजहरा पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रखंड में 29 दिसंबर 2023 से चलने वाला संकल्प यात्रा हर दिन दो पंचायत में किया गया।

## मानदेय बढ़ोत्तरी को लेकर सहायक अध्यापकों ने बीइइओ को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** आंकलन उत्तीर्ण प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की ओर से सफल 185 सहायक अध्यापक-अध्यापिकाओं के मानदेय में 10 फीसदी बढ़ोतरी के साथ भुगतान करने के लिए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम, जयराम मेहता बीपीएम, विनय सिंह बीआरपी, रंजन कुमार सिंह लेखापाल, शनि कुमार दास डाटा ऑपरेटर, अभय कुमार सिंह एमडीएम ऑपरेटर को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा गया। इसमें अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, उपाध्यक्ष रामप्रवेश राम, सचिव वैद्यनाथ पासवान, अनिल कुमार, विंध्याचल सिंह सह सचिव, अविनाश सिन्हा कोषाध्यक्ष, रजनीश कुमार सह कोषाध्यक्ष, सुनील पाठक, अनिल कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, संतोष पासवान, पप्पू पासवान, वीरेंद्र पाल, रमेश राम, दिलीप भगत, विनय शर्मा, कृष्ण कुमार राम, कामता राम, संजय कुमार सिंह, मनोज कुमार, हरिशंकर पासवान आदि शामिल थे।



बीइइओ को ज्ञापन सौंपते सहायक अध्यापक।

## अस्थायी समस्या का स्थायी हल है योगा: अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता





**मेदिनीनगर।** साल 1993 में पांच जनवरी को ही पतंजलि योग पीठ की आधारशिला उत्तराखंड की धरती पर रखी गयी थी। हरिद्वार से योगगुरु बाबा रामदेव दुनिया भर में योग का आगाज किये, जिसका नतीजा है 21 जून विश्व योगा दिवस के रूप में पूरा विश्व मना रहा है। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार 28 वर्षों में कितने उतार चढ़ाव को देखा और आज बुलंदी के शिखर पर है। जब रसायनिक दवाओं का अविष्कार नहीं हुआ था तब चरक सुश्रुत वांगभट पतंजलि सरीखे प्राचीन ऋषियों ने वनस्पति के समिश्रित प्रयोग जिसे हम सभी आयुर्वेद के नाम से जानते हैं धड़ से अलग अंग को जोड़ कर करिश्माई परिणाम देते थे। बदहवास जिंदगी, गलत जीवनशैली और मिलावटी खाद्य सामग्री के उपभोग से आदमी रोग का ब्याधी बन गया है। कोई ऐसा अस्पताल नहीं है जहां मरीज से जगह खाली हो। उक्त बातें पतंजलि योगपीठ के स्थापना दिवस समारोह में योगा शिक्षक राजीव शरण जी ने कही। स्थापना दिवस समारोह संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में मनायी गयी। जिसमें संत मरियम विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर पतंजलि योगपीठ पलामू इकाई की महिला पदाधिकारियों ने पट्टा एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि हमारी कोशीश है कि खानपान, जीवन शैली में सुधार कर बच्चों को निरोग रखूं और शिक्षा के साथ दीक्षा देकर राष्ट्रनिर्माण में लगाऊं और अभिभावकों की उम्मीदों पर खरा उतारूं। योग ही इंसान को निरोग रख सकता है क्योंकि अस्थाई समस्या का स्थाई हल योगा है। इस मौके पर नवल तुलस्यान, सुरेश उदयपुरी, अमर गुप्ता, जनार्दन प्रसाद, अनुप्रिया पांडेय, आशा अग्रवाल, शिला वर्मा, शशि अग्रवाल और ममता आदि उपस्थित थीं।

## पीवीटीजी कार्यक्रम के तहत लेदवाखांड़ में शिविर आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतबरवा/पलामू।** भारत सरकार के जनजातिय कार्यक्रम मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम जनमन योजना के तहत शनिवार को सतबरवा प्रखंड अंतर्गत पोंची पंचायत के लेदवाखांड़ में एकदिवसीय शिविर लगाया गया। जिसमें पोंची मुखिया गिरवर राम, एमओ अरविंद कुमार, बीएओ धर्मेंद्र जी, बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, हल्का कर्मचारी जमुना पांडा मुख्य रूप से उपस्थित थे। आदिवासी समाज के कल्याण के लिए चलाए जा रहे पीवीटीजी कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, केसीसी लोन, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन, भूमि सुधार, जेएसएलपीएस समेत कई स्टॉल लगा कर आदिवासी समाज और परहिया लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया।

## सीओ ने मुसहर टोला पहुंच कर जाना उनका हाल, वितरित किया कंबल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज अंचल अधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी यामुन रविदास ने शनिवार की सुबह नप पंचायत क्षेत्र के पिपरघाट अंतर्गत मुसहर टोला में बच्चे, बूढ़े, महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया। कार्यपालक पदाधिकारी के प्रभार ग्रहण करने के एक दिन बाद यामुन रविदास ने सबसे पहले मुसहर टोला पहुंचकर उनका हाल जाना और परिजनों से बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सरकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बताया कि सभी बहुत ही गरीब परिवार से हैं। जिनको राशन नहीं मिलता है, उनका राशन मुहैया कराया जाएगा। वहीं ठंड को देखते हुए मुसहर परिवार के सभी घरों में कंबल दिया और अलाव की भी व्यवस्था करने की बात कही। विदित हो कि इससे पहले शुक्रवार की रात में शहर के न्यू बस स्टैंड, पुरानी बस स्टैंड, दुर्गा मंदिर मोड़ के पास गरीबों के बीच कंबल बांटा गया था। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई के साथ सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास किया जाएगा। मौके पर सीटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, अजमल हुसैन, सामुदायिक संघठनकर्ता विचित्रा कुमारी, एलटीसी संजय राणा आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



घरेलू विमेंस वनडे ट्राफी में श्वेता सहरावत ने 242 रन की रिकार्ड पारी खेली। उन्होंने 150 बॉल में 31 चौके और सात छक्के लगाए। इस पारी के दम पर दिल्ली ने 50 ओवर में 455 रन बना दिया। जवाब में नगालैंड की पूरी टीम 55 रन पर आउट हो गई।

### घरेलू वीमेंस वनडे में श्वेता सहरवात का दोहरा शतक, 400 रन से मैच जीता

# दिल्ली ने 50 ओवर में 455 रन बनाये, नगालैंड 55 पर ऑलआउट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** घरेलू सीनियर वीमेंस वनडे ट्रॉफी में श्वेता सहरवात ने 242 रन की पारी खेली। उन्होंने 150 बॉल की पारी में 31 चौके और 7 छक्के लगाये। इस पारी के दम पर दिल्ली ने 50 ओवर में 455 रन बना दिये। टीम ने नगालैंड को 55 रन पर ऑलआउट कर 400 रन से मैच भी जीत लिया। श्वेता पिछले साल इंडिया विमेंस अंडर-19 टीम की उप कप्तान थीं। वे अंडर-19 वर्ल्ड कप में टॉप रन स्कोरर भी रही थीं।

### प्रतिका रावल के साथ 233 रन की पार्टनरशिप

झारखंड के मेकोन सेल स्टेडियम में दिल्ली विमेंस टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम ने 21 रन पर प्रिया पूनिया का विकेट गंवा दिया। यहां से श्वेता ने प्रतिका रावल के साथ 233 रन की पार्टनरशिप की। प्रतिका 101 रन बनाकर आउट हुईं। प्रतिका के बाद श्वेता ने तनिषा सिंह के साथ 178 रन की पार्टनरशिप की। तनिषा ने 38 बॉल पर 67 रन बनाए। 50वें ओवर में श्वेता भी 150 बॉल पर 242 रन बनाकर आउट हो गईं। उन्होंने अपनी पारी में 31 चौके और 7 सिक्स लगाए। टीम ने 50 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 455 रन का स्कोर खड़ा कर दिया।

### नगालैंड ने 9 बॉलर्स का इस्तेमाल किया

नगालैंड से 9 प्लेयर्स ने बॉलिंग की और महज 3 ने अपने 10 ओवर का स्पेल पूरा किया। 5 बॉलर्स ने 10 रन प्रति ओवर से ज्यादा के हिसाब से रन लुटाए। जबकि विसुम्वी बासुमतरी सबसे सफल रहीं, उन्हें 10 ओवर में 3 विकेट मिले। हालांकि उनके खिलाफ 91 रन भी बने। 456 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी नगालैंड विमेंस की टीम 25 ओवर भी बैटिंग नहीं कर सकी। टीम 24.4 ओवर में 55 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। उसकी तरफ से रोहिनी माने ही 10 रन बना सकीं, बाकी 10 बैटर्स 8 रन का स्कोर भी नहीं छू सकीं। दिल्ली से पारुणिका सिसोदिया, हरेंद्र मधु और प्रिया मिश्रा ने 3-3 विकेट लिए। सोनी को भी सफलता मिली।

### 26 जनवरी तक चलेगा टूर्नामेंट

सीनियर विमेंस वनडे टूर्नामेंट महिला क्रिकेटर्स का घरेलू लिस्ट-ए टूर्नामेंट है। इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 41 टीमें हिस्सा लेती हैं। टूर्नामेंट इसी साल 4 जनवरी से शुरू हुआ जो 26 तक चलेगा। नॉकआउट मुकाबले 20 जनवरी से शुरू होंगे। 24 को सेमीफाइनल और 26 को वडोदरा में फाइनल खेला जाएगा।

## राज्य स्तरीय वालीबॉल टूर्नामेंट आज से, तैयारी पूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 23वीं राज्य स्तरीय वालीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार से होने जा रहा है। इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। इस संबंध में स्थानीय जिला स्कूल के प्रांगण में आयोजन समिति की समीक्षात्मक बैठक शनिवार को संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील सहाय ने किया। बैठक में आयोजन समिति के सचिव दुर्गा प्रसाद जौहरी ने बताया कि सभी जिलों से खिलाड़ियों का आना प्रारंभ हो गया है। उनके ठहरने की उचित व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की गई है। बताया गया कि प्रदेश के 22 जिला से पुरुष की वालीबॉल टीम पहुंच गई है। वहीं 16 जिला से महिला वालीबॉल टीम का आगमन हो गया है। कहा गया कि रविवार को खिलाड़ियों द्वारा शहर में मार्च पास्ट निकाला जाएगा। उनकी सुरक्षा के लिए पूरी व्यवस्था की गई है।खिलाड़ियों के ठहराव के लिए गिरिवर उच्च विद्यालय केजी स्कूल व रैन बसेरा में व्यवस्था की गई है। लगभग 600 खिलाड़ियों का यहां आगमन होगा। बैठक में ललन सिन्हा, अविनाश देव, नवीन तिवारी, उदय शुक्ला, सुधीर दूबे, अजय तिवारी, वीएम पाण्डेय, लाल बाबू, टिवंकल गुप्ता, मनोहर लाली, सतीश तिवारी, संजय राज, मनीष भिवानिया, रंजीत चंद्रवंशी, सनत चटर्जी, प्रदीप अकेला, हरिशंकर सिंह, अजीत सिन्हा, सुधीर सौंडिक, रुपा सिंह, रुबी सिंह, मंजू गुप्ता, ज्योति अग्रवाल, किरण अग्रवाल, महेश तिवारी, विपिन कुमार सिन्हा, प्रेमशंकर गुप्ता आदि मौजूद थे।

# गोल टैलेंट में सफल विद्यार्थी हुए सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गोल टैलेंट लगभग 14 वर्षों से सर्च एग्जाम का आयोजन कर रही हैं। झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, वेस्ट बंगाल और उड़ीसा से लगभग 40 हजार विद्यार्थियों ने प्री एग्जाम में हिस्सा लिया। जिसमें 8430 छात्र चयनित हुए। अंतिम रूप से चयनित छात्रों को धनबाद के टाउन हॉल में रैंक के आधार पर सम्मानित किया गया। उक्त सेमिनार में उपस्थित सैकड़ो छात्रों के साथ अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भी उत्साह दिखाई। गोल संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक विपिन सिंह ने बताया कि जीटीएसई क्लास छठी से 12वीं तक के छात्राओं के लिए लगातार 14 वर्षों से वरदान साबित हो रही है। इसका मकसद भी यही है कि बच्चों को शुरूआती यानी छठी क्लास से ही प्रतियोगिता परीक्षा मे जागरूक होकर उसकी सोच को विकसित करना एवं असफलता के डर को खत्म करना है। संस्था के निदेशक रंजय के अनुसार उक्त परीक्षा में आयोजित गोल अपने सामाजिक दायित्व को समझते हुए समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण उत्थान एवं सार्वजनिक विकास में अपनी जवाबदेही निभाते आ रही है। इसके सकारात्मक प्रभाव भी दिख रहे है। निदेशक संजय आनंद ने सफल छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो भी प्राइस और सम्मान दिया जा रहा है। वह इस सेमिनार में आपके भविष्य के मार्गदर्शन के लिए मिल रहा है। यह अमूल्य विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से सफल होने का जो गुण रहस्य से आपको अवगत कराया गया है। अगर छात्र इसे आत्मासात कर लें तो दुनिया की कोई भी ताकत उन्हें सफल होने से नहीं रोक सकती। उन्होंने अभिभावकगण एवं शिक्षकों से भी अपील की कि नई शिक्षा नीति के साथ, शिक्षा में हुए सारे बदलावों के साथ छात्रों को सामंजस बैठने में सहयोग करें। हमें उम्मीद है कि आज आपको सपनों के पंख को एक नई रंग, उमंग और आत्मविश्वास मिला होगा। 26 वर्षों से गोल संस्थान से लगभग 17000 छात्रों ने सफलता हासिल कर देश के लगभग हर एक मेडिकल कॉलेज में अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज की है। रिसर्च एंड डेवलपमेंट हेड आनंद ने बताया कि हमारा लक्ष्य छात्रों के अंदर उसकी रूची लक्ष्य का बीजारोपण कर उन्हें पोषित करना एवं किसी भी तरह के दुष्प्रभाव, भटकाओं से बचाते हुए सफलता के लिए प्रेरित करना है। जो छात्र मेडिकल या इंजीनियर में कैरियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए गोल एक प्रमाणित प्लेटफार्म में जहां 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जाती है। समारोह के सफल संचालन में दीपक कुमार, भारती सिन्हा, पूजा कुमारी, अरुण, सुनील, उमेश कुमार, वसीम, दिलीप, रानी आदि ने अहम भूमिका निभाई। विदित हो कि जॉन से चयनित सफल छात्रों को गोल संस्थान की ओर से टैब, रिस्ट वॉच, बैग, मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत छात्रों में मिस्का बांका, श्वेता कुमारी, संस्कार सिंह, लूटन सेन, संस्कार सिंह, कृष्ण गोयल, काव्या आर्य, सहर्ष भूषण, त्रिहान सिंह,अरनव, शेखर, रामप्रवेश, राजकुमार, नायरा मोईन,रोशन कुमार ,आर्या, दिव्यांशु, कायनात आरसी, सुदाम, सुनीता, हिमांशु, गुलशन, सुनील, हर्षिता, तान्या, देवराज, सागर, वेदनाथ, सुभाष, आयुष, कुश, लव, राजश्री, हेमंत, अनुष्का, आदित्य, कृष्णा ,प्रवीण, करण, तनुश्री, अमन, दीपक, अशोक, रियासत रिया, प्रियम, श्रीयंसा, पियूष, लक्ष्य आदि शामिल हैं।

## रेलवे सुरक्षा विशेष बल की टीम ने जीता वॉलीबाल टूर्नामेंट



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रेलवे स्टेडियम में वॉलीबाल टूर्नामेंट 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें रेलवे सुरक्षा विशेष बल की टीम ने पर्सनल विभाग की टीम को हराकर फाइनल मुकाबला जीतने के साथ ही विजेता कप अपने नाम किया। अपर मंडल रेल प्रबंधक की ओर से रेलवे सुरक्षा विशेष बल की टीम को विजेता कप व पर्सनल विभाग की टीम को रनर-अप कप दिया।

## कार्रवाई : विद्यालय में हुई चोरी की घटना का बोकारो थर्मल पुलिस ने किया उद्भेदन

# चोरी के सामान के साथ तीन आरोपित गिरफ्तार

**चोरी के सामान भी बरामद, आरोपितों को भेजा गया जेल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो थर्मल/बेरमो।** बोकारो थर्मल पुलिस ने आरमो उत्क्रमिक उच्च विद्यालय में घटित चोरी की घटना का उद्भेदन करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी हुई पाइप, समरसेबल मोटर पंप आदि भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान आरमो के लुकुबाद निवासी किशोर भोक्ता, आरमो गांव के ही उदय गंजू और जीतन मुर्मू के रूप में हुई है।



पुलिस की गिरफ्त में चोरी के तीन आरोपित।

इसकी जानकारी बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रूपेंद्र कुमार राणा ने दी। वे शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विद्यालय के प्राचार्या मिनसाद अली ने तीन जनवरी को लिखित शिकायत कर विद्यालय से 9 पीस पाइप, एक समरसेबल मोटर पंप और बिजली के तार चोरी होने की जानकारी दी थी। जिसके अधार पर थाना में काण्ड संख्या 2/2024 के तहत चोरी से संबंधित मामला दर्ज किया गया था। बताया कि शुक्रवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर आरमो में छापामारी की गई, जिसमें पुलिस ने चोरी के सामानों के साथ घटना में संलिप्त किशोर, उदय और जीतन को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को शनिवार को तेनुघाट जेल भेज दिया। इस अभियान में पुअनि विक्रांत मुंडा, पुअनि मुस्ताक आलम, सअनि बैजून मरांडी आदि शामिल थे।

## अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बजरंग सेना निकालेगी बाइक जुलूस और भव्य शोभायात्रा



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरी नदी स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में शनिवार को बजरंग सेना के कार्यकर्ताओं ने संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि अयोध्या में श्री रामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कतरास में भी बजरंग सेना की ओर से 18 जनवरी को भट्टमुरना से भगतसिंह चौक होते हुए थाना चौक तक भव्य बाइक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद अयोध्या की ओर कूच करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बजरंग सेना के प्रदेश महामंत्री विवेक हजारी ने बताया कि जिस प्रकार उत्तर प्रदेश में भगवा सरकार हैं। उसी तरह झारखण्ड में भी भाजपा की सरकार बनेगी। आगामी चुनाव में हिंदू विरोधी सरकार को उखाड़ फेंका जाएगा। मौके पर मुखिया अमलेश सिंह, रितिक सिंह, राजन गुप्ता, राजा कुमार, धर्मबीर दूबे, रवि चौधरी, अमन सिन्हा, वीरू यादव, रोहित राजदे, बाल्मीकि यादव, रविंद्र यादव और स्वदेश यादव आदि मौजूद थे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**
**e-Procurement Cell**

**Very Short e-Procurement Notice(2nd Call)**

**Tender Reference No:- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 05 /2023-24 Date: - 5-01-2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Construction of Boundary wall at UPG Middle School Bes , Block- Katkamdag , Dist- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 5216289/- |
| 3. | Time of Completion | 3 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 10-01-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 17-01-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

***Further details and subsequent amendments can be seen on website***
http://jharkhandtenders.gov.in

**Nodal Officer, e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division,** Hazaribag

PR 315346
Building(23-24)D

## विकास को लेकर डीसी-डीडीसी की तरह सभी विभाग के अधिकारियों को होना होगा गंभीर: पशुपतिनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** सांसद पशुपतिनाथ सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। जिसमें आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण जलापूर्ति योजना, निरसा गोविंदपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना (उत्तर एवं दक्षिण), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान सहित अन्य बिंदुओं एवं उसके अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद ने कहा कि नव वर्ष में जिले के नए डीसी के साथ नई उम्मीद से दिशा की बैठक हुई है। जिले के विकास के लिए डीसी और डीडीसी जितनी रुचि ले रहे हैं और गंभीर है, उतना ही गंभीर अन्य विभाग के पदाधिकारियों को भी बनना पड़ेगा। सांसद ने कहा कि जिले के लोगों को अच्छी सड़क, सुगम यातायात, स्वच्छ पानी व पर्यावरण, निर्बाध बिजली आपूर्ति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा और विधि व्यवस्था अच्छी चाहिए। दिशा की बैठक का उद्देश्य भी यही है। जिले में प्रदूषण को रोकने के लिए बिना तिरपाल ढंके और बिना टायरों को धोकर कोलियरी से कोयला लेकर निकलने वाले भारी वाहनों की धर-पड़क कर जुर्माना करें। बिना तिरपाल ढंके कोयले का परिवहन होने से गोधर, धनसार, राजापुर सहित अन्य स्थानों में बड़े पैमाने पर वायु प्रदूषण हो रहा है। सुगम यातायात व्यवस्था एवं सड़कों पर वाहनों का दबाव कम करने के लिए सांसद ने बिजली एवं टेलीफोन के अनुपयोगी पोल को हटाने का सुझाव दिया। साथ ही बिजली विभाग को जर्जर तार दुरुस्त करने, बिजली बिल में हो रही गड़बड़ी और बिजली आपूर्ति में आने वाली बाधा को दूर कर निर्बाध बिजली देने का निर्देश दिया। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रोटेशन वाइज चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने और उसकी सूची माननीय जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। बैठक में तोपचांची कस्तुरबा आवासीय विद्यालय के इंचार्ज के स्थानांतरण पर चर्चा हुई। इस पर डीसी ने कहा कि इंचार्ज पर विभागीय कार्रवाई करें और उन्हें बच्चियों के स्कूल में नहीं भेजें। बैठक में धनबाद नगर निगम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण में कुछ लाभुकों को अधिक राशि मिलने की चर्चा की गई। जिस पर नगर आयुक्त ने कहा कि एक जांच समिति बनाई गई है। अबतक अधिक भुगतान लेने वाले लोगों से 26 लाख रुपए की रिकवरी कर ली गई है। इस पर डीसी ने अधिक भुगतान लेकर राशि नहीं लौटने वालों के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस करने का निर्देश दिया। बैठक में बीपीएल कोटा के तहत नामांकन नहीं लेने वाले विद्यालयों की भी चर्चा की गई। जिस पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस वर्ष से बीपीएल कोटा में नामांकन की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी तरीके से संपन्न की जाएगी। बैठक में निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने निरसा गोविंदपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना (उत्तर एवं दक्षिण) के पूरा होने में हो रहे विलंब के कारण उत्पन्न परेशानी से अवगत कराया। वहीं, झरिया विधायक के प्रतिनिधि ने झरिया में पाइप लाइन का काम शीघ्र पूरा करने, आउटसोर्सिंग कंपनियों को नदी एवं नाला में ओवर बर्डन गिराने से रोकने, बाघमारा विधायक के प्रतिनिधि ने सभी पेयजल आपूर्ति एजेंसियों की एक संयुक्त बैठक करने, सिंदरी विधायक के प्रतिनिधि ने वार्ड 53 एवं 54 में पानी की समस्या से अवगत कराया। बैठक में महुदा के पास एनएच को जोड़ने वाली सड़क, गोविंदपुर और निरसा में लगने वाले जाम, केंदुआ पुल, मटकुरिया पुल सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, उपाध्यक्ष सरिता देवी आदि मौजूद थे।

## 100 टन अवैध कोलया जब्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)। गोविंदपुर बरवा में बंद पड़े कोयला भट्ठे में पुलिस ने छापेमारी कर लगभग 100 टन अवैध कोयला जब्त किया है। हालांकि इसमें किसी की गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं है। नये एसपी के आने से अभियान में तेजी आयी है। तेतुलमारी क्षेत्र में छापेमारी के दौरान कई हजार टन अवैध कोयला बरामद किया गया है।**

## कार्यालय : जिला परिषद, रामगढ़

**-: आम सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोला प्रखण्ड अन्तर्गत बनतारा मेला, गोला का वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए बंदोबस्ती हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 12.12.2023 एवं 19.12.2023 को किसी आवेदनकर्त्ता द्वारा भाग नहीं लेने के कारण पुनः उक्त बंदोबस्ती दिनांक 10.01.2024 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, रामगढ़ के सभागार में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्राधिकृत बंदोबस्ती चयन समिति द्वारा खुली डाक के माध्यम से की जायेगी।

डाक में भाग लेने हेतु इच्छूक आवेदको को आवश्यक सुरक्षित जमा राशि का ड्राफ्ट मूल रूप में एवं सभी वांछित कागजात सहित आवेदन सीलबंद लिफाफे में दिनांक 10.01.2024 को अपराह्न 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त अवधि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नोट : बंदोबस्ती से संबंधित नियम व शर्तें जिला परिषद, रामगढ़ के सूचना पट्ट एवं जिला के वेबसाईट : www. ramgarh.nic.in में देखी जा सकती है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, रामगढ़।

PR.NO.315294 District(23-24):D

झारखण्ड सरकार

## वन पर्यावरण एवं जल वायु परिवर्तन विभाग

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

**आम नीलामी सूचना**

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत रंका पूर्वी प्रक्षेत्र, कार्यालय कैम्पस में शेश बचे 01 (एक) लौट जहाँ जिस स्थिति में है, के आधार पर आम नीलामी नीचे अंकित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन् से 4:00 बजे अपराहन् तक रंका पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस में निर्धारित की गई है। नीलामी के दिन 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट (वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के पदनाम से गढ़वा स्थित किसी राष्ट्रीकृत बैंक की शाखा में भुगतेय)/नगद गेटमनी के रूप में लाना होगा, जिसे क्रय किये गये लौट के Security Deposit की राशि में समायोजित की जा सकेगी तथा असफल बोली दाता को शीघ्र वापस कर दी जायेगी। लौट का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किया जा सकता है। यदि नीलामी तिथि को किसी कारण वश अवकाश या बन्दी घोषित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले क्रेता का G.S.T. अधिनियम के तहत् निबंधित/पंजीकृत होना आवश्यक होगा। बिक्री मूल्य के अतिरिक्त यथा लागू जी0एस0टी0, आयकर एवं शेषकर भी देय होगा। शर्ते एवं अन्य कोई जानकारी कार्यालय अवधि में प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं नीलामी शर्ते https://garhwa.nic.in एवं Https://forest.jharkhand.gov.in पर भी उपलब्ध है। मोबाईल नं0 –8789831419 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

| क्रम संख्या | लौट स्थल | नीलामी की तिथि | लौट की किस्म |
|---|---|---|---|
| 1. | रंका पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय कैम्पस | 25.01.2024 | 01 लौट, आरामील इंजन |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

PR 315343 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D

## बाघमारा के मुखियाओं का मानदेय बढ़ाने को लेकर लिखी चिट्ठी



**महुदा (आजाद सिपाही)। बाघमारा प्रखंड के मुखियाओं के मानदेय बढ़ाने के संदर्भ में केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के नीति प्रभाग के मंत्री गिरिराज सिंह के आदेश पर भारत सरकार के उप सचिव विजय कुमार ने विगत मंगलवार को झारखण्ड के पंचायती विभाग के मुख्य सचिव को पत्र प्रेषित किया। जिसमें वार्ड सदस्यों को 1000 रुपये प्रति माह और सरपंचों को 5000 रुपया प्रति माह या राज्य सरकार द्वारा जो भी उचित समझा हो राशि दिए जाने की बात कही गई थी। इसी आलोक में विगत दिनों बाघमारा मुखिया संघ की अध्यक्ष रिंकू देवी की अध्यक्षता में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व बाघमारा विधायक दुल्लू महतो की नेतृत्व में मानदेय बढ़ाने को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिरिज सिंह को ज्ञापन सौंपा गया था। उनके निर्देस पर झारखंड सरकार को चिट्ठी प्रेसित की गई है, जिससे मुखियाओं में हर्ष है।**

## स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया 27वां वार्षिकोत्सव

# दलितों और पिछड़ों के बीच शिक्षा की ज्योत जला रहा स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर: डॉ पवन पोद्दार

सुनील भंडारी

**टुंडी (आजाद सिपाही)।** रतनपुर के स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर के 27वें वार्षिकोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इासमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बीबीएमकेयू के प्रभारी कुलपति डॉ पवन कुमार पोद्दार ने कहा कि टुंडी जैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में 1994 में एकल विद्यालयों के जन्मदाता मदनलाल अग्रवाल द्वारा स्वरूप विद्या मंदिर की स्थापना एक महान कार्य था। तब से लेकर आज तक यह विद्यालय बनवासियों, दलितो और पिछड़े वर्गों के बीच शिक्षा की ज्योति जला रहा है। समाज के सबसे पिछले पायदान के बच्चों को शिक्षित कर मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। एकल के राष्ट्रीय प्रमुख ललन शर्मा ने कहा कि एकल अभियान की शुरूआत टुंडी से ही हुई थी, जो आज पूरे विश्व में एक उदाहरण बन गई है। उन्होंने विद्यालय की गतिविधियों को सराहा। विद्या विकास समिति के प्रांतीय सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि यहां संस्कार युक्त शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने प्रांत की ओर से विद्यालय को पूरा सहयोग करने का भरोसा दिया। अतिथियों ने झारक्राफ्ट, विश्वकर्मा उद्योग, हस्तकरघा, सिलाई कक्ष, उद्यान, प्रयोगशाला, पुस्तकालय आदि का मुआयना किया। अध्यक्ष शरत दुदानी ने अतिथियों का स्वागत एवं विद्यालय की गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। सचिव शैलेश अग्रवाल ने कहा कि शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक सभी विद्याओं में विद्यालय बेहतर कर रहा है। खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। विक्रांत उपाध्याय ने अतिथियों का परिचय, सुफल मिश्रा ने संचालन और कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक एवं एकल अभियान के प्रणेता मदनलाल अग्रवाल एवं पूर्व मंत्री सत्यनारायण दुदानी की तस्वीर का अनावरण किया गया। अतिथियों ने विद्यालय की वार्षिक पत्रिका वाटिका का विमोचन किया। इस मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुजूर, मुखिया गरीबन बीवी, लोलिन बास्की, विनोद तुलसियान, शंकर दयाल बुधिया, डीएन सिंह, नंदलाल अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, केके हड़ोदिया, प्रदीप जैन, आशीष अग्रवाल, रामप्रसाद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल , रोशन अग्रवाल, दिलीप पांडेय, नील मोहन मिश्रा, केडीएन आजाद, जयप्रकाश मिश्रा, कमल त्रिवेदी, अशोक गिरि, राजेश जायसवाल, नवल किशोर चौधरी, एसएन लाल त्यागी, वासुदेव गोस्वामी, जितेंद्र सिंह, डॉ आरके शर्मा, सतीश सरिया, जितेश जायसवाल, सुनील मंडल भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू विश्वकर्मा, संतोष पांडेय आदि मौजूद थे।




खेलकूद व अन्य विभाग में पुरस्कृत विद्यार्थी, स्कूल के प्रबंधक और अन्य।

## कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

**सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 07/2023–24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्श 2023–24 में मार्च 2024 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 16.01.2024 को अप0 03.00 बजे से नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय के सभागार में की जायेगी :–

| क्र0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री बंशीधर नगर हाट/ बाजार सैरात की बंदोबस्ती | 840000.00 | 84000.00 |

बोली/डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से बैंक ऑफ इण्डिया, नगर उंटारी में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक की नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, www. garhwa. nic. in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| प्रतिभूति राशि जमा करने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| प्रतिभूति राशि जमा करने का तिथि एवं समय | दिनांक 16.01.2024 (पूर्वा0 11.00 बजे से अप0 02.00 बजे तक) |
| डाक बोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| डाक बोलने का तिथि एवं समय | दिनांक 16.01.2024 (अप0 03.00 बजे से) |

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर

PR 315272 (Urban Development)23-24*D

# पति की मौत की खबर पर पत्नी ने की खुदकुशी, युवक बोला : जिंदा हूं

- गलत जानकारी के दावे पर डॉक्टर बोले : परिवार ने बॉडी पहचानी थी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भुवनेश्वर में हाई-टेक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती एक युवक की मौत के सदमे में उसकी पत्नी ने खुदकुशी कर ली। इसके 4 दिन बाद युवक अपने जिंदा होने का दावा कर रहा है। अब परिवार और अस्पताल प्रबंधन में असमंजस की स्थिति बन गयी है। युवक के घरवालों का आरोप है कि अस्पताल ने उनके बेटे की मौत की गलत जानकारी दी। दूसरी तरफ डॉक्टर कह रहे हैं कि परिवार ने खुद डेड बॉडी की पहचान की थी।

दरअसल, ये पूरा मामला हाई-टेक मेडिकल कॉलेज में 29 दिसंबर 2023 को एसी ब्लास्ट से जुड़ा हुआ है। गैस भरने के दौरान एसी फटने से रिपेयरिंग एजेंसी में काम करने वाले चार लोग घायल हो गये थे। सभी घायल इसी अस्पताल में भर्ती थे। इनमें तीन लोगों की पहचान दिलीप सामंत्रे, ज्योतिरंजन मलिक और सीमांचल के रूप में की गई। 30 दिसंबर को अस्पताल ने दिलीप (34) को मृत घोषित कर दिया। उसका शव पूरी तरह से जल चुका था।

अस्पताल ने 31 दिसंबर को दिलीप के परिवार को शव सौंप दिया गया, जिसने उसका अंतिम संस्कार किया। दिलीप की मौत के सदमे में उसकी पत्नी सोना (24) ने आत्महत्या कर ली।

एसी फटने से घायल हुए और बाद में मृत शख्स का अंतिम संस्कार कर दिया गया, जिस शव को दिलीप का मानकर बॉडी उसके परिवार को दी गयी, वह अब ज्योतिरंजन का बताया जा रहा है। एसी फटने से घायल हुए और बाद में मृत शख्स का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जिस शव को दिलीप का मानकर बॉडी उसके परिवार को दी गयी, वह अब ज्योतिरंजन का बताया जा रहा है।

## होश में आने पर जिंदा होने का दावा

इधर, माना जा रहा था कि आइसीयू में भर्ती शख्स ज्योतिरंजन है, लेकिन 4 जनवरी को जब युवक होश में आया तो उसने खुद को दिलीप बताया। हालांकि ज्योतिरंजन के पिता ने दावा किया कि वह उनका बेटा है। ज्योतिरंजन के पिता पिछले छह दिनों से अस्पताल में अपने बेटे की देखरेख कर रहे थे। हालांकि अब जब युवक खुद को दिलीप बता रहा है, तो ज्योतिरंजन का परिवार इस बात से दुखी है कि उन्हें अपने बेटे का अंतिम संस्कार करने का मौका भी नहीं मिला। ज्योतिरंजन की पत्नी अर्पिता मुखी ने कहा- बुरी तरह जल जाने के कारण मैं अपने पति को नहीं पहचान सकी। मुझे लग रहा था कि वे जिंदा हैं। मुझे मेरा पति वापस चाहिए।

## अस्पताल ने आरोपों को खारिज किया

दूसरी तरफ, अस्पताल प्रबंधन ने अपने ऊपर लगे लापरवाही के आरोपों को खारिज किया है। अस्पताल की सीइओ स्मिता पाढ़ी ने कहा- हमसे गलती नहीं हुई है। सभी घायलों के परिजन और कंपनी के कॉन्ट्रैक्टर ने मरीजों की पहचान की थी। इसके बाद पुलिस ने दिलीप के परिवार को शव सौंपा था।

### महिला का घर देख कर हैरान हुए राज्यपाल

# पक्का घर देने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** महामहिम रघुवर दास राज्य के राज्यपाल बनने के बाद एक से एक सराहनीय कार्य कर रहे हैं। शनिवार को राज्यपाल रघुवर दास केंद्रापड़ा के जझांग गांव में एक महिला स्वयं सहायक समूह के सदस्यों के साथ बैठक से लौट रहे थे, तभी गांव की एक महिला सस्मिता त्रिपाठी ने अचानक राज्यपाल के काफिले को तोड़ कर राज्यपाल की कार आगे आ गये। वहां मौजूद पुलिस और सुरक्षा गार्डों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। फिर वह राज्यपाल की कार के पास पहुंचे और कुछ कहने की कोशिश की, तो राज्यपाल खुद कार से बाहर निकले और महिला की बातें सुनीं।

महिला ने जब शिकायत की कि वह टूटे हुए घर में रह रही है, तो राज्यपाल खुद वहां पहुंचे और महिला का घर देख कर हैरान रह गये। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी को बुलाया और महिला को तुरंत प्रधानमंत्री आवास योजना में पक्के घर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी अमृत ऋतुराज ने भी नाम पूछ कर समस्या को समझने और समाधान करने का वादा किया।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं. 1, ई. निविदा सं. :** पूमरे–मुप्रअ– नि– द–ईटीईएन –62–23–24 एकल पैकेट सिस्टम, **कार्य का नाम :** Dy.CE/C/बरकाकाना के अधीन बरकाकाना–रांची खंड की बी. जी. रेल लाइन में सिधवार (किमी 143.144)–सांकी (किमी 169.854) के बीच खंड में 158.200 से 159.950 के बीच जल जमाव/बाढ़ के खिलाफ कट और कवर संरचना के तहत ट्रैक की सुरक्षा के लिए सुरंग (टी–3) के कट और कवर हिस्से पर नाली, बोल्डर पिचिंग और शॉटक्रेटिंग का कार्य तथा बरकाकाना–राँची के सम्पूर्ण खण्ड का ड्रोन वीडियोग्राफी का कार्य।, **अंकलित मूल्य (रु) :** 9,94,19,035.00, **बोली प्रतिभूति (रु.) :** 6,47,100.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 09 महीने। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय 23.01.24 15.30 बजे, ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेज़ी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि–पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पू.म.रे. महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/02030/कॉन/इंजी./टी/23–24/48

Alpha Institute of Computer Education
FREE FRANCHISE Just call us : 9835502908
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand). Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

# नुआगांव रोड-दसपल्ला रेलखंड का रेल मंत्री ने उद्घाटन किया

### दसपल्ला के लिए ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखायी

- भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को नवनिर्मित नुआगांव रोड - दसपल्ला रेलवे खंड, दसपल्ला रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में दसपल्ला रेलवे स्टेशन का निर्माण और दसपल्ला के लिए यात्री ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखायी। हरी झंडी देखने के बाद चार यात्री ट्रेनों की सेवाएं 18423/18424 भुवनेश्वर-नयागड टाउन-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, 08429/08430 भुवनेश्वर-नुआगांव रोड-भुवनेश्वर पैसेंजर स्पेशल, 08423/08424 पुरी-नुआगांव रोड-पुरी पैसेंजर स्पेशल और 08555/08556 भद्रक-नयागड टाउन-भद्रक मेमू को दसपल्ला तक बढ़ा दिया गया।

दसपल्ला की अपनी यात्रा के दौरान अश्विनी वैष्णव का सानपदर में 300 से अधिक लोगों ने स्वागत किया और पैसेंजर हॉल्ट को मंजूरी देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। लगभग 500 लोगों की एक सभा ने नयागड टाउन और महिपुर स्टेशन पर रेल मंत्री का अभिनंदन किया और लंबे समय से लंबित खुर्दा-बलांगीर रेल लाइन परियोजना के काम में तेजी लाने के लिए कदम उठाने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

अपने दौरे के दौरान श्री वैष्णव ने बताया कि कंधमाल जिले के जिला मुख्यालय फुलबानी को रेलवे मानचित्र में शामिल करने के लिए गोपालपुर-रेढ़ाखोल नयी रेल लाइन की समीक्षा की जायेगी। रेल मंत्री ने आगे कहा कि कंटिलो और खंडपड़ा को खुर्दा-बलांगीर रेल लाइन परियोजना से जोड़ने की व्यवहार्यता का पता लगाया जायेगा।

दसपल्ला का दौरा करने से पहले रेल मंत्री ने भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन का दौरा किया और चल रहे स्टेशन पुनर्निर्माण कार्य की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और इसे निर्धारित समय से पहले पूरा करने का निर्देश दिया।

## एक करोड़ की ब्राउन शुगर के साथ व्यापारी एसटीएफ के शिकंजे में

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में ब्राउन सुगर का कारोबार थम नहीं रहा है। पुलिस को चकमा देकर ब्राउन सुगर का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। एसटीएफ इस संबंध में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर रही है। शनिवार को एक ब्राउन शुगर व्यापारी एसटीएफ हाथ में लगा है। पुरी जिले के निमापड़ा में एक पेट्रोल पंप के सामने से 1 किलो 60 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गयी है । केवल ब्राउन सुगर ही नहीं, एसटीएफ ने निमापड़ा गुलापड़ा के रहने वाला पपलु उर्फ सुजीत महांति नामक एक व्यवसायी को भी गिरफ्तार किया है। जब्त की गयी ब्राउन शुगर की कीमत 1 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। एसटीएफ के आइजी जयनारायण पंकज ने यह जानकारी दी ।

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

आरोग्यं आयुर्वेद
वैद्य वी के पांडेय
आयुर्वेदाचार्य
क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं
गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी , दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का आयुर्वेद से सफल इलाज
समय : सुबहः 07.00–10.00 से दोपहरः 03.00–8.00
फोन नं. 898660318/7352520011
कृप्या फोन से अपना अपावइंटमेंट ले लें।
पताः– टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।

BALAJEE UDYOG
the mark of excellence
Distributors
bathsense asianpaints
ESSESS asianpaints
Racold Reborn Everyday With Hot Water
Glocera
m-seal
ASTRAL PIPES
Mob.- 9534207055 / 9386909008 / 06513554978
PLOT NO. 767 OLD H.B ROAD OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR RANCHI
Email- balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

### प्रोबेशनरी आइपीएस अधिकारियों ने राजभवन का दौरा किया

# पुलिस को जनता के अनुकूल होना चाहिए : रघुवर दास



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने प्रोबेशनरी आइपीएस अधिकारी को प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ काम करने और पुलिस की लोगों के अनुकूल छवि को अगले स्तर तक बढ़ाने की सलाह दी। आइजीपी प्रशिक्षण ओडिशा के एस शाइनी और अतिरिक्त एसपी प्रशिक्षण आर एन सतपथी ने एबी शिल्पा, कश्यप पार्थ जगदीश, माने अजिंक्य बाबूराव, रामेंद्र प्रसाद और सोनाली सिंह परमार सहित प्रोबेशनरी आइपीएस अधिकारियों के साथ शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल रघुवर दास से शिष्टाचार भेंट की।

राज्यपाल रघुवर दास ने प्रोबेशनरी अधिकारियों से कहा कि लोगों की सेवा करना उनका कर्तव्य है और उनसे बिना किसी डर के कर्तव्य निभाने का आग्रह किया। पुलिस की धारणा अक्सर सख्त देखी जाती है, जो साम्राज्यवाद की विरासत है, जिससे हमें अभी भी उबरना है। आप सभी को इस धारणा को बदलने का प्रयास करना होगा। आम लोगों के प्रति कठोर नहीं होना चाहिए, बल्कि नरम रुख अपनाना चाहिए, जो संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करता है। पुलिस को लोगों के अनुकूल होना चाहिए और समुदाय के साथ भावनात्मक संबंध स्थापित करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा और प्रोबेशनरी आइपीएस अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**